हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल



सिर्फ 50 गेंदों में शतक, श्रेयस अय्यर ने 10 छक्के जड़कर बरपाया कहर

Page 10

देश



अम्बेडकर पर अमित शाह के बयान के खिलाफ देश भर में आंदोलन करेगी बसपा...



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • रविवार • 22 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 15 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 77,450 | ₹91,500 |

## आज का इतिहास

- 1939 : अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के सदस्यों ने यूनाइटेड किंगडम के अनुरोध पर द्वितीय विश्व युद्ध में प्रवेश करने के निर्णय पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों के इस्तीफे का जश्न मनाने के लिए एक 'डे ऑफ डिलेवरेंस' मनाया।
- 2011 : देश के जाने-माने न्यूक्लियर फिजिसिस्ट पी.के. अयंगर का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### नौका हादसा , मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 15

**मुंबई (महाराष्ट्र) (ए.)।** गत 18 दिसंबर को मुंबई तट पर पर्यटक नौका-भारतीय नौसेना की नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद लापता सात वर्षीय लड़के का शव शनिवार को मिला और मृतकों की संख्या 15 हो गयी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक लड़के की पहचान गोवा निवासी जोहान पठान के रूप में हुई है, जिसकी मां की इस हादसे में मौत हो गयी थी ।

### औरंगाबाद और रोहतास के सिपाही अभ्यर्थी गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना पुलिस ने फिजिकल टेस्ट के दौरान दो सिपाही अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने स्कॉलर से रिटेन एग्जाम दिलवाया था। बायोमेट्रिक अटेंडेंस मैच नहीं होने पर मामले का खुलासा है। एक औरंगाबाद का रहने वाला है, जबकि दूसरा सासाराम का है। पकड़े गए दोनों अभ्यर्थियों ने रिटेन एग्जाम पास कराने के लिए स्कॉलर से 1-1 लाख रुपए में डील हुई थी। रिटेन एग्जाम में स्कॉलर का बायोमेट्रिक अटेंडेंस बना था। शुक्रवार को जब अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट देने पहुंचे तो अटेंडेंस मैच नहीं हुआ। जिसके बाद सेंटर पर मौजूद अधिकारियों ने सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। गर्दनीबाग थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए अभ्यर्थियों ने बताया कि रिटेन टेस्ट पास कराने के लिए स्कॉलर को अपनी जगह बिठाया था। इसके बदले एक-एक लाख रुपए दिया गया था। पुलिस स्कॉलर के पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है।

### एड्स की रोकथाम के लिए हो रहा है बेहतर काम : मंगल पांडे

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने आज कहा कि देश में प्रधानमंत्री और बिहार में सीएम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में एच.आई.वी/एड्स की रोकथाम के लिए लगातार बेहतर काम किया जा रहा है। श्री पांडे ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले की विजयी टीम ( प्रथम -असम, द्वितीय - कर्नाटक, तृतीय - बिहार एवं चतुर्थ जम्मू - कश्मीर) को पुरस्कार राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में प्रवासी भारतीयों को किया संबोधित, कहा

# दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी भारत

- पीएम का दो दिवसीय कुवैत दौरा है।
- कुवैत में मुझे 'छोटा हिंदुस्तान' दिख रहा है : पीएम नरेन्द्र मोदी



**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत में सामुदायिक कार्यक्रम 'हाला मोदी' को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से मैंने यहां कदम रखा है तब से चारों तरफ एक अलग ही अपनापन, एक अलग ही गर्मजोशी महसूस कर रहा हूं। आप सब भारत के अलग-अलग राज्यों से आए हैं लेकिन आप सभी को देख कर ऐसा लग रहा है जैसे मेरे सामने छोटा हिंदुस्तान उमर आया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए ये पल बहुत खास है। चार दशक से भी ज्यादा समय यानी 43 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री कुवैत आया है। हिंदुस्तान से यहां आने में 4 घंटे लगते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को यहां आने में 4 दशक लग गए।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के उन पहले देशों में से एक है, जिसने कुवैत की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता दी थी। इसलिए जिस देश से, जिस समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं, वहां आना मेरे लिए बहुत यादगार है। मैं कुवैत के लोगों और यहां की सरकार का बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का है, सागर का है और व्यापार-कारोबार का है। भारत और कुवैत, अरब सागर के दो किनारों पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं, बल्कि दिलों ने आपस में जोड़ा है। हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि हमारा अतीत भी हमें जोड़ता है।

पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत को सबसे ज्यादा जरूरत पड़ी, तो कुवैत ने हिंदुस्तान को लिक्विड ऑक्सीजन की सप्लाई दी। हिज हाईनेस द क्राउन प्रिंस ने खुद आगे आकर सबको तेजी से काम करने के लिए प्रेरित किया। मुझे संतोष है कि भारत ने भी कुवैत को वैक्सीन और मेडिकल टीम भेजकर इस संकट से लड़ने का साहस दिया।' उन्होंने कहा कि भारत के स्टार्टअप, फिनटेक से हेल्थकेयर तक, स्मार्ट सिटीज से ग्रीन टेक्नोलॉजी तक कुवैत की हर जरूरत के लिए कटिंग एग्ज सॉल्यूशन बना सकते हैं। भारत का स्किल्ड यूथ, कुवैत की फ्यूचर जर्नी को भी नई स्ट्रेंथ दे सकता है। भारत में आज दुनिया की स्किल कैपिटल बनने का भी सामर्थ्य है। इसलिए भारत, दुनिया की स्किल डिमांड को पूरा करने का सामर्थ्य रखता है। 'हाला मोदी' कार्यक्रम में पीएम ने कहा, 'एक समय था जब दिलीप कुमार ने पहले भारतीय रेस्तरां का उद्घाटन किया था। मुझे पता है कि आप लोग अरेबियन गल्फ कप के शुरू होने और कुवैत का उत्साह बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। मुझे मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह दर्शाता है कि कुवैत का शाही परिवार, भारत का कितना का सम्मान करती है।

### तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का भारत एक नए मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है। आज दुनिया का नंबर वन फिनटेक इकोसिस्टम भारत में है। आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में है। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश है। भविष्य का भारत दुनिया के विकास का हब होगा, दुनिया का ग्रोथ इंजन होगा।

### रामायण-महाभारत का अरबी में किया गया अनुवाद

कुवैत पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामाणय और महाभारत का अरबी में अनुवाद करने वाले अब्दुल्ला बैरन और इन्हें प्रकाशित करने वाले प्रकाशक अब्दुल्लातीफ अलनेसेफ से भी मुलाकात की। प्रकाशक अब्दुल्लातीफ अलनेसेफ ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। पीएम मोदी ने दोनों पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रामायण और महाभारत का अरबी भाषा में अनुवाद करने में दो साल लगे हैं।

जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री ने दी जानकारी

# एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने पर नहीं बनी सहमति, फोर्टिफाइड चावल की दर घटी

**एजेंसी | नई दिल्ली**



जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में फैसलों की जानकारी दी है। वित्त मंत्री ने बताया कि एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने पर कोई सहमति नहीं बनी है। जीएसटी परिषद की शनिवार को हुई 55वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निर्णय की जानकारी दी है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर कर की दर घटाकर पांच प्रतिशत कर दी है।वहीं, जीओएम ने रेट रेशनलिसेशन अभी फाइनल नहीं किया है। इसके अलावा एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए परिषद में चर्चा हुई है। हालांकि, राज्यों के बीच इसे लेकर सहमति नहीं बनी है। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर कर की दर घटाकर पांच प्रतिशत कर दी है। नमक और मसालों के साथ मिक्स रेडी-टू- ईट पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी जीएसटी शामिल है, बशर्ते कि यह पहले से पैक न किया गया हो। प्री-पैकेज्ड और लेबल वाले पॉपकॉर्न पर 12 फीसदी जीएसटी लगेगा, जबकि कैरेमेल पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी टैक्स लगेगा। फिटमेंट कमेटी फूड डिलीवरी ऐप्स पर जीएसटी पर आगे विचार करेगी। अभी इस सिफारिश को टाल दिया गया है। पुरानी ईवी (किसी व्यक्ति द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को बेची जाने वाली) पर 0 प्रतिशत कर लगेगा, लेकिन ईवी, पेट्रोल, डीजल की पुनर्बिक्री करने वाली कंपनी/रजिस्ट्र्ड पुरानी कार विक्रेता को मार्जिन मूल्य पर 18 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। 50 प्रतिशत से अधिक फ्लाई ऐश वाले एसीसी ब्लॉकों पर अब 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि काली मिर्च और किशमिश, जब किसी किसान द्वारा आपूर्ति की जाती है, तो उस पर जीएसटी नहीं लगेगा।

### यूज्ड वाहनों के साथ ईवी पर बढ़ा जीएसटी

यूज्ड कारों पर जीएसटी रेट को 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर दिया गया, लेकिन इसका ये सिर्फ कंपनियों पर पड़ेगा। क्योंकि बिजनेस पर्पज के लिए यूज्ड कारों को खरीदने और बेचने पर ही जीएसटी के रेट्स बढ़ाए गए हैं, जिसमें ईभीएस भी शामिल है। हालांकि अगर कोई आम नागरिक यूज वाहनों को खरीदता-बेचता है तो उसपर जीएसटी रेट 12% ही लगेगा।

### इंश्योरेंस और फूड ऑर्डर नहीं होंगे सस्ते

हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस पर जीएसटी रेट को कम करने या हटाने के फैसले को भी टाल दिया गया है। इसके साथ ही जोमैटो और स्विगी जैसी जगहों से ऑनलाइन फूड ऑर्डर करने पर जीएसटी रेट को कम करने के प्रस्ताव को भी टाल दिया गया है।

# 5000 से अधिक लोगों को आयकर विभाग भेजेगा नोटिस, निबंधन कार्यालय पर लगेगा जुर्माना

**निज संवाददाता | पटना**

आयकर महकमा के स्तर से पटना निबंधन कार्यालय के सर्वे में 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य की जमीन खरीद के साढ़े 5 हजार से अधिक मामलों की जानकारी आयकर को नहीं देने की बात सामने आई है। अब आयकर विभाग इन सभी साढ़े 5 हजार लोगों को नोटिस भेजने की तैयारी में जुट गया है। निबंधन कार्यालय से लाए गए हार्ड डिस्क के पूरे डाटा की अभी जांच जारी है। इसके बाद इस मामले में नोटिस भेजने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है। इसके अलावा इस तरह की जानकारी आयकर के साथ साझा नहीं करने के कारण पटना निबंधन कार्यालय पर डेढ़ से दो लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। फिलहाल जुर्माना से जुड़े सभी पहलु की समीक्षा करने में आयकर महकमा की विशेष इकाई जुटी हुई है।

जिन लोगों ने पिछले तीन से चार वर्षों के दौरान 30 लाख रुपये या इससे अधिक मूल्य की जमीन का निबंधन कराया है, उन्हें मुख्य रूप से यह नोटिस भेजा जाएगा। खासतौर से जिन लोगों के पैन नंबर का उल्लेख निबंधन संबंधित दस्तावेज या निबंधन कार्यालय के पास से बरामद डाटाबेस में नहीं है। इन सभी लोगों से जमीन खरीद के लिए लाए गए पैसे का सही स्रोत पूछा जाएगा। जमीन खरीदने वाले ये लोग आयकर रिटर्न इसके अनुरूप दायर करते हैं या नहीं, इसकी भी जांच होगी। निबंधन कार्यालय के डिजिटल समेत अन्य सभी दस्तावेजों की जांच में यह बात सामने आई कि इस कार्यालय ने जमीन से जुड़े आंकड़ों को अपने सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन दर्ज नहीं किया है। 30 लाख रुपये या इससे अधिक मूल्य की जमीन रजिस्ट्री कराने वालों का पैन नंबर समेत अन्य कोई जानकारी इनके ऑनलाइन डाटाबेस में मौजूद नहीं है। आयकर विभाग इस सर्वे को करने से पहले कई बार पटना निबंधन कार्यालय को इस तरह के आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए पत्र जारी कर चुका था, लेकिन इन पर कोई फर्क नहीं पड़ने के कारण यह कार्रवाई की गई है।

# किसानों को बिजली कनेक्शन देने की रफ्तार धीमी

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में किसानों को बिजली कनेक्शन देने की रफ्तार धीमी है। कंपनी की ओर से तय लक्ष्य का 72 फीसदी कनेक्शन लोगों को नहीं मिल सका है। सरकार ने चार लाख 80 हजार किसानों को कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया है। लेकिन नवम्बर तक मात्र एक लाख 30 हजार किसानों को ही कनेक्शन मिल सका है। ऐसे में अगले दो साल में तय लक्ष्य के अनुसार सभी किसानों को कनेक्शन मिल जाए, इसमें संदेह है। हालांकि कनेक्शन की कम रफ्तार को देखते हुए बीते दिनों एक समीक्षा बैठक कर कंपनी के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी है।

किसानों को तेजी से कनेक्शन देने का निर्देश दिया है। कंपनी अधिकारियों के अनुसार बिहार के चार लाख 79 हजार 698 किसानों को कनेक्शन देना है। एक लाख 65 हजार 881 किसानों को कनेक्शन दिया जाना लंबित है। रिपोर्ट के अनुसार छपरा सर्किल में 41 हजार 874 किसानों को कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें 9344 किसानों को ही कनेक्शन मिल सका है। इसी तरह मोतिहारी सर्किल में 43 हजार 542 में से 11 हजार 462, सहरसा सर्किल में 27 हजार 206 में से 12 हजार 417, पूर्णिया सर्किल में 44 हजार 30 में से 12 हजार 420, मुजफ्फरपुर सर्किल में 28 हजार 295 में से 8523, किशनगंज सर्किल में 27 हजार 733 में से 5543, दरभंगा सर्किल में 26 हजार 559 में से 7301, समस्तीपुर सर्किल में 24 हजार 103 में से 8056 और बेगूसराय सर्किल में 27 हजार 84 में से 1817 किसानों को ही कनेक्शन मिल सका है। दक्षिण बिहार में एक लाख 89 हजार 272 में से 53 हजार 820 तो उत्तर बिहार में दो लाख 90 हजार 426 में से 76 हजार 883 किसानों को ही बिजली कनेक्शन दिया जा सका है।

### 31 दिसंबर तक सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य : पाल

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के ऊर्जा विभाग के सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पंकज कुमार पाल ने मीटरिंग एजेंसियों को निर्देशित किया है कि 31 दिसंबर तक सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य रूप से इंस्टॉल किए जायें। श्री पाल ने आज राजस्व संग्रहण और स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टॉलेशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. निलेश रामचंद्र देवरे, मुख्यालय के वरीय अधिकारी, सभी सर्किल एवं डिवीजन के अधीक्षण और कार्यपालक अभियंता तथा मीटरिंग एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सिलेंडर ब्लास्ट से चार की मौत



दिनेश (35) | गायत्री (30) | इशिका (10) | चिराग (7)

**एजेंसी | देवास (एमपी)**

देवास में शनिवार तड़के एक घर में आग लग गई। दूसरी मंजिल पर सो रहे पति-पत्नी और दो बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नीचे डेयरी में गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने के कारण आग लगी है। पहली मंजिल पर डेयरी प्रोडक्ट्स रखे थे, जिससे आग बेकाबू हो गई। घटना नयापुरा क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ था। करीब तीन फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी दूसरी मंजिल पर सो रहे परिवार के रेस्क्यू में जुट गई, लेकिन ऊपर जाने का रास्ता सकरा होने से टीम रेस्क्यू नहीं कर पाई।

हादसे में दिनेश कारपेंटर (35), उनकी पत्नी गायत्री कारपेंटर (30), बेटी इशिका (10) और बेटे चिराग (7) की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पुनीत गेहलोद मौके पर पहुंचे। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एफएसएल टीम जांच करेगी। एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया, नयापुरा में एक डेयरी संचालक दिनेश कारपेंटर की दुकान की नीचे थी और उनका परिवार ऊपर रहता था। आग लगने के दौरान दिनेश कारपेंटर और उनका परिवार घर में मौजूद था। अभी पुलिस की टीम मौके पर है। फोरेंसिक टीम के साथ मिलकर आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। ऐसी संभावना है कि कुछ इंफ्लेमेबल मटेरिल फर्स्ट फ्लोर पर स्टोर करके रखा गया था, इसकी जांच जारी है।

### सिंगल रास्ता होने से रेस्क्यू में आई दिक्कत

नगर निगम दमकल विभाग के अभिनव चंदेल ने बताया कि सुबह 4:48 बजे नयापुरा क्षेत्र में आर्यन मिल्क कॉर्नर पर एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना मिली थी। मौके पर हमारी तीन फायर बिग्रेड पहुंची। रेस्क्यू कर एक पुरुष, एक महिला और दो बच्चों का शव निकाला। सिंगल रास्ता होने से इसमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# हर प्रखंड में खुलेंगे मॉडल स्कूल : डॉ. एस सिद्धार्थ



**निज संवाददाता | पटना**

सभी प्रखंडों में मॉडल विद्यालय खुलेंगे। इसे उत्कृष्ट बनाया जाएगा ताकि अन्य सरकारी विद्यालय उसका अनुशरण कर खुद को बेहतर बना सकें। हालांकि इनका चयन स्थानीय स्तर पर ही किया जाएगा। यह जानकारी शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने दी। वे शिक्षा की बात हर शनिवार में शिक्षकों और बच्चों के सवालों का जवाब दे रहे थे।डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि मॉडल स्कूल बनाने की शुरुआत जिलों से होगी। पहले वहां के एक विद्यालय का चयन इसके लिए किया जाएगा। फिर इस योजना का विस्तार अनुमंडलों में किया जाएगा। हर अनुमंडल में एक-एक मॉडल स्कूल होंगे। आगे इस योजना को प्रखंड तक ले जाने की योजना है। इस योजना के पीछे सभी विद्यालयों को बेहतर बनाना है। एक अन्य सवाल के जवाब में अपर मुख्य सचिव ने बताया कि जिलों में जरूरत के अनुसार शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जा सकेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक जिलास्तरीय स्थापना समिति होगी। यह विभिन्न विद्यालयों में विषय और वर्ग के अनुसार शिक्षकों का अनुपात देखकर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति जरूरत के हिसाब से कर सकेगी।

### पहली घंटी गणित की, दूसरी रीडिंग की

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि विद्यालयों में पहली घंटी गणित की होगी, जबकि दूसरी घंटी रीडिंग की होगी। यह व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके लिए 100 दिन की कार्ययोजना है। 100 दिन 100 घंटे गणित, 100 दिन 100 घंटा रीडिंग के। इसके पीछे उद्देश्य गणित और रीडिंग में बच्चों को सक्षम बनाना है। पिछले दिनों सर्वे में यह बात सामने आई थी कि सरकारी विद्यालय के बच्चे गणित और रीडिंग में कमजोर हैं।

कृषि पैदावार एवं सुरक्षा के बारे में किसानों ने मोबाइल में एनपीएसएस एप को डाउनलोड कर जाना

# राष्ट्रीय नाशीजीव निगरानी प्रणाली ऐप के उपयोग को लेकर किसानों को मिला प्रशिक्षण

**निज संवाददाता | पटना**



केंद्र सरकार के अधीन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र पटना द्वारा शनिवार को पटना कार्यालय में राष्ट्रीय नाशीजीव निगरानी प्रणाली एप के उपयोग को लेकर प्रगतिशील किसानों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया साथ ही सभी किसानों के मोबाइल में एनपीएसएस एप को डाउनलोड भी कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम विवेक कांत गुप्ता, वनस्पति संरक्षण अधिकारी (पा.रो. वि.) एवं डा. प्रमोद कुमार, संयुक्त निदेशक, मुकेश कुमार, उप निदेशक, एवं राहुल कुमार, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, कृषि भवन, मीठापुर, पटना की अध्यक्षता में तथा सैयद अहसन सज्जाद, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, राजेश यादव, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, एवं संदीप कुमार द्विवेदी, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी की उपस्थिति में कराया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनपीएसएस एप के उपयोग एवं महत्व के विषय में,आईपीएम के महत्व एवं आईपीएम के सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों के बारे में,ट्राईकोडर्मा से बीज उपचार का प्रदर्शन, कीटनाशकों के सुरक्षित एवं संतुलित इस्तेमाल, मनुष्य पर होने वाले कीटनाशकों का दुष्प्रभाव, कीटनाशकों के लेवल एवं कलर कोड, यांत्रिक विधियों जैसे येलो स्टिकी, ब्लू स्टीकी, फेरो मैन ट्रैप, फल मक्खी जाल, लाइट ट्रैप के उपयोग के बारे में और जैविक विधि के इस्तेमाल, मित्र एवं शत्रु कीटों की पहचान, नीम आधारित एवं अन्य वानस्पतिक कीटनाशक के महत्व के बारे में तथा विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट/व्याधि की पहचान के बारे में विस्तार से बताया गया।





एल.आई.सी. की माइक्रो बचत

- 18 से 55 साल की उम्र तक उपलब्ध
- पॉलिसी अवधि : 10 से 15 वर्ष
- बीमा राशि(रु) :100000 से 200000
- ऋण की सुविधा उपलब्ध
- एल.आई.सी. का दुर्घटना एवं अपंगता लाभ राइडर उपलब्ध.

प्लान सं : 751 यू.आई.एन.: 512N329V03

एक नॉन लिंक्ड, लाभ-सहित बंदोबस्ती सूक्ष्म बचत योजना

Our WhatsApp No. 8976862090 Say 'Hi'

Download LIC Mobile App LIC digital

Call Centre Services (022) 6827 6827

Follow us : LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/31/HIN

फर्जी / धोखेबाजी वाली फोन कॉल से सावधान रहे !

आईआरडीएआई इन गतिविधियों में संलिप्त नहीं है जैसे बीमा पॉलिसी बेचना, बोनस या प्रीमियम के निवेश की घोषणा करना। ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने वाली पब्लिक पुलिस शिकायत दर्ज करें।

## संक्षिप्त समाचार

### आवास योजना के पात्र लाभुक खुद कर सकेंगे ऑनलाइन

**टिकारी।** नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के लिए आवेदन अब पात्र लाभुक सीधा ऑनलाइन कर सकेंगे। म्युनिसिपल सिविल इंजीनियर बबलू कुमार बादल ने जानकारी देते हुए बताया कि पात्र लाभुकों को अब कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। लाभुक किसी भी कैफे से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जहां से उनकी योजना की स्वीकृति की जानकारी भी मिल जा सकेगी। बताया कि वैसे आवेदक जिनके परिवार के किसी सदस्य को योजना का लाभ नहीं मिला हो व पक्का मकान न हो वे सभी कागजात यानी आधार संख्या, आया व जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता इत्यादि विवरणी के साथ योजना की अधिकृत वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त योजना के तहत चयनित होने पर मकान निर्माण के लिए ढाई लाख रुपये का लाभ क़िस्त दर क़िस्त दिया जाएगा।

### विद्यालय के भवन निर्माण का किया गया शिलान्यास

**टिकारी।** रूपसपुर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चुल्हनबिगहा के भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा कराए जाने वाले भवन निर्माण पर 40 लाख रुपए की लागत निर्धारित की गई। संवेदक एस कनेक्टिविटी द्वारा भवन निर्माण किया जाएगा। जानकारी हो कि चुल्हन बिगहा प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर होने की हालत में विगत आठ वर्षों से रूपसपुर स्थित मध्य विद्यालय भवन में संचालित किया जा रहा था। भवन निर्माण हो जाने के बाद विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को सहूलियत होगी। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार रमन, प्रधानाध्यापक गिरिजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### शहीद चुरामन प्रसाद का मनाया शहादत दिवस

**बोधगया।** बोधगया के रत्ती बिगहा गांव में शुक्रवार को शहीद चुरामन प्रसाद का 50वां शहादत दिवस मनाया गया। बोधगया अंचल कमेटी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने स्मारक स्थल पर शहीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में अंचल सचिव कामरेड रामबली मांझी, कन्हैया सिंह, शफीक आलम उर्फ कारू, कुमार जितेंद्र, विनोद मालाकार सहित अन्य मौजूद थे।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान देश की पूरी 140 करोड़ जनता का अपमान




**गया।** गया अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ गया जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. गगन कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान के नारे लगाए। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा एवं माफी की मांग को लेकर जनमानस के सहयोग से लगातार आंदोलन जारी रखेगी। नेताओं ने कहा कि संविधान देश का महान ग्रंथ है। इसके निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान देश के 140 करोड़ जनता का अपमान है। जो देश के संविधान को मानते हैं। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस के नेता। लोकतंत्र के मंदिर में सत्ता पक्ष के सांसदों की गुंडागर्दी शर्मनाक नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद परिसर में सत्ता पक्ष के सांसदों द्वारा गुंडागर्दी, धक्का-मुक्की कर जिस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष सह राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, इंडिया गठबंधन के नायक सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी सहित सभी महिला सांसदों के सामने टूट पड़ना संसदीय इतिहास का काला दिन है। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी पर भाजपा सांसदों द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया। पहले से भी श्री गांधी पर भाजपा सरकार द्वारा 26 एफआईआर दर्ज कराए गए हैं।

# राजगीर महोत्सव का आगाज, जुबिन नौटियाल देंगे प्रस्तुति

निज संवाददाता। नालंदा





23 दिसंबर तक होंगी कई प्रतियोगिताएं

राजगीर महोत्सव 2024 का शनिवार को आगाज हो गया। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने तीन दिनों तक चलने वाले राजगीर महोत्सव का उद्घाटन किया। स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में 21 से 23 दिसंबर तक महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर खेल प्रतियोगिताएं होंगी। आज शाम प्रसिद्ध सिंगर जुबिन नौटियाल आएंगे। जुबिन सुबह पटना एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे सड़क मार्ग से राजगीर के लिए रवाना हो गए। कल यानी रविवार को सिंगर अरुणिता और पवनदीप पहुंचेंगे। तीसरे दिन यानी 23 दिसंबर को लोकगीत गायिका मैथिली ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगी। स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा, जो दोपहर 2 से 4 बजे तक अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस साल का विशेष आकर्षण 'जहां नारी, वहां विजय' थीम पर आधारित महिला महोत्सव है, जिसमें नृत्य, गायन, क्विज, कुकिंग, फैंसी ड्रेस जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। खेल जगत में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट जैसे आउटडोर खेलों के साथ कराटे, वुशु और ताईक्वांडो जैसे इनडोर खेल भी होंगे।

**महोत्सव में दर्शकों के लिए लगाई गईं 90 फीसदी कुर्सियां खालीः** एक ओर जहां महोत्सव का उद्घाटन हुआ, तो वहीं दूसरी तरफ जो दर्शकों के लिए कुर्सियां लगाई गई है, उनमें से 90% तक खाली है। आम लोग इस महोत्सव से नहीं जुड़ पा रहे हैं। मीडिया कर्मियों में भी रोष देखा जा रहा है। कवरेज गैलरी को मुख्य मंच से करीब 100 फीट दूर बनाया गया है, जिससे मीडिया कर्मियों को कवरेज में परेशानी हो रही है।

**ग्राम श्री मेला में जुटेंगे शिल्पकारः** महोत्सव का एक विशेष आकर्षण ग्राम श्री मेला होगा, जो 21 से 27 दिसंबर तक चलेगा। इसमें देश भर के शिल्पकार अपने पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस मेले में जम्मू-कश्मीर का पशमीना शॉल, उत्तराखंड के जैकेट और लोही चादर, असम के बांस के उत्पाद, झारखंड के अचार-पापड़ और हैंडलूम उत्पाद, हरियाणा की चप्पल और पंजाबी जूती, गुजरात की बेडशीट, दिल्ली के रेडीमेड कपड़े, पश्चिम बंगाल के कैटलेरी, उत्तर प्रदेश के कंबल, मध्य प्रदेश की चूरन सुपारी, छत्तीसगढ़ के हैंडलूम, महाराष्ट्र के कुकवेल और बिहार की ज्वेलरी, मधुबनी पेंटिंग, अचार-पापड़, किचन वेयर, खिलौने और कैटलेरी जैसे उत्पाद लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

### राजगीर महोत्सव को लेकर यातायात व्यवस्था पर विशेष जोर

## राजगीर में बड़े वाहनों की इंट्री पर रोक, रूट को किया गया डाइवर्ट, कई स्थलों पर बना पार्किंग

निज संवाददाता। नालंदा



राजगीर में 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राजगीर महोत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक विस्तृत यातायात योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है और वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। राजगीर महोत्सव के दौरान शहर में बड़े व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। वनगंगा से राजगीर में आने वाले सभी बड़े वाहनों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा। पटना और बिहारशरीफ से आने वाले वाहनों को पंडितपुर गुमटी रेलवे कांसिग पार कर आयुध कारखाना बाईपास होते हुए गिरियक होकर नवादा की ओर जाना होगा। गया, हिसुआ, नवादा से आने वाली छोटी गाड़ियां नारदीगंज से दाहिने मुड़कर पकड़िया होते हुए बिहारशरीफ की ओर जाएंगी। नवादा और गया से हिसुआ की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को बाबा का ढाबा से गिरियक की ओर मोड़ दिया जाएगा। छबिलापुर से आने वाले सभी वाहन पिल्खी बाईपास से नाहुब मोड़ होते हुए बिहारशरीफ की ओर जाएंगे।

शहर में कई स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। जहां वाहनों को रोककर यात्रियों को उतारा या चढ़ाया जा सकता है। इनमें आयुध फैक्ट्री गेट नंबर 02, छबिलापुर मोड़, होटल महाराजा के पास, अम्बेडकर चौक, वीरायतन मोड़, पाण्डु पोखर पार्किंग स्थल, मार्क्सवादी नगर जाने वाली सड़क के किनारे, एसएच 71 से इंडो हॉक होटल के तरफ जाने वाले रास्ते में रेलवे ओवरब्रीज के पास, वनगंगा, जय प्रकाश उद्यान, पंडितपुर ROB के नीचे बाईपास मोड़, नाहुब मोड़, बाईपास मोड़ पिल्खी ग्राम और हरियाली मोड़ शामिल हैं। शहर में कई स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इनमें आरआईसीसी पार्किंग स्थल, राजगीर स्टेट गेस्ट हाउस स्थित VVIP पार्किंग स्थल, पांडुपोखर VVIP पार्किंग, हॉकी मैदान पार्किंग स्थल और मेला मैदान पार्किंग स्थल शामिल हैं। यातायात योजना का उद्देश्य राजगीर यातायात को सुचारू रूप से चलाना और जाम की स्थिति से बचना है।

# स्पेशल ट्रेनों का परिचालन दोबारा शुरू

निज संवाददाता। नालंदा



पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पूर्व में रद्द की गई कई महत्वपूर्ण स्पेशल ट्रेनों का परिचालन आज से फिर से शुरू किया जा रहा है। यह जानकारी पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

विज्ञप्ति के अनुसार 20 से 25 दिसंबर 2024 तक छह प्रमुख स्पेशल ट्रेनों का परिचालन पुनर्बहाल किया जा रहा है। जिसमें राजगीर-पटना, पटना-किउल और गया-पटना रूट की ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों के फिर से शुरू होने से इन मार्गों पर यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को लाभ होगा। विशेष रूप से गया-पटना रूट पर अतिरिक्त सेवाएं 21, 23 और 24 दिसंबर को उपलब्ध होंगी। गाड़ी संख्या 03668 (गया-पटना स्पेशल) और 03667 (पटना-गया स्पेशल) इन तीन दिनों के लिए विशेष रूप से चलाई जाएंगी। रेलवे ने यह निर्णय बढ़ती यात्री मांग और आगामी छुट्टी के सीजन को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं और टिकट बुकिंग के लिए केवल अधिकृत माध्यमों का ही प्रयोग करें।

# अतिक्रमणकारियों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

निज संवाददाता। बोधगया

बोधगया पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लोग व्यापार के ख्याल से सड़कों के किनारे दुकान खोल ले रहे हैं। सड़क के किनारे खाने-पीने से लेकर कपड़े, मोबाइल सहित विभिन्न तरह की दुकानें लगी हुईं हैं। फुटपाथ पर बेतहाशा दुकानें लगने लगी हैं। एक-दूसरे दुकान से आगे निकलने की होड़ में दुकानदार पैदल मार्ग को कब्जा कर रहे हैं। जिस कारण लोगों को पैदल चलने में कठिनाई हो रही है। फुटपाथ की जगह सड़क पर चलने को लोग मजबूर हो जाते हैं। जिस कारण सड़क पर गाड़ियों की रफ्तार धीमी हो गई हैं और सड़कों पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर परिषद में करीब 400 दुकानों का सत्यापन किया हुआ है। लेकिन करीब 7 सौ ऐसी फुटपाथ पर दुकानें लग रही हैं। जिसका रिकार्ड या सत्यापन नप के अधिकारियों द्वारा नहीं करवाया गया है। इनके द्वारा व्यवस्थित दुकानों के आगे दुकान लगाई जा रही है। जिसे रोकने के लिए नप के कर्मी असफल हो रहे हैं।

बोधगया में अतिक्रमण हटाने की कवायद के बाद भी अतिक्रमण नहीं हट पाया। जिसको लेकर एसडीएम किसलय श्रीवास्तव ने शुक्रवार को फुटपाथी दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें अतिक्रमण ना करने सहित कई तरह की बातों को लेकर नसीहत दी।

बैठक नप कार्यालय के सभागार में की गई। बैठक नप के ईओ अभिषेक आनंद, डीटीओ राजेश कुमार, सभापति ललिता देवी, मेघझर सिंह चंद्रवंशी, मनोज साव, विजय कुमार मांझी की उपस्थिति में की गई। एसडीएम ने बताया कि पर्यटन सीजन में फुटपाथी दुकानदारों द्वारा काफी अतिक्रमण किया गया था। उन्हें कहां गया है कि सभी सही तरीके से दुकानों को लगाएं। अभियान अभी चल ही रहा है। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से सख्ती से पुलिस-प्रशासन निपटेगा। और ऐसे दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

**e-Procurement Notice**
**(Very Short Tender)**
**Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1536/2024-25**
**Date:-21.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of one block (6 unit) 'C' Type Quarter Building under Road Division, Garhwa |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,80,00,000.00 (One Crore Eighty Lac) only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 3,60,000.00 (Three Lacs Sixty Thousand Only) |
| 4. | Time of Completion | Till 28.03.2025 |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 24.12.2024 from 10.30 A.M. |
| 6. | Last date/Time for receipt of bids | 31.12.2024 Up to 12.00 Noon |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa |
| 8. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :-(1) The Bid Amount & Bid security Amount may decrease or increase.
(2)Contractor registered under R.C.D Jharkhand and also registered in **UCAN PORTEL** can only participate in this tender.
***Further details can be seen on website***
http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division,Garhwa.**

**PR 342589 Road(24-25).D**

# जिस पत्नी की हत्या में पति जेल गया, वो जिंदा मिली, शादी के 1 साल बाद गायब हुई

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में जिस पत्नी की हत्या के आरोप में पति जेल की सजा काट रहा था, वह 6 साल बाद जिंदा मिली है। इतना ही नहीं उसने पूर्णिया में दूसरी शादी कर ली है और उसे एक 5 साल का बच्चा भी है। वहीं, उसका पहला पति अब भी दहेज और हत्या का केस लड़ रहा है। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के चौरासी गांव का है। दरअसल, शादी के एक साल बाद महिला अपने ससुराल से गायब हो गई। इसकी सूचना मायके वालों को मिली तो थाने से शिकायत की, लेकिन थाने से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद मायके वालों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। साल 2018 में कोर्ट के आदेश पर दामाद कुंदन कुमार समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ दहेज और हत्या का मामला दर्ज किया गया। इस केस में कुंदन करीब 4 महीने जेल में रहा और फिलहाल वो बेल पर बाहर है। अभी दूसरे राज्य में रहता है। मामले की सुनवाई हिलसा सिविल कोर्ट के ADJ-4 में चल रही है। पुलिस की एक टीम ने महिला को मृत मानते हुए कोर्ट में पहले पति और उसके माता-पिता के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया था। उसी पुलिस ने जब मामले की गहराई से जांच की तो पता चला कि महिला जिंदा है और पूर्णिया में अपने दूसरे पति के साथ रह रही है। पुलिस ने उसे पूर्णिया के धमदाहा से सकुशल बरामद कर गुरुवार को उसी हिलसा कोर्ट में हाजिर किया। जिसके बाद कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने सुधा को उसके दूसरे पति को सौंप दिया है।

**2015 में शादी हुई और 2016 में महिला भाग गईः** महिला का नाम सुधा कुमारी है, जिसकी 2015 में नालंदा के चौरासी गांव निवासी कुंदन कुमार से शादी हुई थी। शादी से पहले ही महिला का किसी और के साथ अफेयर चल रहा था। शादी के बाद भी महिला अपने प्रेमी से बात करती थी। जिसके बाद 2016 में पति को छोड़कर प्रेमी के साथ भाग गई। मायके वालों को जब इसकी जानकारी मिली तो परिजन महिला के ससुराल पहुंचे। यहां लड़के के घरवालों ने बताया कि महिला किसी के साथ भाग गई है। लेकिन मायके वाले मानने को तैयार नहीं थे। फिर पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने कहा कोई सबूत नहीं है। पुलिस ने ये भी कहा था कि पहले अपने स्तर से लड़की की तलाशी करें। दो साल तक मायके वाले अपनी बेटी की तलाशी में इधर-उधर भटकते रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा नोटिस सं.- 34 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।
निविदा सं.-36- डीडीयू-मं.इंजी.-मुख्या.-24-25.
1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डी.डी.यू. में मंडल अस्पताल के महिला/बाल वार्ड का नवीनीकरण और एयर कंडीशनिंग और ओ.टी. का नवीनीकरण और अन्य अधिन्स्थ कार्य। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹87,95,912.38, 3. धरोहर राशि : ₹1,75,900.00, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 13.01.2025 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in. नोट :- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01741/डीडीयू/अभि./टी/24-25/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**
**(पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल)**
**ई-निविदा नोटिस सं.-008 ऑफ 2024-25/खुला/गति शक्ति, डीडीयू।**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /निर्माण/ आर.एस.पी./महेन्द्रू घाट एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है. निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैः-
**निविदा सं0-008-डीडीयू-उपमुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति-24-25**
1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः डी.डी.यू. मंडल के गति शक्ति ईकाई के अधीन डीडीयू डिवीजन में ''बुकिंग कार्यालय के स्थानांतरण और सर्कुलेटिंग क्षेत्र को अमृत स्टेशन के रूप मे बढाकर डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन के उन्नयन'' का सिविल इजीनियरिंग कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रू. 4,17,18,802.06 **3. धरोहर राशिः** रू. 3,58,600.00 **4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि** एवं समयः 14.01.2025 को 12:00 बजे तक। **5. बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in
**नोट**-विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा

**कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /निर्माण /आर.एस.पी.**
**पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रू घाट, पटना**
**पीआर/01750/डीडीयूजीएस/डीएनआरजीएस/टी/24-25/40**

**कार्यालय, नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**

**शुद्धि पत्र**

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा प्रकाशित PR341964 District(24-25).D में आमंत्रण सूचना संख्या :- 27/2024-25 में बंदोबस्ती खुली डाक को इस हद तक संशोधित पढ़ा जाय।

1. दिनांक 22.12.2024 के स्थान पर दिनांक 26.12.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से थाना बिश्रामपुर के प्रागंण पढा जाय।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि - दिनांक 23.12.2024 तक बढायी जाती है।
3. आवेदन जमा करने की तिथि - दिनांक 24.12.2024 तक बढायी जाती है।

उक्त संशोधन के अतिरिक्त शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

**प्रशासक,**
**नगर परिषद्, बिश्रामपुर**

PR 342573 (District) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा मेसर्स आनन्द इन्टरप्राईजेज (परशुराम उपाध्याय), अशोक बिहार, जोबरईया, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा PMGSY - RCPLWEA पैकेज सं0- JH-LWE-III-GAR-09/21-22 अन्तर्गत लहगोंरिया से मुड़तंगवा भाया बिराजपुर बस्ती तक पथ का आपके द्वारा एकरारनामा किया गया था, तथा एकरारनामा के अनुसार कार्य को मार्च 2023 में ही पूर्ण करना था, परन्तु आपके द्वारा उक्त कार्य को अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है, तथा कराये गये कार्य भी प्राक्कलन में निहित प्रावधान के अनुरूप नहीं होने के कारण इस कार्यालय का पत्र पत्रांक 1521 दिनांक 05.09.2023, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 151 दिनांक 24.01.2024 एवं पत्र पत्रांक 215 दिनांक 03.02.2024 द्वारा निर्देशित करने के बावजूद भी कार्य को पूर्ण नही किया गया है। विदित हो कि आपके द्वारा अवशेष कार्य का दिनांक 09.09.2023 को Work Programme समर्पित करते हुए अनुरोध किया गया था कि अवशेष कार्य को दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करा दिया जायेगा। परन्तु कार्य को पूर्ण नहीं कराया गया, पुनः दिनांक 29.01.2024 को आवेदन के माध्यम से सूचित किया गया की उक्त कार्य में लगने वाला अलकतरा खरीद लिया गया है, तथा कार्य को 14.04.2024 तक पूर्ण करा दुगाँ, इससे प्रतित होता है कि PMGSY जैसे महत्वकांक्षी योजना को ससमय पूर्ण कराने में आपके द्वारा उदासिन्ता बरतते हुए कार्य को अभी तक पूर्ण नहीं कराया गया है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम बार निर्देशित किया जाता है कि अवशेश कार्य को जनवरी 2025 तक विशिष्टियो के अनुरूप पूर्ण कराना सूनिश्चित करे, अन्यथा एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपको Debar करने एवं आपका निबन्धन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की वाध्यता होगी। तथा इसकी पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

**PR 342586 (Rural Work Department)24-25*D**

**कार्यालय नगर पंचायत,हुसैनाबाद(पलामू)**
**Email: - nphussainabad@gmail.com**

पत्रांक................/दिनांक....................
**Very Short Tender Notice for E-Procurement**
**IMPORTANT INFORMATION**
**NIT No: NPH/10/SBD/2022-23 (5th Call)**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Hussainabad town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: 2,19,36,142.00 Operation & Maintenance Cost: 1,21,77,720.00 Total: 3,41,13,862.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | 3,41,140.00/- (Rupees Three Lakhs Forty One thousand one hundred forty.) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | 10,000.00/- (Rupees Ten Thousand Only); non- refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 21.12.2024 at 10:00 AM |
| 7 | Document downloading start Date | 21.12.2024 at 5:00 PM |
| 8 | Start date for seeking clarification | 21.12.2024 |
| 9 | End date for seeking clarification | 23.12.2024 |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 23.12.2024 at 03:00 PM, e-Procurement Cell, Nagar PANCHAYAT HU SSAINABAD. |
| 11 | Bid submission Start date | 21.12.2024 at 10:00 AM |
| 12 | Bid submission end date | 28.12..2024 at 05:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 30.12.2024 at 4.00 PM |
| **14** | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| **15** | Name & Address of office Inviting Tender | Administrator, Nagar PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| **16** | Helpline Number | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) Mobile No-9835206770 |

I. Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in
ii. Other details can be seen in the bidding SBD document
iii.For clarification regarding e tender and document you may contact to nodal officer Mobile no- 9835206770
iv. Only e tender will be accepted

**Administrator**
**Hussainabad Nagar Panchyat**

**PR 342609 District(24-25).D**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी केंद्र में वीर बाल दिवस आयोजित

दुमका (नि.सं.)। बाल विकास परियोजना दुमका सदर प्रखंड अंतर्गत हेट कोरैया आंगनबाड़ी केंद्र में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। अमर कुमार अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दुमका सदर के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम पोषण भी पढ़ाई भी अभियान का ही एक अंग है, जिसके अंतर्गत वीर बाल दिवस सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच कई गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें चित्रांकन और साहसिक कार्य पर आधारित खेल कूद, साहसिक कहानी वाचन आदि प्रमुख हैं। प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण ने कहा कि वीर बाल दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत बच्चों में हिम्मत, हौसला और साहस भरना है, ताकि बचपन से ही बच्चे नीडर और साहसी बन सकें। इसी क्रम में आंगनबाड़ी सेविका फ्लोरेंस हेम्ब्रम द्वारा साहसिक गतिविधियों पर आधारित हिन्दी और संताली की कहानियां भी सुनाई गई। कार्यक्रम में पोषण सखी निराला बेसरा ने वीर बालक का चित्र बनाकर बच्चों के बीच प्रदर्शित किया और बच्चों को चित्र बनाने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में केन्द्र की सहायिका एलिजाबेथ सहित कई ग्रामीण महिलाएं भी शामिल हुई।

### विश्व ध्यान दिवस पर दिल्ली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम

दुमका (नि.सं.)। दुमकाः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थी, शिक्षक और स्कूल की प्रिंसिपल ने भी ध्यान लगाया। सेवा केंद्र की संचालिका बीके जयमाला जी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि विश्व ध्यान दिवस मानवता की सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ध्यान के महत्व को पहचानना और इसे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। बीके जयमाला जी ने कहा कि ध्यान का अभ्यास न केवल व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालता है, बल्कि यह समाज और समुदाय में शांति, सद्भाव और संतुलन को भी प्रोत्साहित करता है। ज्ञान के माध्यम से हम अपनी आंतरिक शक्तियों को जागृत कर सकते हैं, जिससे हमारा जीवन स्वस्थ और संतुलित बनता है। सामूहिक रूप से हम एक शांतिपूर्ण, संवेदनशील और श्रेष्ठ समाज की स्थापना में योगदान कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परिवर्तन संसार का नियम है और दुनिया निरंतर परिवर्तनशील है। मेडिटेशन अज्ञानता और अंधकार से ढके मानव जीवन में एक नया उजाला लाता है। स्कूल की प्रिंसिपल तनु झा ने कहा, 'आज विश्व ध्यान दिवस के इस खास अवसर पर दीदी जी ने हमारे स्कूल को चुना, इसके लिए मैं दीदी जी का आभार व्यक्त करती हूं। मुझे और मेरे प्यारे बच्चों को भाग्यशाली महसूस होता है कि दीदी जी ने हमें इतना अच्छा ध्यान कराया। बीके रेखा दीदी ने बच्चों को ध्यान करवाते हुए बहुत ही सुंदर कमेंट्री की। राजकुमार भाई ने बच्चों को व्यसन मुक्ति के बारे में सलाह देते हुए कहा, 'आज के नौजवान व्यसन के शिकार होते जा रहे हैं, सावधानी ही बचाव है। सही समय पर समझना जरूरी है, क्योंकि आज के युवा भटक रहे हैं।' राजीव भाई ने कहा, 'यदि कोई पत्थर को हथौड़े से तोड़ता है, तो वह टूट जाता है, लेकिन मेडिटेशन और छेनी से वह पत्थर शिल्प में बदल जाता है। आध्यात्मिकता की राह पर चलने के लिए मेडिटेशन अत्यंत आवश्यक है।

### 84 लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ा गया

रानीश्वर (दुमका) (नि.सं.)। पूरे जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित कर सुयोग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायत में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत शिविर आयोजित कर सुयोग्य लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

# क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में जांच अधिकारियों ने समझी अनुसंधान के गुर

निज संवाददाता | दुमका

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेश पर शनिवार को न्याय सदन में जांच पदाधिकारी के लिए क्षमता निर्माण को लेकर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम हुई। डालसा सचिव, उत्तम सागर राणा ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अनुसंधान पदाधिकारी को एनडीपीएस, पोक्सो एक्ट, विक्टिम कंपनसेशन, सर्च एंड सीजर इत्यादि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि विधिक सेवा संस्थाओं का मूल कार्य सभी व्यक्तियों, विशेष



कर वंचित या हाशिए पर पड़े लोगों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना है। अधिकारी कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने, कानूनी सहायता प्रदान करने और वंचितों को उनके अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि पुलिसकर्मी घटना के बाद पीड़ित से मिलने वाले पहले व्यक्ति होते हैं। जांच अधिकारी न्याय प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें साक्ष्य एकत्र करने के लिए वैज्ञानिक तारीको और पीड़ित के पुनर्वास के लिए कानूनी प्रावधानों का ज्ञान होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि न्याय न केवल दिया जाए बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निष्पादित हो। वही आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन ने पीड़ितों के पुनर्वास, साक्ष्य संग्रह, पोक्सो एक्ट, एमएसीटी (डार एवं फार) तथा महिलाओं के खिलाफ अपराध के प्रासंगिक प्रावधानों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में दुमका जिले के सभी थानों के अनुसंधान पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रग्बी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गोड्डा से खिलाड़ी रवाना

» ज्ञात हो कि पिछले हफ्ते ही खूंटी स्थित लोयोला स्कूल में राज्य स्तरीय ट्रायल में खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

निज संवाददाता | गोड्डा

पटना में आयोजित 68वीं एसजीएफआई अंडर 19 बालक-बालिका रग्बी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गोड्डा से शनिवार को सभी खिलाड़ी रांची के लिए रवाना हुए और वहां से रविवार को पटना के लिए रवाना होंगे। उक्त प्रतियोगिता 24 व 25 दिसंबर को पटना के पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स में आयोजित होनी है। ज्ञात हो कि पिछले हफ्ते ही खूंटी स्थित लोयोला स्कूल में राज्य स्तरीय ट्रायल में खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें गोड्डा से भी खिलाड़ी गए थे उनमें से काजल कुमारी, जानकी कुमारी, आरती कुमारी, बेबी कुमारी और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र गुरुदेव पूर्वे का चयन झारखंड राज्यस्तरीय टीम में हो गया है। वहीं कोच के रूप में गोड्डा की आर्या कुमारी अंडर-19 बालिका टीम के साथ जा रही है। बताते चलें कि आर्या कुमारी ने इसी वर्ष पुणे में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व किया है। खिलाड़ियों को गोड्डा जिला रग्बी एसोसिएशन के सचिव करण कुमार कश्यप एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक नीरज कुमार सिंह, अजय कुमार राय, अनंत यादव, अनुपम मिश्रा, अंजर अहमद और सुशील सिंह तथा साथी खिलाड़ी शशि यादव, अमर कुमार एवं अभिभावकों ने शुभकामना देकर विदा किया।

# दुमका के बचपन प्ले स्कूल में प्री-क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन

निज संवाददाता | दुमका

शहर के बचपन प्ले स्कूल में शुक्रवार को प्री-क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन धूमधाम से किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने इस खास मौके पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर में क्रिसमस ट्री सजाने और केक कटिंग से हुई। बच्चों ने सांता क्लॉज के किरदार में ढलकर उपहार बांटे और 'जिंगल बेल्स' गाने पर डांस कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने नाट्य प्रस्तुतियां, कैरोल गायन और अन्य सांस्कृतिक



गतिविधियों में हिस्सा लिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को त्योहारों की परंपरा और महत्व से परिचित कराना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहार और चॉकलेट्स वितरित किए गए। स्कूल के निदेशक गरिमा गौरव ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के समग्र विकास में मदद करते हैं और उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। मौके पर स्कूल की शिक्षिका मुस्कान, मनीषा, अमरेंद्र, श्रद्धा, साबरिन, सुदेशना, रेखा उपस्थित रही।

# गांधी मैदान में होगा डांस और मॉडलिंग का भव्य आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा

स्थानीय गांधी नगर गोढ़ी विवाह भवन में डी. डांस एकेडमी द्वारा डांस व मॉडलिंग का नौ दिवसीय वर्कशॉप का शुभारंभ शुक्रवार की संध्या में किया गया। डांस व मॉडलिंग वर्कशॉप का उद्घाटन नगर परिषद की निवर्तमान उपाध्यक्ष वेणु चौबे, विभिन्न खेल से जुड़े मनीष सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अमरेन्द्र सिंह बिट्टू, प्रशिक्षक मॉडल रोशनी कुमारी एवं पूजा कुमारी, डांस कोरियोग्राफर सुकु कुमार व आकाश सोनी, आयोजक रौनक भगत, आदित्य राणा सिंह, शौर्य आनंद के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में वेणु चौबे ने कहा कि एक अरसे के बाद गोड्डा में कुछ नया होने जा रहा है। यहां



के शैक्षणिक संस्थान में युवाओं द्वारा बच्चों को डांस के साथ मॉडलिंग सिखाने का भी काम कर रहे हैं, जिसमें गोड्डा की रोशनी कुमारी और पूजा कुमारी का सराहनीय योगदान है, ये दोनों पटना से स्वयं सीख कर आयी हैं। वहीं मनीष सिंह ने कहा कि बच्चों को डांस व मॉडलिंग को लेकर प्रशिक्षित किया जाना गोड्डा जैसे शहर के लिए बड़ी बात है। वहीं कार्यक्रम के अंत में कला व संस्कृति से जुड़े सुरजीत झा ने अपनी बातों को रखा। इस दौरान जामताड़ा से पहुंचे डांस कोरियोग्राफर सुकु कुमार ने बच्चों को विभिन्न मुद्राओं में तकनीकी जानकारी दी। वहीं रोशनी कुमारी ने भी मॉडलिंग के बारे में बताते हुए सामान्य जानकारी दी। वहीं डी डांस एकेडमी के असिस्टेंट कोरियोग्राफर आकाश सोनी ने बताया कि इस बार डी. डांस एकेडमी डांस के साथ कुछ नया करने जा रही हैं इस बार बच्चों द्वारा खुले मंच पर बेहतर डांस के साथ मॉडलिंग भी दिखाया जाएगा। आज से 28 दिसंबर तक बच्चों को डांस और मॉडलिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा और 30 दिसंबर को गांधी मैदान में डांस और मॉडलिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा जिसकी तैयारी आज से शुरू कर दी गई है। वहीं आयोजित वर्कशॉप में गोड्डा के दर्जनों बच्चों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया, जिसमें सौरभ कुमार, सौरभ डे, सोयांशु, अर्थव, लव कुमार, कुश कुमार, आंशु, रिया, खुशी, तुषार, सूचित, तनुजा, रूही, ईशा, बबली, आदि के नाम शामिल हैं।

# चौकीदार बहाली प्रक्रिया रद्द करने की मांग को लेकर समाजसेवी फिर बैठे भूख हड़ताल पर

निज संवाददाता | गोड्डा

जिला प्रशासन पर चौकीदार बहाली प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए बहाली रद्द करने की मांग को लेकर समाजसेवी आर्यन चंद्रवंशी अभ्यर्थियों के साथ फिर से मुख्यालय स्थित शहीद स्तंभ पर भूख हड़ताल पर बैठ गए। इस दौरान आर्यन ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक हमारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा। वहीं आर्यन ने बताया कि पूर्व विधायक अमित मंडल के द्वारा आश्वासन पर भूख हड़ताल को तत्कालीन तोड़ा गया था। उनके कहे अनुसार वे राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कमिश्नर आदि उच्चाधिकारी के पास हमारी मांग को रखेंगे और हमें न्याय दिलाने में मदद करेंगे। वहीं हमने निर्णय लिया कि कागजी प्रक्रिया जो भी होगी होती रहेगी, बहाली प्रक्रिया रद्द होने तक हम लोग अपना भूख हड़ताल जारी रखेंगे। कहा कि जान दे देंगे लेकिन चौकीदार बहाली प्रक्रिया को रद्द करवा के रहेंगे। चंद्रवंशी



ने कहा कि हमारी मांग है कि इस बहाली को अभिलंब रद्द किया जाए और फिर से बहाली निकालकर नियमसंगत बहाली ली जाए। बताते चले कि समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन कर सड़क जाम भी किया गया था लेकिन जिला प्रशासन द्वारा मामले में किसी तरह का संज्ञान नहीं लिए जाने के बाद इस कंपकपाती ठंड में स्थानीय शहीद स्तंभ पर छात्रों द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर जिला प्रशासन से बहाली प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की जा रही है। जिले में चौकीदार बहाली को लेकर हुई धांधली के विरोध में भाजपा की पूर्व विधायक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखकर बहाली प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की है। वहीं छात्रों द्वारा किए जा रहे भूख हड़ताल कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने हड़ताल पर बैठे छात्रों से मुलाकात की थी और छात्रों के आरोप को सही ठहराते हुए बताया कि बहाली प्रक्रिया के दौरान निकाले गए रिजल्ट के बाद कट ऑफ मार्क्स आज तक नहीं निकाला गया है। अमित मंडल ने कहा कि स्थानीय युवाओं को छोड़कर बाहर के लोगों की बहाली की जा रही है जो सरासर अन्याय है। मुख्यमंत्री एवं आयुक्त संथाल प्रमंडल को भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि बीट क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति अपने अपने बीट संख्या के आधार पर नहीं होकर अन्य क्षेत्र के अभ्यार्थियों का चयन किया गया है जो नियम संगत नहीं है। वहीं अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों का आरक्षण शून्य कर बाहरी अभ्यर्थियों का चयन किया जा रहा है। कहा है कि दुमका जिला में चौकीदार बहाली रद्द कर नए सिरे से विज्ञापन प्रकाशित किया गया है ऐसी स्थिति में उपरोक्त तथ्यों के आधार पर गोड्डा जिला में चौकीदार बहाली की प्रक्रिया को नए सिरे से शुरू की जाए ताकि स्थानीय बेरोजगारों को मौका मिल सके। इस अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में धरने पर समाजसेवी आर्यन चंद्रवंशी के साथ श्रवण कुमार, विक्रम कुमार, रंजू सहित दर्जनों अभ्यर्थी बैठे हैं।

# जान से मारने की नियत से गोली चलाने के आरोपित को आजीवन कारावास

निज संवाददाता | गोड्डा

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कुमार पवन के न्यायालय ने जान मरने की नियत से गोली चलाने के आरोपित मोतिया ओपी थाना क्षेत्र के बिरनियां निवासी गुड्डू मंडल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 10,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया गया। वहीं भादवि की धारा 506 में एक वर्ष व 27 आर्म्स एक्ट में दोषी पाकर तीन वर्ष सश्रम कारावास व 5000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई गई। जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर दो माह की सजा से दंडित किया गया। सभी सजा साथ- साथ चलेगी। मामले के विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष नौ गवाहों का परीक्षण कराया गया। उभय पक्ष की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने आरोपित को



आजीवन कारावास की सजा सुनाई। गोड्डा नगर थाना में 26 दिसंबर 2019 को दर्ज प्राथमिकी में वीआईपी कालोनी, गोड्डा निवासी अनिल कुमार मंडल ने कहा था कि 25 दिसंबर 2019 की रात खाना खाकर वह सोने जा रहा था। अचानक दरवाजा पर आवाज हुआ। दरवाजा खोले तो देखा कि गुड्डू मंडल दरवाजा पर खड़ा है। वह बोला कि तुम्हारा पत्नी जो केस किया है उसे उठा लो। मैने कहा कि मेरी पत्नी से छेड़छाड़ किया और मेरा मोटरसाइकिल भी जला दिया है। इसलिए केस भी नहीं उठाउंगा। बातचीत के दौरान मेरी पत्नी भी आ गई। उसके साथ गाली-गलौज किया गया। गाली गलौज करने से मना करने पर हाथ में पिस्तोल लेकर जान मारने की नियत से गोली चला दिया। गोली मेरे पैर में लगी। हल्ला सुनकर अगल-बगल के लोग दौड़े तो वह भाग गया। इसके बाद आानन- फानन में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान पुलिस ने उससे बयान दर्ज किया।

# मछली पकड़ने को लेकर हुई झड़प में युवती गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता | सरैयाहाट

हंसडीहा थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव में निजी तालाब से मछली पकड़ने के विवाद में हुई झड़प में एक युवती गंभीर रूप से जख्मी हो गई। युवती के पिता शेखावत अंसारी के अनुसार गांव के उसकी जमाबंदी जमीन पर बने निजी तालाब में उन्होंने मछली पालन किया है। शनिवार को गांव के ही जमशेद अंसारी, शमशेर अंसारी, आफताब अंसारी, जावेद अंसारी, रिजवान अंसारी, तैयब अंसारी, मुन्ना अंसारी, छोटे अंसारी ने एकमत होकर उसके तालाब से जबरदस्ती पांच से



छह क्विंटल मछली पकड़ लिया। जब उनलोगों को पता चला तो वे लोग मना करने लगे। इसी बीच सभी एकजुट होकर उसकी बेटी खुशनामा खातून और उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उसकी बेटी खुशनामा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद आनन फानन में उसकी बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया गया जहां खबर लिखें जाने तक उसका ईलाज चल रहा था।

# 130 से अधिक लोगों ने चिकित्सकों से कराई स्वास्थ्य जांच

निज संवाददाता | गोड्डा

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, गोड्डा के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रौतारा में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार, स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 7 यूनिट रक्तदान ब्लड सेंटर गोड्डा के लिए किया गया। वहीं शहरी सहिया आरती कुमारी, किरण कुमारी, तरन्नुम खातून, डॉ० राहुल कुमार सिफील, संजय कुमार, जयशंकर के द्वारा रक्तदान किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व वार्ड पार्षद प्रीतम गाडिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य शिविर में 130



से अधिक लोगों ने चिकित्सकों से अपनी जांच करवाई। इस दौरान चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों ने रोगियों को विभिन्न रोगों से बचने और रोकथाम करने के बारे में बताया। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों की हड्डी रोग, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शूगर, पेट संबंधी विकार आदि की जांच निशुल्क की। जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर ने कहा कि उनका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। डॉ० सिफिल ने कहा कि हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। निरंतर योग करने, खाने के बाद घूमने आदि पर जोर दिया। शिविर में लगभग ब्लड प्रेशर के मरीज अधिक मामले मिले। शिविर में निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। शिविर में सेवाएं जैसे दंत, हड्डी, स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सक और मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। वहीं 130 लोगो को ओपीडी परामर्श दिया गया। 45 हिमोग्लोबिन, 55 मधुमेह की जांच की गई। आयुष डॉ० राहुल कुमार सिफिल के द्वारा 115 लाभार्थियों की जांच कर उन्हें दवा दिया गया। इस दौरान 26 सिकल सेल, 03 टीबी जांच एवं 36 लोगों से परिवार नियोजन परामर्श किया गया। इस मौके पर जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर, डॉ० राहुल कुमार सिफील, संजय कुमार, प्रभात कुमार झा, प्रहलाद कुमार, अर्चना कुमारी, जुली कुमारी सहिया मंडली कुमारी, सोनी कुमारी, रजनी कुमारी, केदार, रवि, अनु कुमारी आदि के साथ महिला आरोग्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# साथी एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में पोषण प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यशाला आयोजित

निज संवाददाता | बोआरीजोर

प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत साथी और स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में पोषण प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कुपोषण उपचार केंद्र में डॉक्टर प्रवीण कुमार कि अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान किशोरियों में खून की कमी को लेकर डॉक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि हमें प्रत्येक 3 महीना में हीमोग्लोबिन का जांच करना चाहिए साथ ही साथ बताया कि किशोरी को मासिक माहवारी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उसे समय पर साफ सफाई एवं घर के आस-पास में भी साफ सफाई रखना चाहिए और खुद को भी सफाई रखना चाहिए। पैड का इस्तेमाल करना चाहिए। पैड न होने पर कपड़े को गर्म पानी से धोकर धूप में अच्छे से सुखाकर उसे प्रयोग करना चाहिए। वहीं उन्होंने किशोरियों के कुपोषण के बारे में बताया कि हमें अच्छा खाना खाना चाहिए। वहीं साथी संस्था के नीरज कुमार ने कुपोषण के बारे में बताया कि कुपोषण एक दिन के नहीं खाने से नहीं होता है बल्कि लगातार लंबे समय तक उचित मात्रा में पौष्टिक आहार नहीं खाने पर कुपोषण होता है। कुपोषण के साथ-साथ खून के कमी के कारण आलस, थकान, जल्दी-जल्दी बीमार होना यह सभी होते रहता है। बताया गया कि इसीलिए प्रत्येक परिवार में पोषण बाड़ी का होना अनिवार्य है ताकि घर पर बिना खाद वाली सब्जी प्रतिदिन मिल सके और उसे खाने में ला सके। हरी सब्जी पालक, सहजन, पपीता, साग सभी के बारे में बारी-बारी से उसके महत्व को बताया। साथ ही यह बताया कि सिर्फ भोजन करने से एनीमिया या कुपोषण खत्म नहीं हो सकता है। कहा कि हमें प्रतिदिन तिरंगा भोजन करना होगा साथ ही साथ खून को बढ़ाने के लिए हमें पालक साग, सहजन का साग, पपीता, बीट, केला इन सभी सब्जियों और फल का प्रयोग नियमित रूप से करना होगा तभी खून की कमी एनीमिया से और कुपोषण से मुक्त हो सकते हैं। वहीं कार्यक्रम में मौजूद इंदु कुमारी ने बताया कि बाजार के चटपटे चिप्स, कुरकुरे, लेस आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिए। मैगी का भी प्रयोग नहीं करना चाहिए। जल्दबाजी में मैगी खा लेते हैं लेकिन यह हमारे शरीर को नुकसान पहुंचता है, साथ ही इससे खून नहीं बढ़ता है। हमें प्रतिदिन हरा साग- सब्जी, दूध का प्रयोग फल का प्रयोग करना होगा, तभी खून की कमी खत्म हो सकती है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर प्रवीण कुमार ने वहां उपस्थित 31 किशोरियों का एनीमिया जांच किया और लैब टेक्नीशियन चुन्नू रजक, आदर्श कुमार, राजीव पाठक ने जांच कर सभी के खून की मात्रा को बताया साथ ही अंत में प्रवीण कुमार ने सभी को दवा देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर साथी संस्था के मीनू देवी, नारायण कुमार, रीना कुमारी सहित सैकड़ो किशोरी और अभिभावक उपस्थित थे।

# जिले में कुल 14 अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत, वर्तमान में 12 अल्ट्रासाउंड केंद्र कार्यरत 3 नए

निज संवाददाता | दुमका

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न टीकाकरण अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निदेश दिया। इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि पीसी पीएनडीटी एक्ट के तहत जिले में कुल 14 अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत हैं। वर्तमान में 12 अल्ट्रासाउंड केंद्र कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 3 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें 1 आवेदन को निर्धारित मापदंड का पालन नहीं करने के लिए अस्वीकृत कर दिया गया



है। वहीं 2 आवेदन जो सिदो कान्हू मेडिकल हॉस्पिटल रानेश्वर तथा होप हॉस्पिटल दुमका का प्राप्त हुआ है। स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ये दोनों हॉस्पिटल निर्धारित सभी मापदंडों का पालन कर रहे हैं। बैठक में उपायुक्त ने निदेश दिया कि एएनसी, गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग की जाय। सीवर एनीमिया के जांच बेहतर ढंग से हो ऐसे मरीजों को चिन्हित करने का कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार की जाय। कालाजार एवं टीवी मरीजों पर विशेष निगरानी रखी जाए, समय समय पर जरूरी जांच की जाय। उपायुक्त ने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं के लिए मरीजों को परेशान नहीं होना पड़े इसे सुनिश्चित करें। आदिवासी बहुल सुदूरवर्ती वर्ती क्षेत्र के लोगों पर विशेष ध्यान रखी जाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने को लेकर जिलाधिकारी की कड़ी कार्रवाई

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में अपने कार्यालय प्रकोष्ठ से खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि नवादा जिला अंतर्गत अकबरपुर प्रखंड के पंचगामा, तेयार, भनैल लोदीपुर एवं बलिया बुजुर्ग नवादा सदर प्रखंड के केना एवं समाय, नारदीगंज प्रखंड के कोशला एवं रजौली प्रखंड के बहादुरपुर इन सभी समितियों द्वारा नए कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को सुचारू रूप से चलने में सहयोग प्रदान नहीं करते हैं एवं लगातार बाधा उत्पन्न कर कोरम पूरा करने में बाधा उत्पन्न कर रही है। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया की बाधा उत्पन्न करने वाले समितियां को अगले 5 साल तक चुनाव से वंचित कर दिया जाएगा। इन सभी समितियां को आसपास के पैक्सों के साथ टैग करने का निर्देश दिया गया ताकि धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण हो सके। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि हिसुआ और नवादा सदर के द्वारा धान अधिप्राप्ति सबसे कम किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत रूप से इन सभी प्रखंडों से पृच्छा किया गया एवं धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। एफआरके के आपूर्ति में डीएमएसएफसी को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द एफआरके की आपूर्ति सुनिश्चित करें ताकि ससमय राइस मिल को विधिवत रूप से धान की कुटाई करते हुए सीएमआर की आपूर्ति कर सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रबंध निदेशक कोऑपरेटिव बैंक अरुण कुमार, सभी प्रखंड के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के साथ-साथ एन अधिकारी उपस्थित थे।

## गृह मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन एवं पुतला दहन

**काराकाट (रोहतास) (नि. सं.)।** प्रखंड मुख्यालय काराकाट के गोरारी में गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ डॉ भीमराव अंबेडकर के समर्थन में समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। मालूम हो कि पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा एक टिप्पणी को आधार बनाकर देश भर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में शनिवार को गोरारी बाजार में संविधान बचाओ संघर्ष समिति, कांग्रेस पार्टी सहित इंडि गठबंधन के कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए गए तो वही दिन में 1:00 बजे पुतला दहन भी किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ो की संख्या में अंबेडकर समर्थक इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने मार्च किया और अपने विरोध को प्रदर्शित किया। जिला कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष मुन्ना भारती ने किया तो वही संविधान बचाओ संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैया राम भारती ने इसका संचालन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा तहत खेल मैदान निर्माण की बैठक



**नवादा (नि.सं.)।** मनरेगा योजना के तहत नवादा जिला में चयनित कुल 182 खेल मैदानों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने के उद्देश्य से आज उप विकास आयुक्त, नवादा प्रियंका रानी के द्वारा मनरेगा के सभी तकनीकी कर्मियों के साथ डीआरडीए सभागार में बैठक किया गया। बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि निर्माण कार्य मे प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही नही बरती जाय। बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल इत्यादि खेलों के कोर्ट हेतु अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार सामग्री क्रय की जाय। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि कंक्रीट की ढलाई में क्योरिंग यानी तराई करने से कंक्रीट मज़बूत और स्थायी होता है। साथ ही, इससे दरारें बनने से भी बचा जा सकता है। विदित हो कि नवादा जिले में तीन प्रकार के खेल मैदान चिन्हित किये गये हैं। बड़े मैदान (चार एकड़ तक) की संख्या 83, मध्यम मैदान (1 से 1.5 एकड़ तक) की संख्या 79 एवं छोटे मैदान (01 एकड़ से कम) की संख्या 20 है। सभी चयनित खेल मैदानों में अनिवार्य रूप से वालीवाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट एवं रनिंग ट्रैक का निर्माण किया जाना है। इसके अतिरिक्त मैदान के क्षेत्रफल के अनुसार अन्य सुविधाएं यथा फुटबॉल, लंबी कूद, ऊची कूद एवं खो-खो इत्यादि का विकास किया जाएगा। जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत मनरेगा के तहत क्रियान्वित कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी तकनीकी कर्मियों को निदेश दिया गया कि प्रखंड में अवस्थित 05 एकड़ से छोटे तालाबों जो जीर्णोद्धार हेतु लंबित है उसे अविलंब पूर्ण कराएं। सार्वजनिक चापाकलों के किनारे लक्ष्य के आलोक में सोख्ता निर्माण एवं नये जल स्त्रोतों का सृजन हेतु निदेशित किया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिकेश कुमार के अलावा कार्यपालक अभियंता, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं सभी पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

### 23 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य जांच

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,नारदीगंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शनिवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने किया। आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों के 23 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह दी गई।इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं का रक्त जांच व पेशाब जांच का सैंपल लिया गया।कार्यक्रम में डा. इंद्रदेव कुमार, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम शोभा देश पांडेय, ममता कुमारी, लेखापाल जयप्रकाश कुमार समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### 10 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने केंद्र में आये 10 महिलाओं का बंध्याकरण किया। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का खून, जांच, मूत्र जांच, रक्त जांच समेत अन्य जांच किया। इस मौके पर एएनएम ममता कुमारी, शोभा कुमारी कुमारी समेत अन्य रहे।

### वीर बाल सप्ताह का हुआ आयोजन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में वीर बाल सप्ताह मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार को भी हुआ। आयोजित कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को सिख के दसवें एवं अंतिम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्र की वीरता का व्याख्यान विस्तार से बताया गया एवं इस पर सभी बच्चों से आलेख लिखने के लिए कहा गया। वही दूसरा बिंदु भारत विकसित राष्ट्र पर बच्चों का चेतन से संबंधित लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसका अंतिम स्वरूप 26 दिसंबर को बीर बाल दिवस मनाया जाएगा साथ ही विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य कृष्णकांत इचा गुटू ने की। मौके पर शिक्षक रुपेश कुमार नीरज कुमार, प्रशांत कुमार धनंजय कुमार समेत अन्य रहे।

### ई-रिक्शा पलटने से स्कूली छात्राएं घायल

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** शनिवार को उत्क्रमित उच्य माध्यमिक विद्यालय दायबिगहा पढ़ने जा रही आधा दर्जन स्कूली छात्राएं ई रिक्शा पलटने से घायल हो गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि स्कूल से पहले घुमावदार सड़क रहने के कारण ई रिक्शा पलट गया जिससे स्कूली छात्राएं चोटिल हो गई। उन्होंने बताया कि सभी को स्थानीय प्राइवेट चिकित्सक से इलाज करा कर सभी को घर भेज दिया गया।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को पकड़ा

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के महादेव मोड़ से एससी-एसटी केस के एक अभियुक्त को पीएसआई रौशन कुमार एवं समेकित जांच चौकी से एक शराबी को एएसआई नवनीत कुमार कुमार ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2023 के दिसम्बर माह में रामदासी गांव निवासी राजेश चौधरी की पत्नी बेबी देवी ने मारपीट को लेकर एससी-एसटी केस संख्या 583/23 में प्रथमिकी दर्ज करवाई थी। जिसमें नामजद अभियुक्त चौथा गांव के महादेव मोड़ निवासी पाचू यादव के पुत्र राजदेव यादव उर्फ तरेंगन यादव को पीएसआई रौशन कुमार ने नवादा के बुधौल गांव से गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर समेकित जांच चौकी पर शराब पीकर हंगामा करने वाले एक शराबी को एएसआई नवनीत कुमार ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबी की पहचान जोगियामारण गांव निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र उदय कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक



**नवादा (नि.सं.)।** उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति प्रियंका रानी की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया गया। जिसमें स्वच्छता पर्यवेक्षकों को अपने-अपने ग्राम पंचायत में प्रतिदिन कचरा उठाने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही प्रत्येक घर से अधिकतम 30 प्रति माह उपयोगिता शुल्क हेतु लेने को कहा गया। सूखा कचरा को छटाईं कर विभिन्न तरह के प्लास्टिक अपशिष्ट को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई एवं कबाड़ी वाले से टैग कर ग्राम पंचायत की राजस्व एकत्र करने हेतु निर्देशित किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा गीला कचरा से बने खाद्य को बेचने पर जोर दिया गया। इस बैठक में डीआरडीए डायरेक्टर-सह-सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता समिति, जिला समन्वयक, जिला सलाहकार एवं सभी प्रखंड समन्वयक उपस्थित थे।

## मरीन ड्राइव पटना से चोरी गई बाइक समेत बाइक चोर गिरफ्तार




निज संवाददाता | कौआकोल

कौआकोल पुलिस ने गुप्त सूचना पर दीघा,पटना के मरीन ड्राइव से चोरी हुए बाइक को बरामद करते हुए बाइक चोर को भी गिरफ्तार किया है। कौआकोल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक चोर कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव निवासी कपिल यादव का पुत्र सहवाग कुमार बताया जाता है। पुलिस के अनुसार उक्त युवक के पास से शनिवार को चोरी की बाइक बरामद किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त बाइक दीघा, पटना के मरीन ड्राइव से चोरी कर लाया गया था।

## जिले के टॉप 10 के अपराधकर्मी को पुलिस बलों के किया गिरफ्तार, लूटकाण्ड का था वांछित अभियुक्त

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




थाना क्षेत्र के अर्चना नगर स्थित देव पेट्रोल पंप के पीछे एक घर में परिजनों को बंधक बनाकर लूट काण्ड में शामिल अभियुक्त को रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया। एसडीपीओ रजौली गुलशन कुमार ने बताया कि नवादा जिले के टॉप 10 में शामिल एक अपराधकर्मी विगत कई दिनों से फरार चल रहा था। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष 2023 के 8 सितम्बर को सुबह देव पेट्रोल पंप के पीछे स्थित सुमंत कुमार के घर में परिजनों को बंधक बनाकर 6 लाख रुपये मूल्य के जेवरात एवं 15 हजार नगदी की लूट को अंजाम दिया गया था। घटना को लेकर पीड़ित परिजन ने थाना काण्ड संख्या 472/23 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पुलिस मामले को गम्भीरता से लेकर छानबीन करते हुए घटना के कुछ दिनों बाद कुछ अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने डीआईयू टीम की सहायता से लूट काण्ड में संलिप्त रहने वाले एक युवक को गुप्त सूचना के आलोक में बीते शुक्रवार को दोपहर 3 बजे हिसुआ थाना क्षेत्र के तुंगीचक गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार किया।गिरफ्तार युवक की पहचान तुंगीचक गांव निवासी स्व जगन राजवंशी के पुत्र सुजीत कुमार उर्फ छोटू राजवंशी के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## शहीद चंदन की पहली पुण्यतिथि पर अमर जवान स्मारक का अनावरण

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)



प्रखंड क्षेत्र के नारोमुरार गांव निवासी शहीद जवान चंदन सिंह की प्रथम शहादत दिवस पर अमर जवान स्मारक का अनावरण जहानाबाद पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार ने किया। स्मारक निर्माण समिति से जुड़े सदस्यों के नेतृत्व में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करीब 400 प्रतिभागी शामिल हुए। 1600 मीटर दौड़ में शामिल प्रतिभागियों के बीच कई राउंड का दौड़ होने के उपरांत दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले धावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कुटरी पंचायत के मुखिया अभिनव आनंद के द्वारा सभी प्रतिभागियो को शहीद चंदन का फोटो लगा टीशर्ट प्रदान किया। स्मारक अनावरण के उपरांत समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों ने शहीद चंदन के बलिदान को सलाम करते हुए स्मारक पर पुष्प समर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद ने चंदन के द्वारा देश के लिये सर्वोच्च बलिदान के लिये उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा की धन्य है यह गावं की मिट्टी जिसने वीर सपूत को पैदा किया। शहीद चंदन युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बनेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंटन सिँह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की वे युवाओं के बीच हमेशा जिन्दा रहेंगे। उनका बलिदान हमेशा याद किया जायेगा। मौके पर समारोह के संयोजक सदस्य प्रेम पियूष सहित सैकड़ों युवाओं ने शहीद चंदन के अमर जवान स्मारक पर श्रद्धा के फूल चढ़ाये। वारिसलीगंज स्थित चंदन सिंह चौक पर उनके तस्वीर पर लोगों ने फूल अर्पित कर उन्हें नमन किया। क्षेत्र के सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओ के अलावे युवाओ की बड़ी भागीदारी रही। इस क्रम में नारोमुरार ग्रामीण सह युवा मुखिया अभिनव आनंद एवं कार्यक्रम को संपन्न कराने में लगे युवा पीयूष प्रेम सिंह ने कहा की मुख्य रुप से युवाओ के बीच 1600 सौ मीटर का दौड़ प्रतिस्पर्धा का आयोजन, शहीद का गांव नारोमुरार में नवनिर्मित शहीद समाधि स्थल का उदघाटन एवं पुष्पांजलि की गयी। जबकि दौड़ प्रतिस्पर्धा में सफल 10 युवाओ को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया।

## श्री मेहरवार के अकस्मात निधन से समस्त शब्दवीणा परिवार आहत

निज संवाददाता | नवादा

राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंडित कन्हैयालाल मेहरवार जी के अकस्मात निधन पर शब्दवीणा की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने समस्त शब्दवीणा परिवार की ओर से स्वर्गीय मेहरवार जी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. रश्मि ने स्नेहिल व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ गीतकार कन्हैयालाल मेहरवार को हिन्दी/मगही साहित्य एवं संगीत जगत का वटवृक्ष बतलाते हुए परमपिता परमात्मा से उनकी आत्मा की मुक्ति तथा शांति हेतु प्रार्थना की है। जबकि प्रदेश प्रचार मंत्री एवं नवादा जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल प्रसाद 'निर्दोष' ने मगही के गीतकार एवं अपने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेहरवार जी के आकस्मिक निधन को संगठन के अभिभावक का अचानक से चले जाना बताया है। उन्होंने बताया कि उन वटवृक्ष की छांव में शब्दवीणा पल्लवित एवं पुष्पित हो रहा था। ऐसे में उनके अप्रत्याशित चले जाने से हमलोग अत्यंत आहत हैं। कन्हैयालाल मेहरवार जी के आकस्मिक निधन पर शब्दवीणा की नवादा जिला इकाई के संरक्षक डॉ. रामानंद तिवारी, रजी इमाम, उपाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद विश्वकर्मा, सचिव अरुण कुमार वर्मा, संगठन मंत्री उदय भारती, कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार, साहित्य मंत्री डॉ. विनीता प्रिया, प्रचार मंत्री शफीक जानी नादां सहित संगठन के सदस्य मनमोहन कृष्ण, गुलाम सरवर, राधा रानी, दीनदयाल कुमार वर्मा आदि ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उनके निधन पर शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति, राष्ट्रीय परामर्शदाता मंडल, प्रदेश समितियों एवं जिला समितियों के संरक्षकों, मार्गदर्शकों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हार्दिक शोक व्यक्त किया है।

## सीओ के जनता दरबार में निपटाए गए मामले

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

भूमि विवाद की समस्याओं के निष्पादन को लेकर शनिवार को कौआकोल सीओ मनीष कुमार की अध्यक्षता में थाना परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कौआकोल सीओ मनीष कुमार ने बताया कि कौआकोल थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में कुल चार फरियादियों ने अपनी भूमि विवाद से संबंधित समस्या को रखा। जिस पर कौआकोल पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों की दलील को सुनकर एक मामले का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। तीन मामले में द्वितीय पक्षों की उपस्थिति नहीं होने के कारण उक्त मामले के निराकरण के लिए अगले शनिवार की तिथि को दोनों पक्षों को संबंधित कागजात के साथ जनता दरबार में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

## किसानों को उर्बरक उपलब्ध कराएं दुकानदार : बीएओ

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



शनिवार को ई किसान भवन नरहट में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में स्थित खुदरा उर्वरक विक्रेता भी उपस्थित हुए। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी प्रभात कुमार ने उपस्थित खुदरा उर्बरक विक्रेता के साथ समीक्षा बैठक कर उन्हें उचित मूल्य पर किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी दुकानदारों को पॉस मशीन से बिक्री करने एवं मूल्य से संबंधित विवरण तालिका दुकान के बाहर स्थापित करने का निर्देश दिया गया। उपरोक्त बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रभात कुमार, प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधन शिवनाथ केसरवानी, नोडल कृषि समन्वयक अमरेंद्र कुमार, कृषि समन्वयक चंदन कुमार, किसान सलाहकार-शैलेश कुमार, जनार्दन कुमार, चंदन कुमार, रवि कुमार, वीरेंद्र कुमार एवं खुदरा विक्रेता अविनाश कुमार- सुधांशु ट्रेडर्स, संजय कुमार - संजय ट्रेडर्स, पंकज कुमार- वैष्णव ट्रेडर्स, सनी कुमार- शुभ लक्ष्मी बीज भंडार आदि उपस्थित हुए।

## प्रगतिशील लेखक संघ की बैठक हुई संपन्न

निज संवाददाता | नवादा



प्रगतिशील लेखक संघ नवादा के साहित्यकारों की आवश्यक बैठक में प्रलेस के वार्षिक गतिविधियों के साथ प्रादेशिक भाषाओं के संरक्षण और संवर्द्धन पर विचार विमर्श किया गया। खास कर मगही भाषा आंदोलन को धार देने और रचनाधर्मिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद् अवधेश कुमार ने की और मगही के न्यूनतम तीन शीर्ष रचनाकारों को नवादा प्रलेस की ओर से सम्मानित करने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए जिला सचिव अशोक समदर्शी ने घोषणा की कि इस वर्ष तीन मगही के शीर्षस्थ कवियों को मगही मुरेठा सम्मान से सम्मानित किया जायगा। इस संदर्भ में तत्काल सात सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव अशोक समदर्शी, कार्यकारी अध्यक्ष शंभु विश्वकर्मा के अलावे शिक्षाविद् रामरूप प्रसाद यादव, अवधेश कुमार, डॉ मिथलेश कुमार सिन्हा और व्यंग्यकार उदय भारती को सदस्य बनाया गया। चयन समिति ने सर्वसम्मति से मगही मुरेठा सम्मान 2024 के लिए रधिया खण्ड काव्य के रचयिता कथाकार मिथिलेश, परवतिया खण्डकाव्य के रचयिता जयप्रकाश और तीत मीठ गजल सेंगरन के रचयिता कवि दीनबन्धु के नाम का प्रस्ताव दिया जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मगही कोकिल जयराम सिंह के पूण्य स्मृति माह के अवसर पर 29 दिसंबर 2024 को मगही मुरेठा सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायगा। कार्यक्रम की तैयारी हेतु चयन समिति को ही तैयारी समिति का दायित्व शौंपा गया। अंत में रामरूप प्रसाद यादव ने जयराम सिंह का श्रम गीत गाकर शमां बाँध दी। चलते चलते खबर मिली कि महान गीतकार और हिंदी मगही के शिल्पकार कन्हैयालाल मेहरवार का आकस्मिक निधन हो गया। उपस्थित साहित्यकारों ने दो मिनट का मौन रखकर नम आँखों से उनके पूण्य स्मृति को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में चयन समिति सदस्यों के अलावे सेवानिवृत शिक्षक रामबालक प्रसाद सिंह, रामवरण प्रसाद, बृजनंदन प्रसाद, भरत लाल, कृष्णा सिंह, रामबिलास प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद सिन्हा, शशिभूषण शर्मा, डॉ मदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## विक्रमशिला महोत्सवः लोकगीतों की गूंज पर झूमे श्रोता, नीतू नवगीत ने बांधा समां

निज संवाददाता | भागलपुर




भागलपुर में आयोजित विक्रमशिला महोत्सव ने लोकसंस्कृति की धारा को एक नए आयाम पर पहुंचाया। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार और भागलपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस महोत्सव में श्रोताओं को लोकगीतों की रसधारा में डुबोते हुए सुप्रसिद्ध गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने स्वर कोकिला स्वर्गीय शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने छठ गीत 'मांगीला हम वरदान हे गंगा मइया' गाकर न केवल श्रद्धा प्रकट की, बल्कि श्रोताओं को भावुक कर दिया। डॉ. नीतू नवगीत ने महेंद्र मिश्र के चर्चित गीत 'पटना से बैदा बुलाइद हो नजरा गईनीं गुईयां' और भिखारी ठाकुर के लोकनाट्य विदेशिया के प्रसिद्ध गीत 'पियवा गइले कलकत्तवा' का ऐसा जादू बिखेरा कि श्रोता झूम उठे। उनके साथ कोरस में दिव्या श्री और चंदन उगना ने भी अपनी आवाज का योगदान दिया। केशरी ने मैथिल कोकिल विद्यापति की रचनाएं 'जय जय भैरवी असुर भयाउनी' और 'जगदंबा घर में दियरा' गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रोताओं को विद्यापति की गीतों में छिपे लोकजीवन और आध्यात्मिक भावनाओं का अद्भुत अनुभव हुआ। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या का मंच संचालन शशि प्रभा और सुधीर पांडे ने किया। अपने बेहतरीन संवाद और प्रस्तुति के साथ उन्होंने कार्यक्रम को ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। विक्रमशिला की ऐतिहासिकता पर नवगीत का विचार डॉ. नीतू नवगीत ने अपने संबोधन में विक्रमशिला की ऐतिहासिक भूमि को नमन करते हुए कहा कि यह वह स्थान है जहां से ज्ञान की किरणें पूरी दुनिया में फैलीं। उन्होंने कहा कि बिहार की यह भूमि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अद्वितीय है, और इसे राष्ट्रीय मंचों पर उजागर करना गर्व की बात है। विक्रमशिला महोत्सव ने न केवल बिहार की समृद्ध लोकसंस्कृति और संगीत को सहेजने का काम किया, बल्कि लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी प्रयास किया। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि लोककला और संस्कृति समाज की आत्मा है, जिसे संजोकर रखना हमारी जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं सम्मानित

**आरा**| वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग में प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। अध्यक्षता विभाग के हेड प्रो (डॉ.) ललित सागर ने किया। पीजी. की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सत्र, 2020-22 की छात्रा खुशबू कुमारी, गंगा कुमारी तथा अलख निरंजन को विभाग में सर्वोच्च अंक मिलने पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान मिला। प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसी क्रम में सत्र, 2021-23 की आर्या सिंह, प्रिया कुमारी तथा श्रेया कुमारी को भी विभाग में सर्वोच्च अंक प्राप्ति के लिए क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान मिला। प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। भाषण, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तथा द्वितीय स्थान क्रमशः पीजी सेमेस्टर प्रथम के बसंत कुमार तथा द्वितीय सेमेस्टर की आकांक्षा कुमारी ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः पीजी द्वितीय सेमेस्टर की प्रीति कुमारी, अभिषेक कुमार तथा नित्यम कुमारी ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः पीजी द्वितीय सेमेस्टर के प्रीति कुमारी, अभिषेक कुमार तथा चिंकी कुमारी ने प्राप्त किया। उत्कृष्ट उपस्थिति के लिए बसंत कुमार, चिंकी कुमारी तथा रिया कुमारी को भी सम्मानित किया गया।

### दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**आरा**| बीते सोमवार 12 वर्षीय मासूम छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने की घटना में पुलिस ने आरोपी नारायण साह को शुक्रवार को जेल भेज दिया। टाउन थाना के थानाध्यक्ष देवराज ने बताया कि टाउन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली 12 वर्षीय मासूम छात्रा के साथ सोमवार की रात बगल के ही एक व्यक्ति के द्वारा दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दिया गया था। घटना के बाद मृतका के परिजन के तरफ से नारायण साह को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया था। घटना को अंजाम देने के भागने का प्रयास कर रहे आरोप नारायण साह को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ कर पिटाई कर दी थी। जिसका सदर अस्पताल में इलाज कराने के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

### 24 से 27 तक आरा में विद्यार्थी परिषद का दक्षिण बिहार अधिवेशन : अभाविप

**आरा**। महाराजा कॉलेज, आरा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांत का 66 वां प्रांत अधिवेशन 24 से 27 दिसंबर तक होगा। 24 दिसंबर को प्रदर्शनी उद्घाटन और 25 दिसंबर को अधिवेशन का उद्घाटन होगा। मुख्य अतिथि श्री श्री 108 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज व विशिष्ट अतिथि एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री शिवांगनी खारवाल होंगे। 26 दिसंबर को शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा और संध्या आठ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्य अतिथि भोजपुरी गायक अभिनेता रितेश पांडेय होंगे। 27 दिसंबर को इस प्रांतीय अधिवेशन का समापन होना है। उक्त बातें प्रेसवार्ता में स्वागत समिति के अध्यक्ष महापौर इंदु देवी, व्यवस्था प्रमुख चंदन तिवारी, डॉ अमरेंद्र कुमार और डॉ गौतम कुमार ने बताया। श्री तिवारी ने बताया कि इस अधिवेशन में पूरे दक्षिण बिहार प्रांत से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों का आगमन होना है। इस अधिवेशन में विश्वविद्यालयों में फैले शैक्षणिक अराजकता, छात्र हित से जुड़े सामाजिक-राष्ट्रहित के कार्यों, स्वास्थ्य एवं रोजगार पर चर्चा की जाएगी। साथ ही एक मेनिफेस्टो भी तैयार होगा। राष्ट्रवादी विचारधारा के कई बड़े और नामचीन चेहरे शामिल होंगे। स्वागत समिति का घोषणा करते हुए बताया कि इस समिति के संरक्षक पवन श्रीवास्तव, अमरेंद्र प्रताप सिंह और अजय सिंह होंगे। स्वागत मंत्री डॉ अमरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. प्रेम रंजन चतुर्वेदी, आदित्य विजय जैन, डॉ रणविजय सिंह, सूर्यभान सिंह, कौशल विद्यार्थी, राजेंद्र तिवारी, अमरेंद्र सक्रवार, ओमप्रकाश भुवन, डॉ अर्चना सिंह, रूबी तिवारी और सुरेश सरोज सिंह होंगे। सह मंत्री डॉ. विकाश सिंह, अखिलेश पाण्डेय, डॉ. अमर उपाध्याय, उदय सिंह, संतोष पाठक, रामदिनेश यादव, मदन स्नेही, गुड्डू सिंह बबुआन, कृष्णदेव यादव और विपुल कुमार होंगे। समिति के सदस्य मधेश्वर सिंह, डॉ.ओमप्रकाश केसरी, डॉ. नरेंद्र प्रताप पालित आदि मौजूद थे।

### आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन 26 से शुरू

**आरा**| शिक्षा विभाग ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के नामांकन के लिए ज्ञानदीप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन मांगा है। छात्रों के पंजीकरण, सत्यापन, ऑनलाइन स्कूल आवंटन एवं चयनित छात्रों का विद्यालय में प्रवेश का प्रोग्राम जारी किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि शैक्षणिक सत्र, 2025-26 में आरटीआई के तहत नामांकन लेने के लिए आवेदकों को ज्ञानदीप पोर्टल पर निर्धारित समयानुसार रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 25 जनवरी तक नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन होगा। 15 फरवरी से स्कूल आवंटित किया जाएगा। चयनित छात्रों का सत्यापन 30 दिसंबर से 10 फरवरी तक होगा। विद्यालय में प्रवेश 16 फरवरी से 28 फरवरी तक होगा। आरटीआई के तहत उन्हीं बच्चों का नामांकन निजी विद्यालयों में होगा जिनके माता-पिता का वार्षिक आय एक लाख रुपए (अलाभकारी समूह) / दो लाख रुपए ( कमजोर वर्ग ) तक का है। वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समूह से आते हो। नामांकन के समय जन्म प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, माता-पिता या अभिभावक का आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज अनिवार्य है।

### डीएम के निर्देश पर गली नली के योजनाओं की हुई जांच

**आरा**| डीएम के निर्देश पर कोईलवर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत में नाली गली की योजनाओं की जांच हुई। इस दौरान पंचायत के भगवतपुर व बिशुनपुर गांव में नाली की गहराई, पेवर ब्लॉक व ढ़लाई की मोटाई की मापी की गई। डीएम द्वारा गठित जांच दल में शामिल जिला अभियंता कालिका प्रसाद ने योजनाओं की जांच की। एक सप्ताह में शुक्रवार को दूसरी बार इन योजनाओं की जांच हुई। जिला अभियंता ने बताया कि जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपेंगे। योजनाओं की जांच से पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि जिला बीस सूत्री कमिटी के सदस्य संजय कुमार चौधरी व कुमार आशुतोष ने जिलाधिकारी से मिलकर योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत की थी। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर जांच दल का गठन हुआ।



### पीड़ित परिवार से मिले विभिन्न राजनीतिक दल के नेता

**आरा**। छात्रा से दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना में शुक्रवार को आरा विधायक सह बिहार कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने पीड़ित परिवार से मिल सांत्वना दिया। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी को फोन करके पीड़ित परिवार के घर बुलाए और परिजन को 8 लाख 12 हजार देने की बात कही। अमरेंद्र प्रताप सिंह ने पीड़ित परिजन के बच्चों का स्कूल में मुफ्त नामांकन करने की भी बात कही। विधायक के साथ पार्टी के मुन्ना महतो, भाजपा नगर अध्यक्ष जीतू चौरसिया और नगर किसान मोर्चा दिनेश सिंह थे। राष्ट्रीय लोजपा के जिला अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में दलित सेना राष्ट्रीय लोजपा के जिला अध्यक्ष डॉ मिथलेश पासवान, राष्ट्रीय लोजपा के महिला जिला अध्यक्ष आरती देवी ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दिया और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही। दूसरी तरफ, जिला अध्यक्ष लोजपा रामविलास के राजेश्वर पासवान ,संतोष पासवान ,राजेश साहू जिला अध्यक्ष संसदीय बोर्ड,मनोज पासवान , शहनवाज बलि ,विकास सिंह अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा का शिष्ट मंडल मृतका के घर जाकर उनके परिजनों से मिला और आरोपी को फांसी देने की मांग सरकार और प्रशासन से किया।

# बक्सर सदर अस्पताल में सफाई व्यवस्था बदहाल

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर सदर अस्पताल की बदहाल सफाई व्यवस्था ने मरीजों और उनके परिजनों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। हालात इतने खराब हैं कि अस्पताल परिसर में खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। आगंतुकों और मरीजों ने सफाई व्यवस्था की कड़ी आलोचना की है। महदह गांव के निवासी रोहित सिंह, जो अपने मित्र को देखने अस्पताल पहुंचे थे, ने बताया, "यहां इतनी दुर्गंध है कि कुछ समय के लिए खड़ा रहना मुश्किल है। इमरजेंसी वार्ड में बेड पर खून और गंदगी जमी है, जिसे साफ नहीं किया गया। मरीज यहां इलाज कराने आएंगे या और बीमार होकर जाएंगे?"

**खर्च बढ़ा, लेकिन सुधार नहीं**ः अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 57,000 वर्ग फीट क्षेत्रफल वाले अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था पर पहले प्रति माह लगभग 4 लाख रुपये खर्च होते थे। लेकिन जब से सफाई की जिम्मेदारी जीविका को दी गई है, यह राशि बढ़कर 10 लाख रुपये हो गई है। बावजूद इसके, इमरजेंसी वार्ड से लेकर जनरल वार्ड तक हर जगह गंदगी पसरी हुई है।हाल ही में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने अस्पताल का दौरा किया था और सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की थी।

**सफाई व्यवस्था को तुरंत सुधारने की मांग**ः सिंडिकेट क्षेत्र की राधिका देवी, जो अपनी बहू के इलाज के लिए अस्पताल आई थीं, ने कहा, "सफाई कर्मी थोड़ी-बहुत सफाई कर चली जाती है, लेकिन गंदगी जस की तस बनी रहती है। बदबू से खड़ा होना मुश्किल है।"प्रताप सागर निवासी विजय सेठ ने कहा, "बेड पर चादर नहीं है, हमें अपना चादर लेकर आना पड़ा। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। "मरीजों और उनके परिजनों ने सरकार और प्रशासन से सफाई व्यवस्था को तुरंत सुधारने की मांग की है। 10 लाख रुपये के मासिक खर्च के बावजूद सफाई की बदहाली सवाल खड़े करती है। अगर जल्द ही कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

**जीविका को मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी**ः सफाई के साथ-साथ चादर और पर्दे की धुलाई की जिम्मेदारी भी जीविका को दी गई है। इसके लिए अतिरिक्त भुगतान किया जाता है। लेकिन मरीजों का कहना है कि बेड पर चादर उपलब्ध नहीं रहती, जिससे उनकी परेशानियों और बढ़ जाती हैं।

**जिला परिषद ने भी उठाए सवाल**ः जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमानंद यादव ने कहा, "अस्पताल में साफ-सफाई सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन यहां हालात दयनीय हैं।

## नगर आयुक्त की मनमानी के खिलाफ व्यावसायिक संघ का धरना आज



निज संवाददाता। आरा

नगर निगम के तानाशाही रवैये के खिलाफ एवं दुकान के किराया में मौखिक आदेश पर, भारी वृद्धि के खिलाफ दुकानदारों की बैठक श्री कृष्ण चेतना समिति भवन स्टेशन रोड में हुई। अध्यक्षता व्यवसायी संघ के के नगर सचिव बबलू गुप्ता ने की। बबलू गुप्ता ने कहा कि नगर आयुक्त के तानाशाही रवैये से दुकानदार तंग और तबाह है। ये ऐसे नगर आयुक्त है जो निगम के बोर्ड के फैसले को भी ताख पर रखकर गैर कानूनी रूप से अपना फैसला थोपना चाहते हैं। नगर आयुक्त 2012 से 25% की वृद्धि करना चाहते है। बोर्ड ने 2012 में सर्वसम्मति से 7 % किराया बढ़ाया था, जो दुकानदार दे भी रहे है। नगर आयुक्त एक ही मुर्गे को बार-बार हलाल करना चाहते है। जब 7% की बढ़ोतरी 2012 में हो गया तो फिर 25% की बढ़ोतरी कैसे होगा। बैठक में सभी दुकानदारों ने निर्णय लिया कि शनिवार को जेपी स्मारक के पास नगर निगम के नगर आयुक्त की मनमानी के खिलाफ धरना दिया जाएगा। बैठक में शामिल लोगो मै व्यवसायिक संघ के जिला सह सचिव राजनाथ राम, उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, मो अब्दुल बहाब, नंदकिशोर प्रसाद, अशोक प्रसाद, जितेन्द्र सिंह, राजू प्रसाद, राम बिनय सिंह, भीम कुमार, बालमुकुन्द चौधरी, मंजर हुसैन, हरिशंकर कुमार, रणजीत राठौर, अशोक कुमार सहित कई दुकानदार शामिल थे।

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में अधिकारी रहे नदारद

निज संवाददाता। आरा

प्रशासन गांव की ओर... यह कार्यक्रम जिला में चलाया जा रहा है। इससे संबंधित शिविरों में हर विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहने का सरकारी निर्देश है। इसके बावजूद कैसेरू में प्रखंड स्तरीय अधिकारी नहीं हो रहे हैं। इसी बीच डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार शुक्रवार को 14 प्रखंडों के 50 पंचायतों में विशेष शिविर लगा। जिला प्रशासन की विज्ञप्ति में कहा गया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, जीविका, वाल विकास परियोजना, कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजना आदि से संबंधित कुल 841आवेदन आए, 347 का निष्पादन किया गया। यह 19 से 24 दिसंबर तक होगा। शुक्रवार को जगदीशपुर प्रखंड के तीन पंचायतों बिचला जंगल महाल, चकवां व दलीपपुर में शिविर लगा। चकवां पंचायत भवन पर ग्रामीणों ने कैम्प का विरोध किया। जिससे लगभग एक घंटे तक कैम्प में शामिल होने के लिए पहुंचे कर्मी बगैर कार्य किये चुपचाप बैठे रहे। बिचला जंगल महाल के कैम्प स्थल पंचायत भवन तेंदुनी पर इक्के- दुक्के ग्रामीण थे। कार्यपालक सहायक रोहित कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर रामाशंकर कुमार, पंचायत सचिव नारायण राम, स्वच्छता पर्यवेक्षक संतोष कुमार सिंह, मनरेगा कार्यालय के कर्मी, डॉ. रश्मि कुमारी, सीएचओ प्रभा, एएनएम सीमा कुमारी व अरविंद कुमार थे।

## नगर पंचायत में अग्निशमन टीम ने किया कार्यक्रम

निज संवाददाता। बक्सर



♦ आग से बचाव की दिए जानकारी, बोले- खाना बनाते समय सूती कपड़ा पहनें

बक्सर के नगर पंचायत क्षेत्रों में अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव और सुरक्षा के उपायों के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, दुकानदारों और फैक्ट्री कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए और इससे बचने के लिए कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए, इसकी जानकारी दी जा रही है।

**सावधानियां और सुझाव**ः फायर ब्रिगेड के जवानों ने लोगों को बताया कि बीड़ी-सिगरेट से बचाव कैसे किया जाए। बिस्तर पर लेटकर बीड़ी-सिगरेट का सेवन न करें और उनके अधजले टुकड़ों को इधर-उधर न फेंकें। दियासलाई और ज्वलनशील वस्तुएं बच्चों की पहुंच से दूर रखें। चूल्हे की आग और ईंधन को पूरी तरह बुझा दें। रात्रि में गैस सिलेंडर और रेगुलेटर को बंद करके सोएं। गैस पाइप पुरानी होने पर तुरंत बदलें। खाना बनाते समय सूती कपड़े पहनें और पास में एक बाल्टी पानी रखें। कटे-फटे बिजली के तारों को तुरंत बदलें।

**जनजागरूकता कार्यक्रम और पर्चे वितरित**ः अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने नगर पंचायत के विभिन्न मार्गों और चौराहों पर एकत्र होकर पर्चे वितरित किए और आग से बचाव के उपायों के बारे में बताया। महिलाओं को विशेष रूप से गैस सिलेंडर और लकड़ी के चूल्हों के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

**आपातकालीन नंबर की जानकारी**ः अग्निशमन विभाग के चालक दीपक पासवान और अग्निक दिलीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना तुरंत डायल 101 पर दें। पर्चों में यह भी बताया गया कि 112 पर भी आगजनी की सूचना दी जा सकती है।

**महिलाओं के लिए खास संदेश**ः दिलीप कुमार ने महिलाओं को सलाह दी कि खाना बनाते समय सूती कपड़े पहनें और खाना बनाने के बाद चूल्हा और गैस सिलेंडर दोनों को बंद करें। लकड़ी या अन्य ईंधन पर खाना बनाने के बाद आग को पूरी तरह बुझा दें।

**जागरूकता बढ़ाने में शामिल टीम**ः इस अभियान में चालक दीपक पासवान, अग्निक दिलीप कुमार, अजय कुमार राम, और महेंद्र राय ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

**सुरक्षा के प्रति जागरूकता जरूरी**ः अग्निशमन विभाग का यह प्रयास आगजनी की घटनाओं को रोकने में सहायक हो सकता है। लोगों को आपातकालीन स्थिति में तुरंत मदद लेने और सुरक्षा उपायों को अपनाने के प्रति जागरूक होना चाहिए।

## अभी और बढ़ेगा तापमान, नये साल में लगेगी ठंड

निज संवाददाता। बक्सर



जिले के मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। दिन में तेज धूप निकल रही है। जबकि सुबह-शाम और देर रात ठंड लगने लगती है। इसके चलते शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं। धूप तीखी होने के कारण फिलहाल दिन में ठंड का असर नहीं रहता। दिन और रात के तापमान में करीब 12 डिग्री का अंतर रह रहा है। बता दें कि पिछले 4-5 दिनों से जिले का अधिकतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार की सुबह जिले के कुछ इलाकों में कोहरा छाया रहा। हालांकि 8 बजे से ही धूप निकल गई। इससे लोगों को ठंड से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार इस महीने तापमान में फिलहाल बढ़ोतरी होगी। अधिकतम तापमान 27 तो न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। हालांकि अगले वर्ष की शुरुआत से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में तेजी से कमी आएगी। शुक्रवार की सुबह छाया कोहरा। बता दें कि दिसंबर माह बीतने को है, लेकिन अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग 3 से 4 डिग्री अधिक रह रहा है। इसके कारण तेज ठंड नहीं पड़ रही है। मौसम विशेषज्ञ इसका एक और कारण पश्चिम विक्षोभ का नहीं आना भी बताते हैं। सबसे पहले तो वर्षा कम हुई। इसके बाद मॉनसून लौटने के बाद कोई विक्षोभ नहीं आया, इसके कारण कारण बारिश नहीं हो सकी। फिलहाल पुरुआ हवा बह रही है। इस कारण तापमान सामान्य से अधिक रह रहा है। इसका असर रबी फसल की बुआई पर भी पड़ रहा है। क्योंकि, खेतों की मिट्टी में नमी कम है। दूसरी और मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। लोग सर्दी खांसी से पीड़ित हो रहे हैं। डॉक्टरों ने बचाव के उपाय भी सुझाए हैं। इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों पर काफी ध्यान देने की जरूरत है। गुनगुना पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

## टाउन, कोईलवर व नवादा थानों का निरीक्षण, तत्परता का निर्देश




निज संवाददाता। आरा

एसपी श्रीराज ने गुरुवार-शुक्रवार की रात कोईलवर, नवादा और टाउन थानों का औचक निरीक्षण किया। एसपी श्रीराज के अचानक रात में कोईलवर थाना पहुंचने के बाद पुलिसकर्मियो में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने संतरी ड्यूटी, रोस्टर, समेत सरिस्ता का भी निरीक्षण किया। रात्रि ओडी में तैनात एसआई जितेंद्र कुमार तिवारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की सतर्कता और कार्य-कुशलता का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में आरा-कोईलवर रोड पर कुल्हाड़ियां क्षेत्र में डायल 112 की गश्ती गाड़ी का भी एसपी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारियों का निर्वहन प्रभावी ढंग से करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उसी क्रम में एसपी ने नवादा और टाउन थाना का भी औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, पेंडिंग वारंट व विभागीय कामकाज में सक्रिय रहने का हिदायत दिया।

## भक्ति से होता है कल्याण : आचार्य गुप्तेश्वर

निज संवाददाता। बक्सर



नगर के सती घाट स्थित लाल बाबा आश्रम में 18 दिसंबर से शुरू नौ दिवसीय श्रीराम कथा में हर दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यह आयोजन पूज्य लाल बाबा सरकार के 18वें निर्वाण दिवस पर किया गया है। जगतगुरु रामानुजाचार्य गोविन्दाचार्य, पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर जी महाराज ने कथा के तीसरे दिन प्रवचनों में कहा कि जो व्यक्ति कथा का व्यापार करता है, उसका भला नहीं होता। जो भगवान श्रीराम की श्रद्धा और भक्ति से कथा कहते और सुनते हैं, उनका जीवन कल्याणमय हो जाता है। महाराज जी ने कहा कि ईश्वर का प्रमाण वेद है। वेद के प्रत्येक मंत्र में ईश्वर का वास है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ईश्वर को नहीं मानता, वह नास्तिक नहीं होता, बल्कि जो वेद को नहीं मानता, वही नास्तिक होता है। इस श्रीराम कथा का समापन 27 दिसंबर को भंडारे के साथ होगा। लाल बाबा आश्रम के महंत सुरेन्द्र जी महाराज के सान्निध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। कथा का आयोजन दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इस अवसर पर कथा व्यास चिंताहरण जी महाराज समेत कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। इनमें पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, शहर के व्यवसायी प्रदीप राय, जदयू नेता आजाद सिंह राठौड़, नीरज सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, बबलू तिवारी, गुरु गणेश उपाध्याय, मनोज वर्मा, पुना बाबा, लल्लू वर्मा, रंजीत राय, राकेश वर्मा, रतन शर्मा, ललन शर्मा, राजू वर्मा, छोटू उपाध्याय, जिउत साधु, शशिभूषण पांडेय, सुगंध, बिमलेंद्र पांडेय, अनिरुद्ध तिवारी, शिवजी चौधरी, सुरेन्द्र वर्मा, रणधीर श्रीवास्तव, और जोधा यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अबतक पिछले साल के लक्ष्य के अनुरूप हो रही थी खरीदारी

निज संवाददाता। बक्सर



15 नवंबर से जिले में धान की खरीद शुरू हो चुकी है। हालांकि धान खरीद की रफ्तार तेज नहीं हो रही है। अब तक 830 किसानों से 8526. 995 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। डीएम अंशुल अग्रवाल ने प्रतिदिन 5000 से 6000 एमटी धान खरीद का लक्ष्य दिया है। बता दें कि जिले में धान खरीद को लेकर नया लक्ष्य तय किया गया है। पहलेएक लाख 71 हजार 942 एमटी लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि 1 लाख 63 हजार 799 एमटी का लक्ष्य रखा गया है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान 2300 रुपए तथा ए ग्रेड का धान 2320 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिन किसानों का वर्ष 2023-24 में धान बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है, उन्हें वर्ष 2024-25 में धान विक्रय करने हेतु निबंधित मान लिया गया है। उन्हें अलग से रजिस्ट्रेशन कराने की कोई आवश्यकता नहीं है। सहकारिता विभाग वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति ई-सहकारी पोर्टल के माध्यम से कर रहा है। इसके लिए धान विक्रय के लिए पैक्स व व्यापार मंडल में अग्रिम बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। धान विक्रय करने के 48 घंटे के अंदर पीएफएमएस के माध्यम से उनके खाते में पैसा भेज दिया जाएगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रमा राम ने बताया कि जिले में 142 पैक्स और 8 व्यापार मंडल हैं। जिले में जिला टास्क फोर्स के द्वारा 121 पैक्स व 7 व्यापार मंडलों का चयन अब तक किया गया है।

जिस पैक्स का चयन नहीं हुआ है उसे नजदीकी पैक्स से संबंधित कर दिया गया है। बता दें कि धान खरीद के बीच बिचौलिए भी हावी हो चुके हैं। वह सीधे खलिहान तक पहुंचकर किसानों से धन 2100 से 2200 रुपए प्रति क्विंटल के बीच खरीद रहे हैं। जबकि किसानों का भी कहना है कि हमें बाजार में धान बेचने में कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में धान बेचने की प्रक्रिया को सहकारिता विभाग के द्वारा और भी आसान करना होगा। इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार और मॉनिटरिंग भी करनी होगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रमा राम ने बताया कि 15 नवंबर से ही धान की खरीद शुरू है। अबतक पिछले साल के लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद का लक्ष्य तय किया गया था। हालांकि अब जिले में नया लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार ही धान की खरीदारी करने का निर्देश पैक्सों और व्यापार मंडलों को दिया गया है। इसको लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेवारी भी तय कर दी गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस छह जनवरी तक रहेगी डायवर्ट

**भागलपुर**। लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या छावनी-जाफराबाद खंड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेन नंबर 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस 23, 30 दिसंबर व 06 जनवरी को बदले मार्ग से चलेगी। यह ट्रेन जाफराबाद से सुल्तानपुर होते हुए लखनऊ जाएगी। वहीं, ट्रेन नंबर 19615 उदयपुर से कामाख्या के बीच चलने वाली कविगुरु एक्सप्रेस 06 जनवरी को दो घंटे की देरी से रवाना होगी। इसी तरह भागलपुर होकर बठिंडा और बालुरघाट जाने वाली 15734/33 फरक्का एक्सप्रेस सप्ताह में सोमवार, बुधवार व शनिवार को इसी मार्ग से जाती है। जबकि ट्रेन नंबर 15743/44 फरक्का एक्सप्रेस मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार व रविवार को अयोध्या के रास्ते सफर तय करती है।

### सड़क हादसे में कदवा दियारा के युवक की मौत

**भागलपुर**। कदवा दियारा बोरवा टोला के युवक रणवीर कुमार की गुरुवार रात मायागंज अस्पताल में मौत हो गई। शुक्रवार को उसके पिता मानकेश्वर साह ने बरारी पुलिस के पास फर्द बयान दर्ज कराया। इसमें बताया कि 13 दिसंबर को बाइक से मेरे भतीजे रतन देव के साथ बेटा रणवीर भागलपुर आ रहा था। घर से कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद विजय घाट पुल से करीब सौ मीटर आगे बढ़ा ही था कि किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क किनारे गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने हमे सूचना दी तो हमलोग वहां पहुंचे। दोनों घायल अवस्था में वहां गिरे हुए थे। वहां से दोनों को उठाकर भागलपुर के ग्लोकल हॉस्पिटल लाए, वहां से बेटे रणवीर को गंभीर बताकर मायागंज अस्पताल भेज दिया। यहां उसका इलाज चल रहा था कि 19 की रात मौत हो गई।

### कांग्रेस ने किया आंबेडकर का अपमान : आशुतोष

**मुंगेर**। भाजपा नेता आशुतोष पासवान ने कहा है कि गृहमंत्री द्वारा राज्यसभा में दिये गये बयान को कांग्रेस पार्टी तोड़-मरोड़ कर नकारात्मक प्रचार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में संविधान पर अपने जवाब में यह स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने अपने पूरे शासनकाल में बाबा साहब को अपमानित करने का काम किया, उनकी पहचान को समाप्त करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने तो आरक्षण को समाप्त करने तक की वकालत की। भाजपा नेता ने कहा कि 2014 के बाद से हमारे देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने देश के संविधान, संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव आंबेडकर एवं दलित समाज के लिए जो योजनाएं और जो कार्य किया वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक कांग्रेस शासनकाल में नहीं हुआ है। आज बड़े संख्या में देश के संसद में दलित समाज का प्रतिनिधित्व देने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।

### "सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ लेने को लोगों को जागरूक करें"

**भागलपुर**। डीएम नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिला व अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों की प्राथमिकता सूची वाले पेंडिंग कामों के निपटारे की स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें सामान्य शाखा, राजस्व शाखा, ग्रामीण विकास, विधि शाखा, आपूर्ति शाखा, सामाजिक सुरक्षा, निर्वाचन, बाल विकास परियोजना, समाज कल्याण, भू-अर्जन, परिवहन, योजना, अल्पसंख्यक कल्याण, जिला नजारत, उद्योग, आपदा प्रबंधन से संबंधित प्राथमिकता सूची वाले कामों की समीक्षा की गई।



इस दौरान डीएम ने जिले को कुपोषण मुक्त करने को लेकर चलाए गए अभियान मिशन केयर@ 45 की उपलब्धियों से संबंधित रिपोर्ट राज्य स्तर पर भेजने के लिए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा के तहत कई योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए लोगों को जागरूक करने को सभी मुखिया को पत्र भेजने को कहा गया, ताकि वे लोग जान सके कि विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभुकों को क्या-क्या करना है? बैठक में एनएच के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने बताया कि भागलपुर-कहलगांव के बीच एनएच-80 में सिर्फ 400 मीटर की ढलाई का काम बचा हुआ है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड के लाभुकों का आधार सत्यापन अंतिम चरण में है। जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। डीएम ने सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी को रोज अपनी प्राथमिकता सूची वाले कामों को संवेदनशीलता से जल्द निपटाने के निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी, नवगछिया एसडीओ, अपर समाहर्ता (राजस्व), अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी आदि थे।

### पोर्टल पर जरूर अपडेट करें मरीजों का डाटा

**मुंगेर**। सदर अस्पताल स्थित प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल में गुरुवार को एनसीडी में आने वाले मरीजों के ट्रीटमेंट एंड फॉलोअप को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सीएचओ को गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. के रंजन ने प्रशिक्षण दिया। जहां उनके साथ कंसलटेंट नितिन कुमार मौजूद थे। गैर-संचारी रोग पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 30 या उससे अधिक उम्र वाले मरीजों को एनसीडी की सुविधा प्रदान की जाती है। वहीं अब यह सुविधा एफडब्ल्यूसी पर भी उपलब्ध है। जिले में अबतक के 6 सालों में 4.5 लाख लोगों को एनसीडी में स्क्रीनिंग किया गया है। जिसमें उनका बीपी, शुगर आदि का जांच किया जाता है। उन्होंने बताया कि एनसीडी स्क्रीनिंग मामले के कुल 37 प्रतिशत में 17.15 प्रतिशत मरीज हाइपर टेंशन तथा 14.45 प्रतिशत मरीज डाइबिटीज के पाये गये हैं। ऐसे में इनकी पहचान व ट्रीटमेंट के साथ उनका फॉलोअप जरूरी है। उन्होंने कहा कि एफडब्ल्यूसी पर संचालित एनसीडी में आने वाले सभी मरीजों का ट्रीटमेंट एंड फॉलोअप नियमित रूप से सीएचओ एनसीडी पोर्टल पर अपडेट करें, इससे मरीजों का डाटा सुरक्षित रखने तथा उनके बीमारियों के फॉलोअप में मदद मिलेगी।

## भागलपुर में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की पहल

# किसानों को मिलेगा रियल टाइम समाधान, मिलेगा हर सवाल का जवाबः कुलपति




निज संवाददाता। भागलपुर

बिहार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी सबौर की ओर से चलाए जा रहा 'सवाल-जवाब' कार्यक्रम अब किसानों तक और भी प्रभावी ढंग से पहुंचेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोकप्रिय इस कार्यक्रम का प्रसारण अब कृषि ज्ञान वाहनों में भी किया जाएगा। ये वाहन जिस भी जिले में मौजूद होंगे, वहां के किसान, यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट से सीधे संवाद कर सकेंगे।

ये कार्यक्रम हर शनिवार को प्रसारित होगा और बिहार कृषि विश्वविद्यालय की ओर से संचालित कृषि ज्ञान वाहनों के अलावा, बिहार सरकार के बामेती, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना और डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा की ओर से संचालित वाहनों में भी उपलब्ध होगा। इसका सीधा प्रसारण इन वाहनों में लगे बड़े टीवी स्क्रीन पर किया जाएगा, जिससे किसान वहीं से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सवाल पूछ सकें।

कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने कहा कि इस कदम से दूर-दराज के किसानों को खेती और पशुपालन से जुड़ी समस्याओं का समाधान रियल टाइम में मिल सकेगा। यह पहल किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस वर्ष बिहार कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हाईटेक कृषि ज्ञान वाहनों का निर्माण किया गया था, जिसका लोकार्पण बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया गया था। ये वाहन किसानों को कृषि और पशुपालन से संबंधित समस्याओं की जांच और समाधान के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। कार्यक्रम न केवल किसानों को जागरूक करेगा बल्कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान भी प्रदान करेगा। जिससे राज्य में कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में सुधार होगा।

### प्रसूता को रेफर की जानकारी देंगे जिला अस्पताल

**भागलपुर**। भागलपुर के मायागंज अस्पताल के स्त्रीरोग व प्रसव समेत शिशुरोग विभाग में दो दिवसीय डॉक्टर्स मेंटरिंग ट्रेनिंग का समापन हुआ। बिहार सरकार और पीएचएफआइ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में जेएलएनएमसीएच के शिशु रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की और से बांका सदर हॉस्पिटल के डॉक्टरों को ट्रेनिंग दी गई। इसमें बच्चों एवं महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं उनके निदान के संबंध में डिजिटल मैनिक्विन के बारे में बताया गया। डॉक्टरों को बताया गया कि जिला अस्पतालों में सुरक्षित डिलीवरी व नवजात की सुरक्षा होने से मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पर मरीजों का दबाव घटेगा।

डिलीवरी में अधिक ब्लीडिंग होने या प्रसव में परेशानी के दौरान सिजेरियन विधि का प्रयोग करें। जरूरत पड़ने पर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के चिकित्सकों से संपर्क करें। रेफर की पूर्व सूचना दें। बताया गया कि अगर ऐसा होता है तो फिर इससे मरीज के इलाज की पहले से तैयारी रहेगी। इस पहल से शिशु व मातृ मृत्युदर में कमी आएगी।

## अतिक्रमण की वजह से सड़क निर्माण अधूरा, 52 चिन्हित जगहों पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के पीरपैंती से गुजरने वाले NH-133 पर इशीपुर बाराहाट बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़क निर्माण कार्य बाधित है। बाजार के बीच केजरीवाल धर्मशाला से बाराहाट मेडिकल तक करीब 300 फीट सड़क के आधे भाग में पीसीसी ढलाई नहीं की गई है। सड़क के आधे भाग होकर ही दोनों तरफ से वाहनों के परिचालन के कारण हर दिन यहां जाम लगता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। अतिक्रमण वाले जगहों को चिन्हित कर आज प्रशासन बुलडोजर कार्रवाई करेगी। सीओ मनोहर कुमार ने बताया कि अतिक्रमण वाले 52 जगहों को चिन्हित कर लिया गया है। जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है, उन्हें पहले भी नोटिस दिया जा चुका है। लगातार चेतावनी के बाद भी सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।

**कई बार भेजा जा चुका है नोटिस**



**पहले चलाया जा चुका है अतिक्रमण हटाओ अभियानः** इससे पहले जाम की समस्या को लेकर भागलपुर के शहरी इलाके में पुलिस की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था, जिससे शहर काफी हद तक जाम की समस्या से राहगीरों को निजात मिला था। कुछ दिन पहले भागलपुर स्टेशन चौक के समीप फुटपाथ पर लगाने वाले दुकानदारों को हटाया था। इसके बाद दुकानदारों ने एक बार फिर से अतिक्रमण कर लिया था, जिससे जाम की समस्या फिर से बन गई थी।

## तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत, कला केंद्र में होगा रंग महोत्सव का आयोजन

निज संवाददाता। भागलपुर

रंगग्राम जन सांस्कृतिक मंच भागलपुर की ओर से 21 से 23 दिसंबर तक कला केंद्र में भागलपुर रंग महोत्सव 2024 का आयोजन होगा। महोत्सव को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मंच व पंडाल को सजा लिया गया है और हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। डोकनियां धर्मशाला में विभिन्न प्रांतों से आने वाले कलाकारों के आवास स्थल नाट्यग्राम का शुभारंभ हुआ।

इतना ही नहीं देश के आठ प्रांतों के कलाकारों का पहुंचना शुरू हो गया है। सबसे पहले पटना की टीम रंगश्री पहुंची जिसके बाद मणिपुर और पश्चिम बंगाल की टीम पहुंची। उड़ीसा, गिरीडीह, जमशेदपुर, दमदम, कोलकाता, प्रयागराज की टीम भी जल्द पहुंचने वाली है। आयोजन समिति के संरक्षक मंडल सदस्य प्रकाश चन्द्र गुप्ता एवं समिति के अन्य सदस्यों ने नारियल फोड़ एवं फीता काट नाट्यग्राम का उदघाटन किया।




देवाशीष बनर्जी, डॉ अशोक यादव और जगतराम साह कर्णपुरी ने कहा कि यह आयोजन पिछले 10 वर्ष से सफलता के साथ होते आ रहा है और इस वर्ष भी हम इस काम पर पहुंच रहे हैं। अपसंस्कृति के खिलाफ चलाए जा रहे इस मुहिम में लगातार सहयोग मिल रहा है।

भागलपुर रंग महोत्सव के कार्यक्रम में लोक नृत्य ,शास्त्रीय नृत्य एवं विविध भारतीय भाषाओं में नाटक का मंचन किया जायेगा। इसके अलावा रंग जुलूस, नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन होगा। मौके पर आयोजन समिति के श्रीप्रकाश चौधरी, अरविंद आनंद, तकी अहमद जावेद,डॉ अशोक कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चालक पर यातायात पुलिस की कार्रवाई, नाबालिग ड्राइवरों पर पुलिस की कड़ी नजर

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में यातायात नियमों का उल्लंघन रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया है। यातायात डीएसपी प्रभात रंजन स्वयं सड़कों पर उतरकर इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

**ई-रिक्शा चालकों पर सख्तीः** अभियान में विशेष ध्यान नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर दिया जा रहा है। यातायात डीएसपी ने बताया कि पहले दिन दोषी पाए गए चालकों के अभिभावकों को बुलाकर बॉन्ड पेपर पर हस्ताक्षर कराकर छोड़ा जा रहा है। 21 दिसंबर से जिले के सभी थाना क्षेत्रों में यह अभियान तेज किया जाएगा। नाबालिग चालकों को ई-रिक्शा चलाते पकड़े जाने पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।



**अन्य वाहन चालकों पर कार्रवाईः** भगत सिंह चौक पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले। ट्रिपल लोडिंग करने वाले। ओवरलोड यात्री वाहन और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले। पुलिस ने इन सभी मामलों में जुर्माना वसूलने और कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

**यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजरः** यातायात डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि ट्रैफिक नियमों की अवहेलना लगातार बढ़ रही है। पहले जागरूकता अभियान चलाया गया। अब उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खासतौर पर

**25 हजार रुपए का कटा चालान**

नाबालिग चालकों और ओवरलोड वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**उद्देश्य और अपीलः** इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर सुरक्षा बढ़ाना और दुर्घटनाओं को रोकना है। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें। नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। मुंगेर में यातायात पुलिस की यह पहल सड़क सुरक्षा में सुधार और नियमों का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। लगातार निगरानी और कड़ी कार्रवाई से नियमों के उल्लंघन में कमी आने की उम्मीद है।

## रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव, नाक और मुंह पर वार के निशान

**परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, बोले- मिल चुकी थी धमकी**

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को घर से तीन किलोमीटर दूर रेलवे लाइन के किनारे युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। दरअसल, युवक का शव देखने से हत्या प्रतीत हो रहा है। मृतक के शरीर पर जख्म का निशान है। मुंह और नाक से ब्लड निकल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि पत्थर से कूच-कूच कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर होल्ड के पास बैसाखी कुंडी की है। मृतक की पहचान जोगीबीर निवासी संजय कुमार शाह के पुत्र आकाश उर्फ करू(25) के रूप में की गई है। परिजन ने कहा है कि आरोपी सुनील और अरुण शराब बेचते थे, जिसकी सूचना आकाश पुलिस को दे देता था। इसलिए दोनों ने मिलकर आकाश की हत्या की है। मृतक के



दादा और भाई बादल ने जोगीबीर के सुनील महतो और अरुण महतो पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है कि सुनील और अरुण ने पहले आकाश को जान मारने की धमकी दी थी। आकाश शुक्रवार की शाम को घर से निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं आया तो काफी खोजबीन भी किया, लेकिन कोई आता पता नहीं चला। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे किनारे शव देखा। जिसके बाद घटना की जानकारी इलाके में आग की तरह फैल गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंच कर शव की पहचान की।

## एसएसपी से मिलने का इंतजार करते रहे फरियादी, कुछ देर के लिए दफ्तर आए एसएसपी, पर बाहर से ही वापस निकल गए

निज संवाददाता। भागलपुर

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को एसएसपी आनंद कुमार से मिलने का फरियादी इंतजार करते रहे। लेकिन एसएसपी अपने चेंबर में बैठे ही नहीं। दोपहर करीब 1.44 बजे आए और सिटी एसपी रामदास के चेंबर गए। वहां कुछ देर बातचीत करने के बाद वह बाहर निकले और 1.48 बजे वहां से निकल गए। लिहाजा उनसे मिलने आए फरियादी निराश होकर वापस लौट गए। इनमें से एक पीरपैंती के 85 वर्षीय वृद्ध भी थे। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे ही आ गए थे, लेकिन अब सत्तू पीकर लौट जाएंगे। जमीन विवाद के मामले में वह एसएसपी से मिलने आए थे। हबीबपुर थाना स्थित चमेलीचक की नौसवा परवीन ने बताया कि 30 नवंबर को उसका पति शम्स



तवरेज खां नशे में मुझे और मेरे बेटे मो. राजू के साथ मारपीट की। इस दौरान बेटे के सीने में धारदार सामान मार दिया। इसकी शिकायत हमने चार दिसंबर को हबीबपुर थाने में कर दी। केस करने के बाद मेरे पति फिर 15 दिसंबर को घर आए और मारपीट की।

कहा कि केस उठाओ, नहीं तो तुम्हें और तुम्हारे बेटे को जान से मार देंगे। वहीं कहलगांव बुद्धुचक की ललिता देवी भी अपने पति की शिकायत लेकर पहुंची थी। आरोप था कि उसकी शादी 20 मार्च 2020 को मनोज सहनी से हुई थी। शादी के बाद एक बेटे का भी जन्म हुआ, लेकिन बाद में वह मुंबई कमाने चले गए। वहां से वापस लौटे तो चांदनी देवी नाम की एक औरत को साथ लेकर आए। अब उसे अपने घर में रखते हैं और हमे मारपीट कर भगा दिया। तभी से मैं अपने मायके में बेटे के साथ रहती हूं, इसलिए हम न्याय मांगने यहां आए थे। लेकिन एसएसपी से मुलाकात ही नहीं हो सकी। इसी तरह अन्य लोग भी अपनी-अपनी शिकायत लेकर आए थे। वहीं शहरी इलाके के कुछ लोगों से सिटी एसपी रामदास ने मुलाकात कर न्याय का भरोसा जरुर दिया।

## सिविल कोर्ट लिपि सीपीटी परीक्षा की तैयारी

निज संवाददाता। भागलपुर

जिला अधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा भवन में बैठक हुई। इसमें 22 दिसंबर को सिविल कोर्ट में लिपिक के पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित प्रारंभिक जांच परीक्षा (पीटी) के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी तृतीय पक्ष अधिकृत एजेंसी CF डाटा मेंशन रिसर्च सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है। बैठक में डीएम की ओर से संबंधित एजेंसी के नोडल पदाधिकारी अभिषेक को परीक्षा लेने के लिए अधिकृत करने से संबंधित पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।




**DM ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश, 22 केंद्रों पर तकरीबन 11 हजार परीक्षार्थी देंगे एग्जाम**

**सभी एग्जाम सेंटर की कराई जाएगी वीडियोग्राफीः** उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियो ग्राफी कराई जाएगी और अभ्यर्थियों की अच्छी तरह से स्क्रीनिंग (जांच) के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी बाहरी अधिकारी बिना पहचान पत्र के परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। बैठक में बताया गया कि भागलपुर के 22 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 11 हजार अभ्यर्थी, 22 दिसंबर (रविवार) को परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दो पालियों में चलेगी। मौके पर नोडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, डीडीसी एसडीओ नवगछिया, सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी सह वरीय उप समाहर्ता मिथिलेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### 19 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन

**भागलपुर, एजेंसी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का दो दिवसीय जिला सम्मेलन संपन्न हो गया। सम्मेलन में 19 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अगले सत्र तक के लिए दशरथ प्रसाद को जिला सचिव चुना गया। दशरथ प्रसाद ने कहा कि दरभंगा में आयोजित पार्टी राज्य सम्मेलन 22 से 24 दिसंबर तक होगा। इसमें राज्य प्रतिनिधि भागलपुर से उपेंद्र प्रसाद यादव, श्रीनिवास मंडल, उमेश मंडल, ज्ञानी साह, अवधेश पोद्दार, विनोद मंडल, मनोहर मंडल, अनिल सिंह शामिल होंगे।

### संत गाडगे आधुनिक भारत के महान संत व समाज सुधारक थे

**भागलपुर, एजेंसी।** हम पार्टी की ओर से जिला कार्यालय में शुक्रवार को बाबा संत गाडगे का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक रजक ने की। पार्टी के पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि संत गाडगे आधुनिक भारत के महान संत और समाज सुधारक थे। स्वयं अशिक्षित होते हुए बाबा गाडगे ने जन-जन तक अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा के द्वार खोले। आजादी संग्राम के महानायक गांधीजी का संघर्ष सिर्फ राजनीतिक आजादी तक ही सीमित नहीं था, बल्कि अन्यायमुक्त धरती पर मनुष्योचित जीवन जल्द से जल्द लाने के लिए था। इस मौके पर उमेश रजक, विजय कुमार रजक, चांदनी कुमारी, दीपक यादव, अमित कुमार साह आदि मौजूद थे। नागरिक विकास समिति ने पांच दिवसीय भागलपुर महोत्सव के समापन के बाद सहयोगियों को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष रमण कर्ण व संयोजक संतोष कुमार ने कहा कि भागलपुर महोत्सव में हर किसी का साथ मिला। सरकारी विभाग के साथ निजी संस्थानों ने भी मदद की। अध्यक्ष ने बताया कि अप्रैल 2025 में नए संचालन समिति का गठन किया जायेगा। उसकी तैयारी अभी से शुरू हो गयी है। रोटरी क्लब ऑफ भागलपुर की ओर से कचहरी चौक के समीप एक होटल में आर्थिक रूप से कमजोर शारीरिक दिव्यांगों को मुक्त व्हीलचेयर वितरित किया गया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर मिथिलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दो शारीरिक दिव्यांगों को मुफ्त व्हीलचेयर दिया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष आरके झा, सचिव अशोक लोहिया, एनसी झा, डॉ. राजेश कुमार, सत्यजीत सहाय, नमिता सहाय एवं राजकुमार मौजूद थे।

### टिकारी: चुल्हन बिगहा स्कूल का होगा अपना भवन

**गया, एजेंसी।** प्रखण्ड के रूपसपुर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चुल्हन बिगहा के भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। बिहार शिक्षा परियोजना के द्वारा कराई जाने वाली भवन निर्माण पर 40 लाख रुपये की लागत निर्धारित किया गया। चुल्हन बिगहा प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर होने की हालत में विगत आठ वर्षों से रूपसपुर स्थित मध्य विद्यालय भवन में संचालित किया जा रहा था। इससे विद्यार्थियों के साथ - साथ शिक्षकों को परेशानी हो रही थी। लंबे समय से चुल्हन बिगहा स्कूल के भवन बनाने की मांग की जा रही थी। भवन निर्माण हो जाने के बाद विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को सहूलियत होगी। विधायक ने कहा कि कई प्लस स्कूल का भवन बन रहा है। स्कूलों की स्थिति में हुए बदलाव से लेकर शिक्षक बहाली पर चर्चा करते हुए कहा कि बिहार में मेधा - प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। देश - विदेश में बिहारियों का बोलबाला है। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में टिकारी विधानसभा में कई बड़े काम यथा- सड़क, पुल - पुलिया, आवासीय विद्यालय आदि निर्माण होना है। मौके पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार रमन, प्रधानाध्यापक गिरिजेश कुमार, बिट्टू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### शहर को क्लीन ग्रीन के लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी

**गया, एजेंसी।** शहर को क्लीन व ग्रीन के लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। इसके लिए निगम जनजागरूकता अभियान चलाये। लोगों के सहयोग के बिना सफाई व्यवस्था में पूरी तरह सुधार नही की जा सकती है। उक्त बातें गया नगर निगम कार्यालय में आये एलबीएसएनएए (लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडममिनिस्ट्रेशन) मंसुरी रेंज उतराखंड के निदेशक केके आईएएस श्रीराम तारणिकांती ने कही। निगम कार्यालय उनके पहुंचने पर नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान निदेशक ने गया नगर निगम के कार्यों का अवलोकन किया। जीपीएस सिस्टम का लिया जायजा निगम के कंट्रोल रूम में वह गये जहां जीपीएस सिस्टम को देखा। इस दौरान शहर के वार्डों में घर-घर से क्यूआर कोड के माध्यम से कचरे के उठाव कैसे किया जाता है। इसकी जानकारी ली। इस दौरान नगर आयुक्त कुमार अनुराग व लोक स्वच्छता पदाधिकारी मोनू कुमार ने निगम की ओर से साफ-सफाई व प्रदूषण नियंत्रण के लिए किये गये उपायों के बारे में भी विस्तार से उन्हे जानकारी दी। इस दौरान निदेशक ने और बेहतर साफ-सफाई के लिए शहर में प्वांट के हिसाब से सफाईकर्मियों की जिम्मेवारी देने की बात कही। उन्होनें कहा कि सफाई कर्मियों को एक प्वांट निर्धारित करें इस प्वांट में गंदगी दिखने पर उसकी जबाबदेही होगी।इस तरह से शहर को साफ-सुथरा और बेहतर तरीके से रखा जा सकता है।

# वित्त मंत्रियों की बैठक: जैसलमेर में उपमुख्यमंत्री सम्राट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला को सौंपा 32 पेज में मांगों का प्रस्ताव

## बिहार ने केंद्र से विकास के लिए मांगा 1.50 लाख करोड़ का बजट



**पटना, एजेंसी।** जैसलमेर में शुक्रवार को 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई। इसमें बिहार ने 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट केंद्र सरकार से मांगा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में बिहार की विकास योजनाओं के लिए बजट प्रावधान करने के लिए 32 पेज का ज्ञापन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। ग्रामीण पथों के चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- 5.0 शुरू करने की मांग की। इसमें 25000 करोड़ रुपए मांगे गए हैं। इसे ब्याजमुक्त करने की मांग भी की गई। इसके साथ ही सेस और सरचार्ज में बिहार की हिस्सेदारी मांगी गई है। आरडीएसएस के आधुनिकीकरण के तहत उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को 6739 करोड़ की मांग की। बैठक में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, गोवा, मेघालय, ओडिशा, हिमाचल और झारखंड के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक शनिवार को होगी। इसमें जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर टैक्स दर घटाने का फैसला हो सकता है।

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 25000 करोड़ रुपए दिए जाएं

**स्वास्थ्य/शिक्षा :** भागलपुर में ईएसआईसी हॉस्पिटल के साथ ही मुंगेर, मोतिहारी, गोपालगंज, सुपौल, बेगूसराय, महुआ, आरा, सहरसा में मेडिकल कॉलेज और अररिया, खगड़िया, बांका, औरंगाबाद, कैमूर, नवादा में मेडिकल कालेज हॉस्पिटल बने।

10 केंद्रीय विद्यालय। विक्रमशिला विवि का जीर्णोद्धार।

शिक्षकों के वेतन को 15,848 करोड़।

### रेलवे/हवाई अड्डा

फारबिसगंज-दरभंगा, खगड़िया-समस्तीपुर खंड का दोहरीकरण

बिहटा से औरंगाबाद और सुल्तानगंज से देवघर नई रेलवे लाइन

दरभंगा हवाईअड्डा अंतरराष्ट्रीय बने।

भागलपुर एयरपोर्ट के लिए 2,500 करोड़

सोनपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा

### कृषि और सहकारिता

32 कृषि उत्पाद बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण किया जाए

बागवानी और कृषि अनुसंधान संस्थान व एपिडा का कार्यालय खुले

बिहार में चाय बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित हो

केंद्रीय योजनाओं के लिए 1000 करोड़ की मांग।

### शहरी-औद्योगिक विकास

पटना सहित 10 ग्रीनफील्ड शहरों के लिए 10,000 करोड़

अमृत 2 और स्वच्छ भारत मिशन के लिए 5088 करोड़ रुपए

पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क और लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना

निफ्ट के केंद्र का विस्तार के लिए बजट की मांग।

### न्याय, पुलिस व सुरक्षा

राष्ट्रीय विधि विवि व अपराध विज्ञान प्रयोगशाला के लिए 300 करोड़

गया में सीआईएसएफ बटालियन की स्थापना

विशेष उच्च सुरक्षा कारा का प्रावधान- 250 करोड़

बिहार पुलिस की विशेष इकाइयों के सुदृढ़ीकरण के लिए 200 करोड़।

सड़क : बुनियादी ढांचे के विकास के लिए: 25,000 करोड़ रुपए।

### सड़क विकास

48,320 करोड़ रुपए का प्रस्ताव।

पशुपतिनाथ से वैद्यनाथ धाम तक 250 किमी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

लदनिया से नवादा तक 270 किमी हाई-स्पीड कॉरिडोर

रक्सौल से दिघवारा तक 135 किमी हाई-स्पीड कॉरिडोर

गंगा नदी पर पुल, जयप्रकाश पुल का विस्तार, 120 सड़कों पर फ्लाईओवर का निर्माण।

# डॉ स्नेहाशीष वर्धन ने कोलंबो में आयोजित शोध संगोष्ठी में दिया व्याख्यान, सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का मिला अवार्ड

निज संवाददाता | पटना/बक्सर





बक्सर के पी पी रोड के निवासी सीताराम पांडेय के पुत्र मीडिया अध्ययन में शिक्षक के रूप में काम कर रहें डॉ स्नेहाशीष वर्धन को श्रीलंका के मास मीडिया मंत्रालय और सरकारी सूचना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी कोलंबो में आयोजित पहले कोलंबो अंतरराष्ट्रीय मीडिया शोध संगोष्ठी में उनके शोध पत्र दक्षिण एशियाई मीडिया क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा लाएं गए बदलावों के अध्ययन को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का खिताब मिला। इस शोध संगोष्ठी में कुल 14 देशों के मीडिया प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने हिस्सा लिया था और चार सत्रों में इसका संचालन हुआ जिसमें छह महीने के स्क्रूटनी के बाद 16 शोध पत्रों को चुना गया था। डॉ स्नेहाशीष वर्धन ने श्रीलंका से वापस आने के बाद बताया कि उनके शोध पत्र में मेंटर के रूप में श्रीलंका के यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबो के मीडिया प्राध्यापक डॉ धर्मकृथी श्रीरंजन और दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के मीडिया प्राध्यापक प्रो डॉ आतिश पराशर का लगातार सहयोग मिला। साथ ही उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलंका सरकार के जनसंचार मंत्री डॉ नलिंदा जयतिसा, सरकारी सूचना विभाग के महानिदेशक एच एस के बंडारा, कोरिया सॉन्गसिल यूनिवर्सिटी के प्राध्यापक प्रो एरिक पार्क ने संबोधित किया तो वहीं समापन सत्र को यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबो के कुलपति प्रो एच डी करुणारत्ने, मीडिया प्राध्यापक प्रो धर्मकृथी श्रीरंजन और श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त आयोग के स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक प्रो अंकुरण दत्ता ने संबोधित किया। इसके अलावे मीडिया प्राध्यापक डॉ नयना शूरवीरा, प्रो ट्यूडर वीरासिंघे, श्रीलंका के सरकारी सूचना विभाग के सहायक निदेशक हर्षा बी अबेकून ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।

### ठेकेदार के 80 लाख के जेवर व दो लाख नकद बस से चोरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सकरा थाने के शाहपुर जुनैद गांव के कंस्ट्रक्शन ठेकेदार मोतीउर रहमान के 80 लाख के जेवर और दो लाख नकद से भरा बैग बदमाशों ने उड़ा लिया। वह कोलकाता से बस से मुजफ्फरपुर आ रहे थे। वर्तमान में सपरिवार कोलकाता में रहते हैं। वहां पर उनका कंस्ट्रक्शन से जुड़ा कारोबार भी है। इसे लेकर शिकायत करने वे सदर थाना पहुंचे थे, पर पुलिस ने घटना झारखंड की बताते हुए वहां जाकर शिकायत करने को कह लौटा दिया। ठेकेदार ने बताया है कि बीते 16 दिसंबर को पुत्र की शादी हुई थी। वहीं, 22 दिसंबर को पुत्री की शादी सदर थाना के खबड़ा स्थित एक विवाह भवन से होनी है। इसको लेकर गुरुवार दोपहर परिवार की महिलाएं व अन्य परिजन ट्रेन से निकले थे, जबकि मोतीउर रहमान अपने एक पुत्र के साथ जेवर से भरा बैग व अन्य सामान लेकर बस से आ रहे थे। गुरुवार की रात करीब साढ़े 11 बजे धनबाद स्थित एक रेस्टोरेंट के पास बस रुकी। वह बैग व अन्य सामान बस की सीट पर छोड़कर अन्य यात्रियों के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने चले गए।

# युवक को चाकू मारने मामले में प्राथमिकी दर्ज



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले केगीधा गांव में बुधवार की रात दोस्त को पैसे नहीं देने के विवाद को लेकर युवक को चाकू मारने के मामले में प्राथमिक ही दर्ज की गई है। गीधा गांव निवासी नंद लाल पासवान के पुत्र सह जख्मी चंदू पासवान के बयान पर उसी गांव के निवासी व दोस्त को ही नामजद आरोपित बनाया गया है। दर्ज प्राथमिक की में जख्मी चंदू पासवान ने कहा है कि बुधवार की रात गीधा गांव निवासी मो.मुन्ना के पुत्र मो.इमामुद्दीन से अपने दिए हुए ढाई सौ रुपए की मांग की तो उसके द्वारा बोला गया कि मैं पैसा नहीं दूंगा। इसी बात को लेकर दोनों आपस में गाली-गलौज करने लगे। तभी गुस्से में आकर उसके दोस्त मो.इमामुद्दीन ने उसे चाकू मार दी। चाकू लगने के बाद खून से लथपथ हालत में परिवार वालों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जख्मी युवक चंदू ने बताया कि समान खरीदने के लिए उसके दोस्त इमामुद्दीन ने चार-पांच सौ रुपए मांगे थे । जिसमें मैंने उसे ढ़ाई सौ रुपए देकर चला गया था । इसके बाद उसने कहा कि मुझे और ढ़ाई-तीन सौ रुपए चाहिए। इतना में घर का सामान नहीं आयेगा। तभी मैने कहा कि मेरे पास इतना ही है लेकिन तुम गांव के रोड पर आओ कुछ पैसा जुगाड़ कर देता हूं। इसी बात पर उसने गाली देना शुरू किया तो कहा कि मेरा पैसा वापस कर दो। जब मैने इसका विरोध किया तो उसने चाकू निकालकर ताबड़तोड़ मारना शुरू कर दिया । इस घटना मैं जख्मी हो गया। इसके बाद भी मुझपर चाकू से वार कर रहा था,लेकिन मेरे अन्य दोस्तों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग के आंख में डाला मिर्ची पाउडर

## समस्तीपुर में मारपीट के दौरान किया हमला, हालत गंभीर



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के पचरुखी गांव में शुक्रवार देर शाम जमीनी विवाद में लोगों ने एक बुजुर्ग की जमकर पिटाई की और उसके आंख में मिर्च का पाउडर डाल दिया। जिसे उनकी स्थिति गंभीर हो गई हल्ला होने पर जुटे गांव के लोगों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जख्मी बुजुर्ग की पहचान गांव के विनय कुमार राय के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि विनय राय का गांव के ही अवधेश राय से जमीनी विवाद चल रहा है। शुक्रवार देर शाम विनय अपने घर के पास साफ सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अवधेश राय की पत्नी बुलबुल देवी व उनके पाटीदार गुंजन देवी आदि ने पहले गाली गलौज की फिर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान लोगों ने उनके आंख में मिर्च का पाउडर भी डाल दिया गया। जिससे वह चीखने चिल्लाने लगे। हल्ला होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो उन्हें बीच बचाव कर समस्तीपुर सदर अस्पताल लाया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पीड़ित विनय राय का बताना है कि देर शाम वह घर के पास साफ सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी अवधेश राय की पत्नी बुलबुल देवी उनके पाटीदार गुंजन देवी आदि ने अचानक गाली गलौज शुरू कर दिया फिर उन लोगों पर अचानक ही बांस की बनाई गई लाठियां से पिटाई की।

फिर इसी बीच उनके आंख में मिर्च का पाउडर झोंक दिया। नगर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी को पीड़ित का बयान लेने के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है जिसमें गांव के ही पांच लोगों को आरोपित किया है पीड़ित का बयान प्राथमिकी के लिए कर्पूरी ग्राम थाना को भेजा जा रहा है इस मामले में आगे की कार्रवाई कर्पूरी ग्राम थाने की पुलिस करेगी।

# बसपा ने अमित शाह और भाजपा पर बाबा साहब के विचारों का अपमान करने का लगाया आरोप

निज संवाददाता | पटना







बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और गृहमंत्री अमित शाह पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों और उनकी अस्मिता का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। बसपा के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने शनिवार को पार्टी के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि अमित शाह ने संसद में बाबा साहब के साथ असम्मानजनक व्यवहार किया, जो देश के लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों पर चोट है। अनिल कुमार ने कहा, "बाबा साहब ने जिस बहुजन समाज को आजाद पक्षी की तरह स्वतंत्रता दिलाई, आज उसी के विचारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में जो बयान दिया, वह बाबा साहब की आइडियोलॉजी का अपमान है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा अब तक इसके लिए माफी मांगने को तैयार नहीं है।" बहुजन समाज पार्टी ने ऐलान किया है कि 24 दिसंबर को पूरे बिहार के जिला मुख्यालयों पर भाजपा और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अनिल कुमार ने कहा कि जब तक भाजपा और अमित शाह अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगते, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। हम बाबा साहब की अस्मिता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा के इस कृत्य के खिलाफ बसपा हर स्तर पर आवाज उठाएगी। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक भाजपा बाबा साहब के अपमान पर माफी नहीं मांगती। अनिल कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, "नीतीश कुमार और चिराग पासवान, जिनकी राजनीति की नींव बाबा साहब के विचारों पर टिकी है, आज भाजपा के साथ गलबहियां कर रहे हैं। ये लोग बाबा साहब के अपमान पर चुप क्यों हैं? चिराग, जो खुद को दलितों का हितैषी कहते हैं, इस मुद्दे पर सवाल क्यों नहीं उठा रहे? उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा, जिसने बाबा साहब का अपमान किया है, अब तक इस पर माफी नहीं मांग पाई है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पार्टी सत्ता के लिए संविधान और बाबा साहब के विचारों की अनदेखी करती आई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में जिस तरह से बहुजन समाज के आदर्श बाबा साहब के विचारों को दरकिनार किया गया, वह भाजपा की नीयत को उजागर करता है। अनिल कुमार ने कहा कि यह केवल बहुजन समाज का नहीं, बल्कि पूरे देश के संविधान का अपमान है। उक्त अवसर पर केंद्रीय प्रदेश प्रभारी एडवोकेट सुरेश राव, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, प्रदेश सचिव राजकुमार राम इत्यादि मौजूद रहे।

# 23 तारीख से शुरू होगा गोपालगंज में सम्मान समारोह




## 40 पंचायत के एक लाख से ज्यादा जनता को जदयू विधायक पप्पू पांडे करेंगे सम्मानित

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के हथुआ प्रखंड के हथुआ स्थित राज पेट्रोल पंप के पास आगामी होने वाले सम्मान समारोह को लेकर एक समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक का नेतृत्व जदयू के कुचायकोट विधानसभा के विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पाण्डेय द्वारा किया गया। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओ पर चर्चा करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। प्रत्येक वर्ष की भांति जेडीयू विधायक द्वारा किए गए सम्मान समारोह कार्यक्रम को लेकर लोगों के बीच उत्साह का माहौल है। लोग विधायक के द्वारा किए गए इस कार्य की काफी प्रशंसा कर रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुचायकोट विधानसभा के जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पाण्डेय ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी वृहत पैमाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

इसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कुचायकोट का विधान सभा के 40 पंचायत के लोगो को सम्मानित करने के लिए 23 दिसम्बर से दौरा शुरू होगा। एक दिन में आठ पंचायत के लोगों के पास पहुंच कर चार चार पंचायत के लोगों के साथ बैठक कर किया जाएगा और आगामी 29 दिसंबर से 7 जनवरी तक आयोजित होने वाले सम्मान समारोह के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। ताकि उन्हें कार्यक्रम स्थल पर सम्मान बुलाया जा सके।जनता को बुलाने के लिए प्रत्येक पंचायत से 25 बस की व्यवस्था किया गया। चार पंचायत से सौ बस पर सवार जनता को बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित करने के बाद उन्हें भोजन कराकर पुनः सम्मान के साथ उन्हें वापस उसी बस के द्वारा उनके घर तक छोड़ा जाएगा। इसके अलावा पंचायत के जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया जाएगा। जिले के कुचायकोट विधान सभा क्षेत्र के विधायक बाहुबली अमरेन्द्र पाण्डेय उर्फ़ पप्पू पाण्डेय पिछले कई वर्षों से अपने विधान सभा के विभिन्न पंचायत के लोगो के लिए सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें अंग वस्त्र धोती ,साड़ी ,कंबल शॉल हर व्यक्ति को अपने हाथों से देकर सम्मानित करते हैं। साथ ही भोजन कराकर उन्हें विदा किया जाता है। दस दिनों तक लगातार उनके द्वारा किए गए इस कार्य के कारण उनकी ख्याति दूर दूर तक फैली है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल पर भाजपा ने दर्ज कराया झूठा केस, कांग्रेस करेगी विरोध: बन्ना गुप्ता

**रांची, एजेंसी।** पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान कर गृह मंत्री अमित शाह ने कुकृत्य किया है, । जब इसका विरोध किया गया तो षड़यंत्र के तहत नेता विपक्ष राहुल गांधी पर झूठे आरोपों में एफआईआर दर्ज करवा दी । इसकी जितनी निंदा की जाए कम है । सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस इसका विरोध करेगी । नौटंकी और झूठे नाटक की आड़ में नेता विपक्ष राहुल गांधी के ऊपर जो फर्जी केस दर्ज किया गया है उसे अविलम्ब वापस लिया जाए । लोकसभा अध्यक्ष को चाहिए की वीडियो फुटेज जारी करे ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके ।

### तोपचांची में पुलिस ने एंटी ड्रग्स के तहत चलाया वाहन जांच अभियान

**धनबाद, एजेंसी ।** धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर तोपचांची पुलिस ने शुक्रवार की शाम तोपचांची चौक पर एंटी ड्रग्स के तहत वाहन चोकिंग अभियान चलाया । उधर से गुजरने वाले हर वाहन को रोक कर जांच की जा रही थी । इसी दौरान डुमरी विधायक जयराम महतो उधर से गुजर रहे थे । उन्होंने अपनी गाड़ी रोक कर पुलिस के अभियान की प्रशंसा की और जवानों से हाल-चाल पूछा । कहा कि इतनी ठंड में भी जवान अपनी ड्यूटी को बखूबी निभा रहे हैं । वाहन जांच अभियान में तोपचांची थाना के एएसआई शैलेंद्र राम सहित अन्य जवान शामिल थे ।

### तालझारी में वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवक घायल

**दुमका, एजेंसी ।** तालझारी थाना क्षेत्र के सहारा-कोठिया मार्ग पर सहारा काजू पहाड़ी के पास शुक्रवार की शाम तेज रफ्तार वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये । स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जरमुंडी सीएचसी पहुंचाया गया । घायलों में इब्राहिम अंसारी व सलाउद्दीन अंसारी शामिल हैं । दोनों जामताड़ा के रहनेवाले हैं । सीएचसी में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल इब्राहिम अंसारी को बेहतर इलाज के लिए पीजेएमसीएच रेफर कर दिया । मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां सरैयाहाट जा रहे थे । तभी किसी वाहन ने बइक को पीछे से टक्कर मार दी । दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और दुर्घटनाग्रस्त को जब्त कर थाना ले गई ।

### निरसा विधायक ने कलियासोल में किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**धनबाद, एजेंसी ।** निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कलियासोल के लालपहाड़ी इंटर कॉलेज के समीप स्थित सिमुलदोन पैक्स में शुक्रवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रुपए की दर धान का मूल्य मिलेगा । अक्सर शिकायत मिलती थी कि बिचौलिये 1000 से 1500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदकर पश्चिम बंगाल भेज देते हैं । अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा । आज से ही इस पैक्स में किसानों के धान की खरीद की जाएगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को धान का सही मूल्य मिल सकेगा । मौके पर विधायक के पत्नी अनंदिता चटर्जी, प्रखंड प्रमुख विवेक मंडल, मुखिया राजीव मंडल, पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार मंडल, पापिया बाउरी, रमेश मंडल, बीसीओ कार्तिक उरांव, विकास कुमार, मिशिल हांसदा, समीरन डे, सुरेश दास आदि उपस्थित थे ।

### शव दफनाने को लेकर उभरा जमीन विवाद, धारा 163 लागू

**बोकारो, एजेंसी ।** सियालजोरी थाना क्षेत्र के चंदाहा में शुक्रवार को शव दफनाने को लेकर जमीन विवाद के बाद मामला गर्म हो गया । एक ही समुदाय के दो गुटों में जमीन विवाद उभरा है । दोनों पक्षों ने जमीन अपनी होने का दावा किया । मामला बढ़ते देख लोगों ने इसकी सूचना सियालजोरी थाना व प्रशासन को दे दी । चास बीडीओ प्रदीप कुमार, सियालजोरी, पिंड्राजोरा, चंदनकियारी व आमलाबाद के पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया । प्रशासन विवादित जमीन पर धारा 163 लगा दी है । इधर, आपसी सुलह के बाद शव को दूसरी जगह दफनाया गया ।

# विधायक सरयू राय ने 'एक्स' पर दी जानकारी
## मानगो नगर निगम क्षेत्र से दो दिनों में उठ जाएगा कचरा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** विधायक सरयू राय ने बताया कि दो दिनों के भीतर मानगो नगर निगम क्षेत्र से कचरा निष्पादन कर दिया जाएगा। इसके लिए वह तथा निगम प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को भी निगम के कर्मचारियों ने घरों से कचरा उठाया और उसे नियत स्थान पर डंप किया। उक्त जानकारी उन्होंने एक्स पर साझा की। मानगो नगर निगम के विश्वस्त सूत्रों के हवाले से उन्होंने कहा कि दो दिन में मानगो के सभी इलाकों के घरों का कचरा उठ जाएगा।

**आदित्यपुर में कचरा डंपिंग का किसकी शह पर किया गया : सरयू राय :** उन्होंने कहा कि शुक्रवार को 119 टन कचरा उठा कर नियत स्थान पर डंप किया गया है। नगर निगम के अनुसार डिमना रोड के घरों से कचरा उठाया गया है। दो दिन में सभी जगहों से कचरा उठा लिया जाएगा।

आदित्यपुर के कांग्रेसी नेताओं ने अड़ंगा नहीं डाला होता तो अब तक मानगो से पूरा कचरा उठ गया होता। कांग्रेस के नेताओं ने आदित्यपुर में



कचरा डंपिंग का विरोध नहीं किया होता तो अबतक समूचे मानगो का कचरा उठ गया होता। आदित्यपुर के कांग्रेसी नेताओं ने किसकी शह पर मानगो का कचरा वहां नहीं गिराने दिया यह जांच का विषय है। जबकि सरकार के आदेश से आदित्यपुर नगर निगम को मानगो, जुगसलाई के लिए नोडल संगठन बनाया गया है।

**बन्ना गुप्ता को जनता से माफी मांगनी चाहिए : सरयू राय :** गौरतलब है कि गुरुवार को अपने बयान में विधायक सरयू राय ने कहा था कि डेढ़ वर्ष तक एनजीटी का आदेश नहीं लागू कराने के लिए और मानगो नगर निगम का कचरा निष्पादन के लिए जगह चिन्हित नहीं करा पाने के लिए यदि कोई व्यक्ति दोषी है तो वह केवल बन्ना गुप्ता हैं। अब वे अपने दोष से पिंड छुड़ाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिख रहे हैं और अपने लिए प्रचार का साधन जुटा रहे है। मानगो नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त वर्तमान समस्या का हल नहीं निकालने के लिए बन्ना गुप्ता को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## पुलिस ने शराब पीने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची की पुलिस ने शराब दुकान के समीप शराब पीने वालों के खिलाफ शुक्रवार देर रात तक अभियान चलाया। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में अभियान चलाया। अभियान के क्रम में शराब दुकानदारों को हिदायत दिया गया कि वह अपने दुकान के सामने शराब का सेवन किसी को ना करने दे। अगर कोई भी शराब का सेवन करते हुए पाए हैं तो शराब पीने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। शराब दुकान के पास शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## फायर ब्रिगेड की गाड़ी गंगा में समाई, ड्राइवर लापता



**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज जिले में एक दमकल की गाड़ी गंगा में पानी भरने के लिए गई थी, इसी दौरान डूब गई। गाड़ी का चालक भी लापता है। घटना राजमहल अनुमंडल स्थित गंगा तट पर शनिवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार राधा नगर में तैनात अग्निशमन वाहन के चालक अरुण कुमार बैक करके गंगा तट पर पहुंचे थे। इसी दौरान मिट्टी धंस गई और दमकल वाहन गंगा में समा गया। वाहन के चालक अरुण कुमार बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, सीओ यूसुफ शेख, अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला गंगा तट पर पहुंचे। तत्काल गोताखोर को बुलाया गया। गोताखोर गंगा में उतरे और नदी में समाये दमकल वाहन के लापता चालक की खोजबीन में जुट गए हैं।

**मिट्टी धंसने से नदी में गिर गयी दमकल की गाड़ी**

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अग्निशमन वाहन गंगा नदी से पानी भरने के लिए किनारे पर आया था। अग्निशमन वाहन का चालक अरुण कुमार गाड़ी को बैक कर रहा था। तभी मिट्टी धंसने से गाड़ी गंगा नदी में गिर गयी। चालक गाड़ी से बाहर नहीं निकल पाया।

## प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 11 और 12 जनवरी को सजेगा विशेष दीवान

**रांची, एजेंसी।** पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए गुरु नानक सत्संग सभा के 240 श्रद्धालुओं का जत्था 3 और 4 जनवरी को हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस से पटना साहिब के लिए रवाना होगा। वहां प्रकाश पर्व के सभी आयोजनों में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को वापस रांची पहुंचेगा।



श्रद्धालुओं के जत्थे के रांची वापस पहुंचने के बाद 11 एवं 12 जनवरी को सत्संग सभा के जरिये श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य विशेष दीवान सजाया जाएगा। 11 जनवरी की सुबह 8 से 10 बजे तक तथा रात 8 बजे से 11 बजे तक और 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इन सभी दीवानों में सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह जी दिल्ली वाले शबद गायन कर रांची की साध संगत को निहाल करेंगे। दीवानों की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा।

**कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा से 24 से शुरू होगी प्रभातफेरी :** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा की ओर से 24 दिसंबर से प्रभात फेरी की शुरुआत होगी। रोजाना सुबह 5:45 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जो गुरुद्वारा से शुरू होकर कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा पहुंच कर समाप्त होगी। प्रभातफेरी का समापन 31 दिसंबर को होगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने शनिवार को बताया कि नव वर्ष के आगमन की खुशी में एक जनवरी को सुबह 8 से 10 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व छह जनवरी को मनाया जाएगा।

## रांची के ऑड्रे हाउस में मेरा टीवी फिल्म फेस्टिवल का शानदार आगाज

**रांची, एजेंसी।** रांची के ऑड्रे हाउस में शुक्रवार को ग्रेट डिजाइंस द्वारा आयोजित मेरा टीवी फिल्म फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय समारोह में झारखंड के स्थानीय लोक कलाकारों के पारंपरिक प्रदर्शन ने समारोह में चार चांद लगा दिये। कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित लोक कलाकार मधुर मंसूरी हंसमुख विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डायरेक्टरेट ऑफ़ टूरिज्म अंजली यादव भी उपस्थित रहीं।

**फिल्मों की स्क्रीनिंग और मास्टरक्लास :** फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन झारखंड की क्षेत्रीय भाषाओं के अतिरिक्त, देश के विभिन्न क्षेत्रों से आयी शॉर्ट फिल्म, मोबाइल फिल्म व डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की गयी। इसके अलावा, झारखंड के फिल्ममेकर्स को फिल्म मेकिंग की बारीकियों से संबंधित जानकारी देने के लिए विशेष मास्टर क्लास सेशन का आयोजन किया गया। कुसुम, कुमकुम, जैसे टीवी सीरियल्स और बंगाल 1947 जैसी कलात्मक फिल्मों के लेखक आकाशादित्य लामा ने स्क्रीनराइटिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रक्तांचल, धारावी बैंक और इंदौरी इश्क जैसी वेब सीरीज के सिनेमेटोग्राफर विजय मिश्रा ने सिनेमेटोग्राफी के गुर सिखाये।




**दूसरे और तीसरे दिन का कार्यक्रम :** फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन भी फ़िल्मों की स्क्रीनिंग के अलावा, फिल्म से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। जिसमें रक्तांचल, रफूचक्कर वेब सीरीज के निर्देशक रीतम श्रीवास्तव निर्देशनकी क्लास लेंगे।जबकि जनहित में जारी के एडिटर जयंत वर्मा एडिटिंग क्लास लेंगे। तीन दिवसीय इस फेस्टिवल का समापन के दिन रविवार को झारखंड में फ़िल्मों के विकास से संबंधित एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाएगा।

इस पैनल डिस्कशन में जानी मानी फिल्मी हस्तियों विशाल वर्मा, सतीश मुंडा, तथागत भट्टाचार्जी, अनिल दुबे, शेख दाऊद के अलावा सेंट्रल यूनिवर्सिटी, रांची के प्रोफ़ेसर देवव्रत एवं करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर से डॉ नेहा तिवारी हिस्सा लेंगे। इसके बाद पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह व धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

## नशे के कारोबार व पोस्ते की खेती रोकने के लिए बनाएं रणनीति: मुख्य सचिव

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बैठक में नशे के कारोबार और पोस्ते की खेती पर रोक लगाने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रणनीति बनाने और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि पोस्ते की खेती से होने वाली अधिक आमदनी की वजह से लोग इसे अपनाते हैं। इसके निराकरण के लिए कृषि विभाग के सहयोग से वैकल्पिक रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि लोग इस अवैध गतिविधि से दूर हों।



बताया गया कि पोस्ते की खेती वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से जंगलों और जलाशयों के पास, फसलों की निगरानी की जाएगी। वन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से फसलों को नष्ट किया जाएगा। इस अवैध खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पंचायती राज और शिक्षा विभाग के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं स्कूल स्तर से जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया ताकि युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़े।

**बैठक में प्रस्तुत की गई रणनीति**

बैठक में पोस्ते की खेती प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने अपने क्षेत्रों में अब तक की गई कार्रवाई और आगे की योजनाओं की जानकारी दी। एनडीपीएस की ओर से पावर प्रजेंटेशन के जरिए नशे के कारोबार की रोकथाम पर उपाय सुझाए गए। बैठक में गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने और सजा दिलाने के बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई। बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्धकी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## रांची नगर निगम के नगर आयुक्त ने निगम की शाखाओं का किया निरीक्षण

**रांची, एजेंसी।** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप कुमार सिंह शुक्रवार को रांची नगर निगम के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने संबंधित शाखाओं के पदाधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने समस्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर कार्यालय में रहने और उसके साथ आने वाले आम नागरिकों के साथ संवेदनशील बने रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने राइट-टू-सर्विसेज के तहत निर्धारित समय के अंदर निगम के द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ आम नागरिकों को देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, सहायक प्रशासक, निगम के अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



**निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी**

दूसरी तरफ शहर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं रांची नगर निगम की ओर से शहर के कई हिस्सों में अतिक्रमण हटाओं अभियान लगातार चलाया जा रहा है। मालूम हो की अभियान चलने के बाद वहां फिर से लोग अतिक्रमण कर दुकाने लगा देते हैं। अभियान के बाद रखे जा रहे बुलडोजर ताकि सड़क का फिर से नहीं हो अतिक्रमण इसलिये नगर आयुक्त के निर्देश पर आज जेल मोड़, करमटोली चौक रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के बाद वहां करीब 50 बोल्डर रखे गये। ताकि लोग वहीं फिर से अतिक्रमण कर दुकानें नहीं लगाये। शहर चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से इसकी निगरानी की जायेगी। सड़कों पर अतिक्रमण करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## आलोक भगत हत्याकांड का 48 घंटे में खुलासा, मुख्य आरोपी समेत 5 गिरफ्तार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर चार के पास बीते 18 दिसंबर की सुबह बाइक से आए अपराधियों ने आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने इस हत्याकांड का 48 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए बीजेपी कार्यकर्ता समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा नेता विकास सिंह, साजिशकर्ता आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा, विशाल कुमार उर्फ भीखे बाबा, पंकज साव उर्फ बच्चा व शक्ति विभर शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीन देसी कट्टा, एक गोली और तीन खोखा बरामद किया है।

**आपसी वर्चस्व को लेकर हुई हत्या :** एसएसपी किशोर कौशल ने शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर आलोक की हत्या की गई। आकाश और आलोक के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था। काली पूजा विसर्जन के दिन भी दोनों के बीच झड़प हुई थी। इसी के बाद आकाश ने आलोक की हत्या की योजना बनाई थी। आरोपी विकास सिंह और शक्ति ने आलोक की रेकी की थी। घटना के दिन सभी ने आलोक को रोका। आकाश ने पहली गोली चलाई, जो आलोक को लगी और वह सड़क पर गिर गया।



आलोक ने खुद को संभाला और पास के ही एक घर में जा घुसा। विशाल और पंकज ने उसका पीछा किया और घर में घुसकर उसे फिर से गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गली से होते हुए भाग निकले।

## युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: श्रम मंत्री

**रांची, एजेंसी।** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने 'स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024' का उद्घाटन किया। मंत्री ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि झारखंड में कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने नए जॉब रोल्स, विदेशी भाषा प्रशिक्षण और आधुनिक कौशल को शामिल करने पर जोर दिया। बताया कि झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी अगले वित्तीय वर्ष में 2 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने और राज्य के 264 प्रखंडों में न्यूनतम एक कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर चल रही है।




**रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 7 राज्यों में 8 प्रवासन सहायता केंद्र स्थापित किए गए :** बताया गया कि युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 7 राज्यों में 8 प्रवासन सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। अब तक 2।25 लाख युवाओं को नियोजित किया जा चुका है। वहीं श्रम सचिव मुकेश कुमार ने कौशल विकास में पारंपरिक जॉब रोल्स से आगे बढ़ने और समय की मांग के अनुसार नए कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

मिशन निदेशक शैलेन्द्र कुमार लाल ने कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में नई चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास और भविष्य की मांग के अनुरूप योजनाएं बनाना आवश्यक है। झारखंड सरकार के इस पहल का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी, प्रशिक्षण सेवा प्रदाता, सेक्टर स्किल काउंसिल, उद्योग समूह, और नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## नशे के आदी युवाओं में सुधार की हो गुंजाइश

एक संवेदनशील समाज अपने बीच पल रही नकारात्मक प्रवृत्तियों की पहचान करता और उसे नजरअंदाज करने के बजाय दूर करने के लिए उचित रास्ते अपनाता है। विडंबना है कि हमारे आसपास कई ऐसी स्थितियां होती हैं, जिन्हें लेकर समाज आमतौर पर उपेक्षा और कई बार उसे खारिज करने का रवैया अख्तियार कर लेता है। नतीजतन वह समस्या और जटिल होती जाती है। समूचे देश के युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती लत या नशे की आदत एक ऐसी समस्या है, जिससे निपटने में समाज से लेकर सरकार तक ने एक तरह की उदासीनता ही दर्शायी है।बल्कि आमतौर पर मादक पदार्थों के लती युवाओं में सुधार या नशे से मुक्ति की गुंजाइश पैदा करने के बजाय उन्हें सबके लिए खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। जबकि यह हमेशा साबित हुआ है कि इस तरह की नकारात्मक सामाजिक प्रतिक्रिया की वजह से जो युवा मादक पदार्थों के दलदल से बाहर आ सकते थे, वे भी अपनी उपेक्षा और खुद को अपमानित किए जाने की वजह से उस संजाल में और ज्यादा उलझते चले जाते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर रोशनी डाली और इससे प्रभावित युवाओं का 'दानवीकरण' करने के बजाय उनके पुनर्वास पर जोर दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि समाज में एक बड़ा तबका किसी न किसी तरह के मादक पदार्थ का सेवन करता है, मगर इसके समांतर ऐसे लोगों के प्रति एक नकारात्मक भाव भी होता है।जब कोई युवा संगति या अन्य वजहों से धूम्रपान, शराब या इससे ज्यादा घातक नशीले पदार्थों का सेवन करने लगता है, तब उसके प्रति एक आम सामाजिक प्रतिक्रिया ऐसी नहीं होती, जिसमें उसके उस जाल में फंसने के कारणों पर गौर करके उससे निकालने की इच्छाशक्ति दिखे। इसका नतीजा यह होता है कि एक लत का शिकार होकर पहले ही उद्वेलन और द्वंद्व के मनोविज्ञान में फंस गया व्यक्ति अपने प्रति अपमानजनक और उपेक्षित रवैये से चोट खाकर और ज्यादा नशे में डूब जाता है।सवाल है कि नशे के संजाल में फंसे युवा के एक बेहतर मनुष्य होने की उम्मीद पालने वाले समाज को इससे क्या हासिल होता है।

## आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

(ललित गर्ग)

> *संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था, बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था। उन्होंने कहा कि संविधान पार्टी विशेष नहीं बल्कि राष्ट्र का है, पार्टी विशेष ने संविधान निर्माण को हाईजैक कर लिया। निश्चित ही संविधान देश का सुरक्षा कवच है।*

जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया। जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है। पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दर्शाने वाला कहा जा सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह भी बताना चाहिए कि संविधान पर बहस करते समय सावरकर का नाम लेना और मनुस्मृति दिखाना क्यों आवश्यक हो गया था? कांग्रेस को यह समझ आ जाए तो बेहतर कि सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी का उल्लेख करते रहने से उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति का हिस्सा होना चाहिए। सत्ता पक्ष ने इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन यहां इमरजेंसी जैसी कोई भाजपा की गलती बताने में कांग्रेस नाकाम ही रही। एक और बड़ी विडम्बना यह देखने को मिली कि संविधान निर्माण को किसी दल विशेष की देन कहा गया जबकि संविधान निर्माण में सभी दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर विशेषतौर पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है।

## 'जाकिर हुसैन' –बचपन में तबले पर थिरकने लगी थी अंगुलियां

तबले का कायदा उन्हें घुट्टी में मिला था। पिता अल्लारक्खा कुरैशी मशहूर तबलावादक थे। संगीत के माहौल में ही उनकी परवरिश शुरू हुई थी। मगर जाकिर हुसैन जैसे पैदा ही तालवाद्य के लिए हुए थे। बचपन से ही उनकी अंगुलियां थिरकनी शुरू हो गई थीं। पिता ने उन्हें तबले की तालीम देनी शुरू की। बारह साल की उम्र तक पहुंचते–पहुंचते उन्होंने वह काबिलियत हासिल कर ली थी कि अमेरिका के संगीत समारोह में अपना हुनर दिखा सकें। अमेरिका के पहले कार्यक्रम में ही उन्हें ऐसी शोहरत मिली कि फिर उन्होंने पीछे लौट कर नहीं देखा। जाकिर हुसैन ने उसे वाद्य के रूप में नहीं साधा, बल्कि तबले को उन्होंने जीया था। तबले में जितनी संभावनाएं उन्होंने तलाश कीं, उसकी जितनी बारीकियां उन्होंने उजागर कीं, उनसे पहले किसी तबला नवाज ने नहीं किया था। हर तरह के तालवाद्य और तारवाद्य के साथ उन्होंने जुगलबंदी की, देश और दुनिया के हर नामचीन गायक और वादक के साथ उन्होंने संगत की– अपनी पहले की पीढ़ी के भी, अपने समय और अपने बाद की पीढ़ी के भी। तबले को उन्होंने पश्चिमी देशों में भी प्रतिष्ठा दिलाई।जाकिर हुसैन न केवल अद्भुत तबलावादक थे, बल्कि उनका बजाने का अंदाज भी अनोखा था। तबला बजाते हुए उनके लंबे बाल जिस अंदाज में लहराते, लगता कि उनके बाल और ताल जुगलबंदी कर रहे हों। उनका वह अंदाज सभी को मोहता था। वे पहले वादक थे, जिन्होंने तबले से अन्य वाद्य यंत्रों की ध्वनियां भी निकालने का प्रयोग किया, जैसे उनका तबले से शिव के डमरु का नाद बहुत लोकप्रिय हुआ था।वे मंचीय प्रदर्शनों में तबले से धुनें निकाल कर भी कौतुक रच दिया करते थे। भारतीय शास्त्रीय संगीत के अलावा उन्होंने अमेरिकी जैज में भी अपने तबले से नया रंग भर दिया। इसका नतीजा था कि इसी साल अप्रैल में उन्हें एक साथ तीन ग्रेमी अवार्ड प्राप्त हुए। इससे पहले उन्हें दो ग्रेमी मिल चुके थे।ग्रेमी अवार्ड संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है। उन्होंने कई फिल्मों में अभिनय भी किया था, कई विज्ञापन उनके अभिनय से यादगार हो गए।

## राज कपूर और भव्यता

(शिखर बरनवाल)

राज कपूर और भव्यता पर्याय है। उनके यहाँ भव्यता या विशालता यह दो तरह की नजर आती है। एक जो उनके सिनेमा में नजर आती है, दूसरी उनके दिल में, उनके व्यवहार में दीखती है। उन्हें भारतीय सिनेमा के स्वर्ण युग का सबसे बड़ा शोमैन कहा जाता है। उन्होंने 10 फ़िल्में निर्देशित कीं। 'आग', 'बरसात', 'आवारा', 'श्री 420', 'संगम', 'मेरा नाम जोकर', 'बॉबी', 'सत्यमं, शिवं, सुंदरं', 'प्रेम रोग' तथा 'राम तेरे गंगा मैली' उनके द्वारा निर्देशित फ़िल्में हैं। 70 फ़िल्मों में राज कपूर ने अभिनय किया। इन 70 में से अधिकाँश सफ़ल रहीं। इनमें से छ: 'आग', 'बरसात', 'आवारा', 'श्री 420', 'संगम', शुरुआती तथा 'मेरा नाम जोकर' फ़िल्मों में वे स्वयं नायक हैं। उनकी दूसरी फ़िल्म 'बरसात' आई और इसके साथ ही वे स्टार बन गए। आज भी वे इस पद से नावजे जाते हैं। सृष्टिनाथ के रूप में जन्मे ने फ़िल्म 'इंकलाब' में रनबीर राज कपूर नाम से पदार्पण किया। लेकिन परिवार की स्त्रियाँ रविंद्रनाथ टैगोर के उपन्यास के एक प्रमुख पात्र नाम गोरा से उन्हें पुकारतीं। बाद में वे परदे पर राज कपूर के नाम पर आने लगे। और वे दर्शकों के चहेते राज बन गए। 'आवारा' में वे सिस्टम के बाहर रह कर आदर्श का जीवन जीने वाले, हाशिए के आदमी को आकर्षित कर लेते हैं। उनकी यह छवि कई फ़िल्मों में बनी रहती है। आम आदमी के जीवन में शिक्षा के महत्व को वे दिखाते हैं। यह वह समय था, जब बँटवारे के बाद विस्थापितों का हुजूम बंबई के रहवास का हिस्सा बना। न मालूम कितनी बेकसूर औरतें अपने परिवार द्वारा ठुकरा दी गईं थीं। न जाने कितने बच्चे सड़क पर पैदा हुए थे। उनकी फ़िल्मों ने उस भारतीय सिनेमा की नींव डाली जो भारत के महाकाव्याधारित सिनेमा से भिन्न है। पिता पृथ्वीराज के आभा मंडल से बाहर निकल राज कपूर ने अपने आपको स्वतंत्र अभिनेता, निर्देशक, प्रड्युसर के रूप में स्थापित किया। 'आग' में वे कहते हैं, 'मैं अपनी जिंदगी खुद बनाना चाहता हूँ।' और उन्होंने अपनी जिंदगी बनाई, संग में कई अन्य लोगों की भी। वे महत्वाकांक्षी थे, अपनी फ़िल्म बनाने का निश्चय किया। अपना स्टूडियो खड़ा किया। अपनी टीम बनाई। साहित्यिक कृतियों पर फ़िल्म बनाने के चलन से हट कर अपनी फ़िल्में बनाई। राज कपूर की फ़िल्मों के भव्य सेट्स उनकी भव्य कल्पना के मूर्तिमान रूप हैं। वे अपनी फ़िल्मों के गानों, डॉन्स, भावुक अभिव्यक्ति, यौनिकता केलिए याद किए जाते हैं। उस काल की सर्वाधिक मँहगी अभिनेत्री नर्गिस के साथ उनकी 19 फ़िल्में हैं, जिसमें 'आग', 'बरसात', 'आवारा', 'श्री 420' खुद उनके द्वारा निर्देशित थीं। दोनों की रोमांटिक छवि दर्शकों को सदैव याद रहेगी। इसी जोड़ी की एक मुद्रा आर. के. फ़िल्म्स का 'लोगो' बना। अपनी पहली फ़िल्म 'आग' में वे तीन बड़ी अभिनेत्रियों - कामिनी कौशल, नर्गिस और निगार सुल्ताना को अपने साथ लेते हैं, जबकि वे खुद अभी नए थे। इसमें वे आंतरिक और बाह्य सौंदर्य को विश्लेषित करते हैं जो आगे चल कर उनकी फ़िल्म 'सत्यं शिवं सुंदरं' में फ़िर नजर आता है। 'बरसात' के ओपनिंग सीन में प्राकृतिक भव्यता को कैमरा पकड़ता है, फ़िल्म कश्मीर की भव्य सुंदरता को पकड़ता है। इस हिट फ़िल्म के गाने, 'हवा में उड़ता जाए', 'पतली कमर है...', 'मुझे किसी से प्यार हो गया', 'जिया बेकरार है', 'बरसात में तुमसे मिले' आज भी हिट लिस्ट में हैं। और यहीं से राज कपूर की टीम बननी शुरु हुई। संपादक जी. जी. मायकर, मुकेश, लता, शंकर-जयकिशन, अल्लाउद्दीन, अरुण भट्ट से शुरु हुई टीम में बाद में राधू करमाकर, मुकेश, रफ़ी जुड़े। टीम भी उन पर जान छिड़कती थी। आदमी को पहचाना, उसकी इज्जत करना वे जानते थे। यह उनका बड़प्पन था कि शैलेंद्र को 'कविराज', 'पुश्किन' कहते थे, उनके घर जाकर उनकी बराबरी में कुर्सी पर नहीं बैठते थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5589

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खडी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र.5588

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली 5589



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1877 को पैदा हुए थे ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री (7)
7. जलपक्षी, जलाशयों के समीप रहने वाले पक्षी (4)
8. निशान, चिन्ह, परीक्षा में प्राप्त अंक (2)
9. निर्णीत, ठहराया या निश्चित किया हुआ (2)
10. र वर्ण बोधक अक्षर (3)
14. एक प्रकार का सत जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वों ने दुहा था (2)
15. परिचर्या, खिदमत, सेवा-सुश्रुषा (3)
17. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, गायन (2)
18. यह क्षेत्र कोयल खनन के लिए प्रसिद्ध है (4)
20. तमाशा देखने वाला व्यक्ति (4)
22. डाला जाना, छोड़ा जाना (3)
24. जो रिश्तें में पति की बहन हो (3)
25. अशुचि, पवित्र, पुनीत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
2. घुलना, विलय होना, समा जाना (3)
3. समुद्र में उत्पन्न एक जंतु का खोल, समुद्री घों जिसे हिंदू धर्म के लोग पवित्र मानते है (2)
4. किनारे पर, समीप, मेड, कारनिस (3)
5. संख्या, हिसाब, लेखा, गिनती (3)
6. लिपिक, हिसाब-किताब एवं पत्राचार करने वाला कर्मचारी, बाबू (2)
11. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध प्रबंध काव्य (4)
12. तपस्या, तप, पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
13. एक प्राचीन शस्त्र, कंटका, विकट पीड़ा (2)
14. प्रकाश झा निर्देशित बनी अजय देवगन द्वारा अभिनीत एक प्रसिद्ध सफल फिल्म (4)
16. पवनपुत्र, केसरी नंदन (4)
18. यह बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य है, एक प्रकार की छोटी सरसों (2)
19. नेपाल और बिहार में बहने वाली एक नदी (3)
20. शरीर, देह, काया (2)
21. हर्षित, खुशी, प्रसन्न (2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

### वर्ग पहेली 5588 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | | स | र | ह | द |
| म | | नू | | गा | इ | ड | |
| ती | ज | न | बा | ई | | स | पा |
| | ल | ब | | | मा | न | व |
| गो | द | ना | | स | ही | | र |
| दा | | ना | दा | न | | म | हा |
| व | | | गी | | भा | | उ |
| री | ड | र | | दे | व | दा | स |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आज का दिन कुछ खास व्यवस्थाएं करने में बीतेगा। आपको पूरे दिन लगातार काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा और आपको लगातार ऑफिस में लगकर काम करना पड़ेगा। आपके सोचने का तरीका बदल सकता है। ध्यान रखें कि वही काम आप करें, जिसमें आपका आत्म-सम्मान बढ़े।

### वृष

आज का दिन शुभ है। नए लोग किसी काम में आपकी मदद करेंगे और कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपको धन लाभ भी हो सकता है। ग्रहों की शुभ दशा आपके लिए बहुत ही अनुकूल साबित होगी और आपके धन और प्रतिष्ठा में वृद्धि का संकेत है। आपके सुख शांति में वृद्धि होगी और कारोबार में आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

### मिथुन

आज दिन आर्थिक लाभ से भरा होगा। आपकी संतान तरक्की करेगी और कारोबार में आपकी सभी का है। संतान से खुशखबरी मिलेगी और घर में खुशी का माहौल रहेगा। रुके हुए काम पूरे करने की कोशिश करें। चंद्रमा द्वितीय भाव में धन लाभ का संकेत दे रहा है।

### तुला

आज कारोबार के मामले में भागदौड़ और चिंता का सामना करना पड़ सकता है। पत्नी की सेहत का ध्यान रखें। मेहमानों का आगमन भी हो सकता है। दूसरों के कारण से आपको चिंता और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपका कोई बना बनाया काम अधूरा छूट सकता है। आपको बड़ा धन का नुकसान होने की आशंका है।

### वृश्चिक

आज कार्यक्षेत्र के मामले में बदलाव से भरा होगा और आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और दिन सफलता से भरा होगा। कार्यस्थल में बदलाव अच्छा साबित होगा। व्यापार में मीठी बातों से लोगों का दिल जीत सकते हैं। सूर्य के शुभ प्रभाव से आपके भाग्य में वृद्धि के योग हैं। स्थान परिवर्तन के योग हैं और आपको धन सम्मान की प्राप्ति होगी।

### धनु

आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको व्यापार में मनचाहा लाभ होगा। कई लोग मदद मांगने आ सकते हैं। सबके साथ सम्मान से पेश आएं। नौकरी में चुप रहना ही बेहतर होगा। बहस से बचें। आपका दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। कोई आपका अपना आपसे मदद मांग सकता है और इसमें आपका कुछ खर्च भी हो सकता है।

### कर्क

आज व्यापार के मामले में लाभ होगा और आपका दिन तरक्की से भरा होगा। दोपहर तक बिखरे काम समेट लें, आगे समय नहीं मिलेगा। आपका आगे का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको कहीं से कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है और ग्रहों की शुभ स्थिति आपके लिए काफी व्यस्तता का संकेत दे रही है।

### सिंह

आज दिन बहुत अच्छा है। धन, धर्म और कीर्ति में वृद्धि होगी। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। हर काम में सफलता मिलेगी। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। कोई अपना आपसे कोई आर्थिक मदद मांग सकता है। आपको लाभ होगा और निवेश के लिए दिन काफी अच्छा है। आपको रिटर्न काफी अच्छा मिलेगा।

### कन्या

आप अपने परिवार के साथ इस दौरान अधिक समय बिताएंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी बदलने की इच्छा कर रहे हैं उनकी नौकरी में इस दौरान बदलाव हो सकता है। आपको अपने व्यापारिक भागीदारों के समर्थन से अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

### मकर

आज दिन आनंददायक रहेगा। किसी दोस्त की सलाह से आपके बिगड़े काम बन सकते हैं। आपके लिए धन वृद्धि के योग हैं और कारोबार में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको आनंद की प्राप्ति होगी और मन काफी प्रसन्न होगा। परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने का कोई प्लान बन सकता है। आपको कारोबार में अच्छा पैसा कमाने का मौका मिलेगा।

### कुंभ

आज अचानक धन लाभ हो सकता है। अपनी समस्याओं का खुद समाधान ढूंढें, इससे स्थायी सफलता मिलेगी। आपके लिए शुभ योग बनने से सफलता प्राप्त होगी और रुकी योजनाएं पूरी होंगी। धन लाभ के योग बने हैं और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।

### मीन

आज दिन अनुकूल फल देने वाला होगा। आपके लिए धन सम्मान में वृद्धि होगी। आज का दिन शानदार बीतेगा। किसी विशेषज्ञ की सलाह से आपको लाभ होगा और तरक्की होगी। आने वाले दिन अच्छे रहेंगे। आपको लाभ और सफलता प्राप्त होगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको विजय और सम्मान की प्राप्ति होने से खुशी होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर: सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में कांग्रेस के नेता लमतिनथांग हाओकिप और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ समुदायों के बीच नफरत फैलाने के इरादे से सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा के प्रदेश महासचिव के. सरतकुमार सिंह द्वारा इंफाल थाने में दो लिखित शिकायतों के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट कुकी समुदाय के वार्षिक फसल उत्सव 'चवांग कुट' से संबंधित थे। अपनी शिकायत में सिंह ने कहा, ''लमतिनथांग हाओकिप का बयान सीधे तौर पर राज्य में रहने वाले विभिन्न समुदायों, खासकर मेइती और कुकी जो समूहों को भड़काने वाला है। यह बयान दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना की भावनाएं पैदा करता है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। हाओकिप ने प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा किया कि यह कदम राज्य में जातीय हिंसा को रोकने में भाजपा की ''विफलता'' से ध्यान हटाने की एक चाल है। हाओकिप ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अगर आपमें हिम्मत है, तो दूसरों पर उंगली उठाने से पहले हालात ठीक करें।

### चंडीगढ़ में विवाह समारोह में शामिल हुए राहुल गांधी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को यहां एक वरिष्ठ अधिवक्ता की बेटी की शादी में शामिल हुए। गांधी शुक्रवार की दोपहर चंडीगढ़ पहुंचे और पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने उनकी अगवानी की। लक्की के साथ, लोकसभा में विपक्ष के नेता बाद में शहर के बाहरी इलाके में स्थित विवाह स्थल पर पहुंचे। लक्की ने बाद में 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गांधी चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में पंजाब के मोहाली जिले के एक रिसॉर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता आर एस चीमा की बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि पंजाब के पूर्व महाधिवक्ता आर एस चीमा ने राहुल गांधी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि चीमा की बेटी की शादी थी और गांधी उसमें शामिल होने यहां आए थे। उन्होंने कहा कि शादी में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता दिल्ली लौट गए। लक्की ने बताया कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा भी इस समारोह में मौजूद थे।

### 3 दिनों तक आंबेडकर से माफी मांगें; गुजरात के वकील ने किया अमित शाह का विरोध

**अहमदाबाद, एजेंसी।**केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान का असर उनके गृह राज्य गुजरात में भी देखने को मिल रहा है। गुजरात बार काउंसिल (बीसीजी) के अहमदाबाद से एक सदस्य परेश वाघेला ने 30 दिसंबर को बीसीजी द्वारा आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इस कार्यक्रम में अमित शाह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वाघेला ने कहा कि यदि अमित शाह अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए आंबेडकर से माफी नहीं मांगते तो वह कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा, आपने उस व्यक्ति का अपमान किया है जिनके नेतृत्व में संविधान तैयार हुआ था। आपको तीन दिनों तक माफी मांगनी होगी। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो मैं उस कार्यक्रम में क्यों रहूं जिसमें आप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं आपको बता दें कि गुजरात बार काउंसिल ने 30 दिसंबर को विज्ञान भवन, साइंस सिटी अहमदाबाद में नए वकीलों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में 6,000 नए वकील शपथ लेंगे। वाघेला ने कहा, मैंने यह निर्णय एक दलित और आंबेडकरवादी के रूप में लिया है। इसका कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। मेरे जज्बातों को ठेस पहुंची है, इसलिए मैंने यह फैसला लिया है। इस बीच बीसीजी के अध्यक्ष जेजे पटेल ने वाघेला पर आरोप लगाया कि वह राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वाघेला कांग्रेस के समर्थक हैं। वह कांग्रेस के कानूनी प्रकोष्ठ के एक पदाधिकारी हैं। अगर वह राजनीतिक विरोध करना चाहते हैं, तो यह उनका अधिकार है, लेकिन इसे बीसीजी के मंच से नहीं किया जाना चाहिए। पटेल ने यह भी कहा कि वाघेला बीसीजी की सभी बोर्ड बैठकों में उपस्थित थे, जहां यह निर्णय लिया गया था।

# आंबेडकर पर अमित शाह के बयान के खिलाफ देश भर में आंदोलन करेगी बसपा: मायावती

**लखनउ, एजेंसी।**
गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर पर संसद में दिए गए बयान को लेकर अब बसपा की देश भर में आंदोलन की तैयारी है। पार्टी सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गृह मंत्री से अपना बयान वापस लेने और पश्चाताप करने की मांग करते हुए कहा किकयह मांग पूरी न होने पर अब पार्टी ने 24 दिसम्बर को देशव्यापी आंदोलन करने का फैसला लिया है। इस दिन देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पूर्णतः शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्म-सम्मान व मानवीय हकूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं। उनका श्री अमित शाह द्वारा किया गया अनादर लोगों के दिलों को आहत पहुँचाता है। उन्होंने आगे लिखा- ऐसे महापुरुष को लेकर संसद में इनके द्वारा कहे गए शब्दों से पूरे देश में सर्वसमाज के लोग काफी उद्वेलित, आक्रोशित व आन्दोलित हैं। अम्बेडकरवादी बीएसपी ने इस क्रम में उनसे बयान वापस लेने व पश्चाताप करने की माँग की है, जिसपर अभी तक भी अमल नहीं किया जा रहा है।बसपा प्रमुख मायावती ने आगे लिखा, ऐसे में माँग न पूरी होने पर फिर पूरे देश में आवाज उठाने की बात बीएसपी द्वारा की गई। इसीलिए अब पार्टी ने अपनी इस माँग के समर्थन में 24 दिसम्बर 2024 को देशव्यापी आन्दोलन करने का फैसला लिया है। उस दिन देश के सभी जिला मुख्यालयों पर पूर्णतः शान्तिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।


**बसपा को बताया दलितों के लिए समर्पित:** बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि दलित/बहुजनों को अपने पैरों पर खड़े होकर आत्म-सम्मान के साथ जीने के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष और आरक्षण सहित उनको अनेकों कानूनी हक दिलाने वाले उनके सच्चे मसीहा बाबा साहब के नहीं रहने पर उनके अनुयाइयों का हित व कल्याण ही उनका सबसे बड़ा सम्मान है, जिसके लिए बीएसपी समर्पित है।

**कांग्रेस पर भी साधा निशाना:** मायावती ने आगे लिखा, अतः कांग्रेस, भाजपा आदि पार्टियाँ अगर बाबा साहेब का दिल से आदर-सम्मान नहीं कर सकती हैं तो उनका अनादर भी न करें। बाबा साहेब के कारण एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले उसी दिन उन्हें सात जन्मों का स्वर्ग भी मिल गया है।

# प्राइवेट पार्टी के नाम पर चल रहा था वाइफ स्वैपिंग का खेल, पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक में वाइफ स्वैपिंग और गर्लफ्रेंड स्वैपिंग जैसे गंदे खेल का पर्दाफाश हुआ है। सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने हरीश और हेमंत नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों प्राइवेट पार्टी के नाम पर इस घिनौने खेल का रैकेट चला रहे था। आपको बता दें कि स्विंगर्स नाम के इस ऑपरेशन में कथित तौर पर कपल को सेक्स के लिए पार्टनर बदलने को लुभाया जाता था। महिलाओं को जबरदस्ती और ब्लैकमेल करके उनका शोषण किया जाता था।

यह रैकेट तब सामने आया जब एक महिला ने सीसीबी में शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया गया कि उसे इसमें भाग लेने के लिए मजबूर किया गया था। पीड़िता ने खुलासा किया कि उसे आरोपियों और उनके परिचितों के साथ अंतरंग संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया था। जब उसने इसका विरोध किया तो उसकी प्राइवेट तस्वीरें जारी करने की धमकी दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला एक आरोपी के



साथ रिलेशनशिप में थी। उसका महिलाओं का शोषण करने का इतिहास रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया, आरोपी ने पीड़िता के भरोसे का दुरुपयोग किया और उसे दूसरों के साथ अंतरंग संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। जब उसने इनकार कर दिया तो उन्होंने तस्वीरों का इस्तेमाल करके ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वे आदतन अपराधी हैं और अतीत में भी इसी तरह की गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपियों ने बेंगलुरु के बाहरी इलाकों में निजी पार्टियों का आयोजन करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप का इस्तेमाल किया। इसका प्रचार सामाजिक कार्यक्रम के तौर पर किया। जांच के दौरान महिलाओं की कई तस्वीरें और वीडियो पाए गए, जिनका कथित तौर पर आरोपियों ने पीड़ितों को ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किया।

# डेढ़ मिनट में बाइक छूमंतर, ऑन डिमांड करते चोरी; नोएडा पुलिस ने 4 शातिर चोरों को यूं दबोचा

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने रेकी करने के बाद महज 90 सेकेंड यानि डेढ़ मिनट के भीतर बाइक चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर सरगना समेत चार आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से नौ बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि शहर के अलग-अलग हिस्सों से दोपहिया वाहन चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसके चलते सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने शुक्रवार को जांच अभियान चलाया और एक ऐसे गिरोह का पकड़ लिया, जो वाहन चोरी की वारदात करने की फिराक में घूम रहा था। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान रायपुर निवासी संजय कुमार, कार्तिक और सुमित व छलेरा निवासी आदित्य के रूप



में हुई है। संजय गिरोह का सरगना है। संजय की आयु 28 वर्ष है, जबकि अन्य तीनों बदमाशों की आयु 19 साल है। संजय ने पहली वाहन चोरी साल 2016 में की थी। आरोपी महज पांचवीं से आठवीं पास हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को अपने कई अन्य साथियों के नाम भी बताए। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्त में आए चारों बदमाश अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। गिरोह का सरगना बीते आठ सालों से वाहन चोरी की वारदात कर रहा है। बरामद नौ बाइक में से तीन बाइक का पता चल गया है कि वे कहां से चुराई गई थीं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया वे बीते कुछ महीने में 20 से अधिक वाहनों की चोरी कर चुके हैं। चोरी की वारदात के लिए गिरोह के सदस्यों का काम बंटा हुआ था। गिरोह का सरगना संजय पहले किसी अन्य गिरोह से जुड़ा था और वाहनों की चोरी करता था। कुछ समय पहले वह गिरोह से अलग हुआ और अपना खुद का गिरोह बना लिया। उसने गिरोह में ऐसे युवकों को जोड़ा, जो बेरोजगार हों और नौकरी की तलाश कर रहे हों। युवकों से दोस्ती करने के बाद संजय उनसे वाहनों की चोरी कराने लगता था। आदित्य, कार्तिक और सुमित को संजय ने कुछ महीने पहले ही गिरोह से जोड़ा था। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ऑन डिमांड वाहनों की चोरी करते थे। अगर कोई व्यक्ति कह देता था कि इस कंपनी और कलर की बाइक उन्हें इतने दाम में चाहिए तो आरोपी 15 दिन में उसे उसी प्रकार की बाइक चोरी कर उपलब्ध करा देते थे।

# प्रियंका गांधी ने छिपाई अपनी संपत्ति, हाई कोर्ट पहुंचा वायनाड उप चुनाव का मामला, निर्वाचन को चुनौती

**कोच्चि, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता नव्या हरिदास ने केरल उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी है। हरिदास ने शुक्रवार को दायर की गयी अपनी याचिका में दावा किया है कि प्रियंका ने अपने चुनावी हलफनामे में अपनी और अपने परिवार की संपत्ति का सही खुलासा नहीं किया है और गलत जानकारी दी है। भाजपा नेता ने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता के खिलाफ और भ्रष्ट आचरण के समान है।



पिछले महीने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में नव्या हरिदास को कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाद्रा ने 5 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था। हरिदास ने याचिका दायर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई जनवरी 2025 में होने की संभावना है, क्योंकि हाई कोर्ट में 23 दिसंबर से 5 जनवरी तक अवकाश रहेगा। अपने चुनावी हलफनामे में प्रियंका गांधी ने बताया था कि उनके पास 4.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है और 13.89 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है, जबकि उनके पति राबर्ट वाड्रा के पास 37.91 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। हलफनामे के मुताबिक, प्रियंका गांधी पर 15 लाख 75 हजार रुपये का कर्ज भी है, जबकि राबर्ट वाड्रा पर देनदारी 10,03,30,374 रुपये की है।

प्रियंका गांधी ने अपने चुनावी हलफनामे में यह भी बताया है कि उनके पास 59.83 किलो के चांदी से बने सामान हैं, जिसकी कुल कीमत 29.55 लाख रुपये है इसके अलावा उनके पास 4.41 किलो की ज्वैलरी भी है, जिसमें 2.5 किलो सोना है। इसकी कीमत 1 करोड़ 15 लाख 79 हजार रुपये है। उनके पास 8 लाख रुपये की एक होंडा सीआरवी कार भी है। जमीन की बात की जाय तो उन्होंने हलफनामे में कहा है कि उनके पास 2 करोड़ 10 लाख रुपये से ज्यादा कीमत की कृषि भूमि है। इसके अलावा 48,997 वर्ग फीट क्षेत्र में बना एक घर है, जो शिमला में है।

# यूट्यूब से एडिटिंग, फर्जी वीजा और टिकट प्रिंट करके ठगी; गाजियाबाद में चौथी पास ने विदेशी सपनों से की मोटी कमाई



**गाजियाबाद, एजेंसी।**
खाड़ी देशों में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 से अधिक लोगों से ठगी करने वाले दो जालसाजों को कौशांबी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी महज चौथी पास है। दोनों आरोपी अजरबैजान, कुबैत, दुबई और मालदीव भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये ठग लेते थे। लोगों से पासपोर्ट और उनके दस्तावेज भी ले लेते थे। दोनों से 22 पासपोर्ट के अलावा दो फर्जी प्रमाण पत्र, लैपटॉप, चार मोबाइल फोन और स्कूटी बरामद हुई है।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में वैशाली सेक्ट-छह की एक सोसाइटी निवासी किशन कुमार ने शिकायत की थी कि अजरबैजान में नौकरी लगवाने के नाम पर दो लोगों ने उससे लगभग तीन लाख रुपये ठग लिए। शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर छानबीन की गई। मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने मनीष कुमार गोंड उर्फ गणेश पुत्र अलगू गोंड निवासी बदरपुर दिल्ली मूल निवासी कुशीनगर उत्तर प्रदेश और शाहरुख खान पुत्र मोहम्मद इस्तियाक निवासी इनायतनगर अयोध्या हाल निवासी क्लाउड नाइन सेक्टर एक वैशाली को गिरफ्तार किया है। कौशांबी पुलिस की माने तो विदेश में नौकरी के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने का मास्टरमाइंड मनीष मात्र चौथी कक्षा तक ही पढ़ा है, जबकि उसके साथी शाहरुख ने बारहवीं तक पढ़ाई की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वैशाली सेक्टर-एक स्थित क्लाउड नाइन टॉवर में जय अंबे इंटरप्राइजेज नाम से कार्यालय खोला था। दोनों लोगों से पासपोर्ट जमा कराकर मोटी रकम वसूलते थे। यदि कोई व्यक्ति अपने पैसे या वीजा की मांग करता था तो उसे फर्जी टिकट या फर्जी वीजा बनाकर थमा देते थे। एसीपी ने बताया कि शाहरुख ने यूटयूब से एडिटिंग का काम सीखा था। आरोपी खुद फर्जी वीजा और हवाई जहाज के टिकट प्रिंट करते थे। चार माह पहले ही दोनों ने कार्यालय खोला था, इससे पहले एक साल तक बगैर कार्यालय के ठगी करते थे। कैंसिल टिकट को एडिट कर प्रिंट निकालकर लोगों को थमा देते थे। बरामद पासपोर्ट यूपी, दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, बिहार और पंजाब में रहने वाले लोगों के हैं। ठगी की रकम शाहरुख के खाते में आती थी।

# पीएम नरेंद्र मोदी अगले साल करेंगे जेवर एयरपोर्ट का शुभारंभ, सीएम योगी ने बताया वक्त

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ अगले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जेवर के किसानों के साथ संवाद के दौरान इसकी आधिकारिक जानकारी दी। प्रथम चरण के तहत नोएडा एयरपोर्ट 1334 हेक्टेयर में विकसित हो रहा है। अब तक 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट का पहला 3900 मीटर लंबा रनवे और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) पूरी तरह तैयार है। जनवरी के अंत तक टर्मिनल का काम





पूरा होने के साथ दस एयरो ब्रिज स्थापित हो जाएंगे, जिससे यात्री टर्मिनल बिल्डिंग से विमान तक आ-जा सकेंगे। रनवे पर नौ दिसंबर को इंडिगो एयरलाइंस के एयरबस ए320 विमान ने लैंडिंग की थी। एयरपोर्ट बना रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) ने अप्रैल अंत तक उड़ान शुरू करने का दावा किया है। वहीं, अब सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह तस्वीर भी साफ कर दी है कि अप्रैल में एयरपोर्ट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही करेंगे। प्रधानमंत्री ने ही 25 नवंबर 2021 को एयरपोर्ट का शिलान्यास किया था। एयरपोर्ट पर वेलिडेशन फ्लाइट का सफल ट्रायल हो चुका है। अब अप्रैल में उड़ान शुरू करने के लिए एयरड्रोम लाइसेंस की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, जिसका प्रमाणीकरण नागरिक उड्डयन महा निदेशालय से मार्च तक मिलने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के तहत 1334 हेक्टयर यानी लगभग 3300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण बिना किसी विवाद के संपन्न हुआ।

# लागत से दोगुना टोल ले चुकी थी कंपनी, 15 साल तक और वसूली का था मंसूबा

**नोएडा, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) डीएनडी फ्लाईवे पर टोल नहीं वसूल सकती। इस फैसले से डीएनडी पर वाहन चालकों की राहत बरकरार रहेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने टोल वसूलने की अपनी शक्ति एनटीबीसीएल को सौंपकर अपने अधिकारों का अतिक्रमण किया और कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया। जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली कंपनी की अपील खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने 2016 में एनटीबीसीएल द्वारा डीएनडी पर टोल वसूली पर रोक लगा दी थी। अदालत ने कहा कि एक ऐसी कंपनी को टोल वसूली का जिम्मा दिया, जिसके पास अनुभव नहीं था। पीठ ने कहा कि आम लोगों को कई सौ करोड़ रुपये कंपनी को देने के लिए मजबूर किया गया। कोर्ट ने कहा, कंपनी ने परियोजना और रखरखाव के साथ अपने शुरुआती निवेश पर लाभ कमाया है, ऐसे में डीएनडी पर टोल की वसूली जारी रखने का कोई कारण नजर नहीं आ रहा। नोएडा को दिल्ली से जोड़ने के लिए बनाए गए डीएनडी का निर्माण करने वाली नोएडा टोल ब्रिज कंपनी ने 15 साल में ही लागत से दोगुनी कीमत वसूल ली थी। इसके बाद बाकी बचे करीब 15 साल में कई गुना मुनाफा कमाने की तैयारी थी, लेकिन उच्च



न्यायालय के आदेश पर वर्ष 2016 में ही डीएनडी टोल फ्री हो गया था। डीएनडी को बनाने में 408 करोड़ रुपये की लागत आई थी, जबकि कंपनी एक हजार करोड़ रुपये से अधिक तक कमा चुकी थी।

वर्ष 1997 तक नोएडा से सीधे दक्षिणी दिल्ली से जोड़ने के लिए कोई सीधे रास्ता नहीं था। लोग दिल्ली के मयूर विहार के सामने से होते हुए निजामुद्दीन पुल से सराये काले खां होते हुए आश्रम, लाजपत नगर की ओर आते-जाते थे। ऐसे में यमुना पर पुल बनाकर डीएनडी को बनाने की योजना तैयार की गई थी। वर्ष 2001 और इसके शुरुआती पांच-सात साल तक डीएनडी से 20-25 हजार वाहन ही दिल्ली आते-जाते थे। वर्ष 2007-08 के बाद डीएनडी पर वाहनों की संख्या में इजाफा होना शुरू हुआ। वर्ष 2016 में इस पर टोल खत्म होने तक रोजाना यहां से डेढ़ से पौने दो लाख वाहन गुजरते थे। डीएनडी को बनाने के लिए किए गए अनुबंध के दौरान ही इससे काफी कमाई करने का प्लान अफसरों ने तैयार कर लिया था। इसके अनुबंध में मुख्य रूप से एक क्लॉज 20 प्रतिशत घाटे का मूल लागत में समायोजित करते रहने का था, जो कमाई का मुख्य जरिया बनता जा रहा था। इस अनुबंध को तैयार कराने में उन अफसरों की भूमिका महत्वपूर्ण रही जो उस समय नोएडा प्राधिकरण, यूपी सरकार, दिल्ली सरकार आदि जगह कार्यरत थे और सेवानिवृत्त होने के बाद टोल कंपनी में शामिल हो गए। या किसी अन्य तरीके से फायदा लिया। इस अनुबंध को रियायती साझा समझौता का नाम दिया गया था।

## विराट कोहली का पब फिर मुश्किल में घिरा BBMP ने जारी किया नोटिस



**बंगलूरू, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का बार नई मुश्किलों में घिर गया है। बंगलूरू में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास स्थित वन 8 कम्यून पब एवं रेस्तरां को बृहत बंगलूरू महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने नोटिस दिया है। दरअसल, अग्नि सुरक्षा उपायों को लागू नहीं करके उल्लंघन करने के लिए नोटिस दिया गया है।

### यह है आरोप

सामाजिक कार्यकर्ता वेंकटेश ने अग्नि सुरक्षा उपायों में बरती जा रही लापरवाही की शिकायत निगम से की थी। इसी पर बीबीएमपी ने बार को नोटिस जारी किया। इस नोटिस में कहा गया है कि अग्नि सुरक्षा लागू नहीं की गई है। यहां तक कि अग्निशमन विभाग का प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है।

विराट कोहली के वन 8 कम्यून की दिल्ली, मुंबई, पुणे और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में ब्रांच हैं। बंगलूरू वाला पब पिछले साल दिसंबर में खुला था। यह कस्तूरबा रोड पर रत्नम कॉम्प्लेक्स की छठी मंजिल पर स्थित है, जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास ही स्थित है।

### जुलाई में मैनेजर के खिलाफ हुआ था मामला दर्ज

इससे पहले भी यह रेस्तरां चर्चाओं में आ चुका है। जुलाई में वन 8 कम्यून पब के मैनेजर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। आरोप था कि रात एक बजे बंद होने की समयसीमा के बाद भी यह बार खुला हुआ था और ग्राहकों को सर्व कर रहा था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रात में गश्त कर रहे सब-इंस्पेक्टर को खबर मिली थी कि वन 8 कम्यून बार देर रात तक चलता रहता है। जब सब-इंस्पेक्टर रात 1:20 बजे पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि बार ग्राहकों को सेवा दे रहा है। इसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि तय समयसीमा के बाद भी खुले पाए गए तीन दूसरे पबों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

## न विराट कोहली और न रजत पाटीदार ऑलराउंडर कुणाल पांड्या बनेगा RCB का नया कप्तान !



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन यानी आईपीएल 2025 का बिगुल बज चुका है. आगामी सीजन के लिए सभी टीमों ने कमर कस ली है. हालांकि, कुछ ऐसी टीमें भी हैं, जिन्होंने अब तक आईपीएल 2025 के लिए अपने कप्तान का एलान नहीं किया है. इसमें आईपीएल की सबसे चर्चित टीम आरसीबी भी शामिल है. कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि विराट कोहली आईपीएल 2025 में एक बार फिर कप्तानी संभालेंगे. हालांकि, फिर रिपोर्ट आई कि आरसीबी की कमान रजत पाटीदार को मिलेगी, लेकिन अब कप्तान को लेकर एकदम नया अपडेट सामने आया है.

आरसीबी के कप्तान को लेकर कई तरह के दावे किए जा चुके हैं. कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि विराट कोहली एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगे. वह आईपीएल 2025 में टीम के कप्तान होंगे, लेकिन इस बारे में न तो फ्रेंचाइजी ने कुछ कहा और न ही विराट कोहली ने. फिर कुछ दिन बाद एक नई रिपोर्ट सामने आई. इस बार दावे किए गए कि युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार आईपीएल 2025 में आरसीबी के कप्तान होंगे. रजत पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में मध्य प्रदेश के कप्तान थे. उनकी टीम फाइनल में भी पहुंची. ऐसे में उनके कप्तान बनने पर दावा और भी मजबूत हो गया था. आरसीबी के कप्तान को लेकर अब एक नया अपडेट सामने आया है. ताजा रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या आरसीबी के नए कप्तान होंगे.




### शिवम दुबे ने भी दिखाया दम, सूर्या फेल

कर्नाटक ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बैटिंग करने के लिए बुलाया लेकिन ये फैसला उस भारी पड़ गया. हालांकि, मुंबई ने धीमी शुरुआत की थी और चौथे ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिया था. लेकिन अंडर-19 एशिया कप में जलवा बिखरने वाले आयुष म्हात्रे और हार्दिक तैमोर ने मिलकर 141 रन की साझेदारी की. आयुष ने 82 गेंद में 78 और हार्दिक ने 94 गेंद में 84 रन बनाकर टीम को संभाला.

वहीं अंत में कप्तान अय्यर के साथ शिवम दुबे ने बाउंड्री की झड़ी लगा दी. दुबे ने महज 36 गेंद में 175 के स्ट्राइक रेट से 63 रन ठोक दिए. हालांकि, सूर्यकुमार यादव बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे. वो 16 गेंद में 20 रन ही बना सके.

# सिर्फ 50 गेंदों में शतक, श्रेयस अय्यर ने 10 छक्के जड़कर बरपाया कहर

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ठोका दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर ने भारत के घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में बल्ले से कहर बरपा दिया है. मुंबई के लिए कप्तानी करने वाले अय्यर ने कर्नाटक के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की.

उन्होंने महज 50 गेंद में शतक ठोक दिया. अय्यर ने 55 गेंदों में 114 रनों की पारी खेली, जिसमें 10 छक्के और 5 चौके जड़े. उनकी इस पारी की बदौलत मुंबई की टीम ने पहली पारी में 382 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. इसके साथ ही उन्होंने अगले साल पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अभी से टीम में दावा ठोक दिया है. शनिवार 21 दिसंबर से विजय हजारे ट्रॉफी की शुरुआत हो गई है. इसके पहले राउंड का मुकाबला चल रहा है, जिसमें 18 मुकाबले खेले जा रहे हैं. ग्रुप सी में मुंबई और कर्नाटक के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम मुकाबला खेला गया. इस दौरान श्रेयस अय्यर का तूफान देखने को मिला. मुंबई के कप्तान 30वें ओवर में नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए. तब टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 148 रन बना लिए थे. अब पारी में महज 121 गेंदें बची हुई थीं. फिर अय्यर ने छक्के और चौकों के अंबार लगा दिए. अय्यर ने पहले 31 गेंद में फिफ्टी पूरी की. फिर अगली 19 गेंद में और 50 रन बना दिए. अंतिम 5 गेंदों पर अय्यर ने 14 रन बनाए.

इस तरह उन्होंने सिर्फ 55 गेंद का सामना किया और 207 के स्ट्राइक रेट से 114 रन ठोक दिए. इस दौरान अय्यर ने सिर्फ 13 गेंद डॉट खेली. उनकी पारी में 70 प्रतिशत रन बाउंड्री से आए.

### शूटिंगः

## सुरुचि का राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में दबदबा

### 10 मीटर एयर पिस्टल में जीते तीन स्वर्ण




**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा की युवा निशानेबाज सुरुचि ने शुक्रवार को 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम किया और देश के प्रसिद्ध निशानेबाजों के बीच 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक जीते। सुरुचि ने कर्णी सिंह रेंज में सीनियर, जूनियर और यूथ तीनों वर्गों में स्वर्ण पर निशाना साधा। यह वही इवेंट है, जिसमें मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीता था।

**ओलंपियन रिदम सांगवान को पीछे छोड़ा**

झज्झर की सुरुचि क्वालिफाइंग दौर में 585 का स्कोर कर शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने सीनियर वर्ग में 243.1 का स्कोर ओलंपियन रिदम सांगवान को परास्त किया और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सीनियर वर्ग में अपना पहला खिताब जीता।। महाराष्ट्र की कृष्णाली राजपूत तीसरे स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग के फाइनल में जूनियर विश्व चैंपियन संयम ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। यहां उन्होंने 245.1 के स्कोर के साथ स्वर्ण और संयम ने रजत जीता।

**सुरुचि ने इसे जीवन का यादगार पल बताया**

यूथ के फाइनल में उन्हें यूपी की संस्कृति बाना और हांगझोऊ एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पलक से कड़ी टक्कर मिली।

यहां, संस्कृति को रजत और पलक को कांस्य मिला। पांच वर्ष पहले शूटिंग शुरू करने वाली सुरुचि ने कहा, यह उनके जीवन का सबसे यादगार पल है। उन्होंने पहली बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप का स्वर्ण जीता, लेकिन तीन स्वर्ण ने इसे और खास बना दिया।

**मनु भाकर से है नाता**

सुरुचि ने पांच साल पहले झज्जर के उसी रेंज पर अपने करियर की शुरुआत की जहां पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर ने अपने शुरुआती दिनों में निशानेबाजी सीखी थी। इस स्पर्धा में कई अनुभवी निशानेबाज भाग ले रहे थे जिनमें ओलंपियन रिदम सांगवान, एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक, अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्या टीएस और जूनियर विश्व चैंपियन सान्याम शामिल थीं। सुरुचि ने फाइनल में शुरू से लेकर आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा।

## लाखों की धोखाधड़ी मामले में आया क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का नाम, जारी हुआ अरेस्ट वारंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा एक बड़ी मुश्किल में फंसते हुए नजर आ रहे हैं। रॉबिन उथप्पा के खिलाफ लाखों के धोखाधड़ी मामले में अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। टीम इंडिया के इस पूर्व क्रिकेटर पर प्रोविडेंट फंड में घोटाले का आरोप लगा है। ईपीएफओ के आयुक्त सदाक्षरी गोपाल रेड्डी द्वारा जारी किए गए वारंट के आधार पर पुलकेशीनगर पुलिस को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।




दरअसल उथप्पा पर यह आरोप उन्ही के कंपनी के कर्मचारियों ने लगाया है। दरअसल रॉबिन उथप्पा सेंचुरीज लाइफस्टाइल ब्रांड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हिस्सेदार हैं और मैनेजमेंट का उनके जिम्मे हैं। कंपनी के कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि हर महीने कंपनी की तरफ से पीएफ के पैसे काटे गए ये ईपीएफओ अकाउंट में वह जमा ही नहीं किए हैं। यह पूरी रकम 23 लाख बताई जा रही है।

### भारतीय बैडमिंटन के लिए

# निराशाजनक रहा यह साल

- पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटे थे खिलाड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट टीम के लिए साल 2024 जहां अच्छा रहा, वहीं भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को निराशा मिली। पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इस स्पर्धा में खिलाड़ी एक भी पदक हासिल नहीं कर सके थे। यहां तक कि 2016 रियो ओलंपिक और टोक्यो 2020 में पदक जीतने वाली महिला एकल खिलाड़ी पीवी सिंधू भी पदक नहीं जीत सकी थीं, जबकि पुरुष एकल में लक्ष्य सेन कांस्य पदक हासिल करने से चूक गए थे।

### सात्विक-चिराग ने छोड़ी अमिट छाप

सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने हालांकि भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी, लेकिन यह भारतीय जोड़ी भी पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटी। सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी। लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया था। एशियाई खेलों के चैंपियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत किया। यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रही, लेकिन आठ साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया।

### सिंधू ने सैयद मोदी खिताब जीतकर सूखा समाप्त किया

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा। उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किए और महान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बंगलूरु चली गईं। लेकिन उनका टूर्नामेंट के शुरूआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ। वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टर फाइनल में मिली हार से खत्म हो गया। हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं।

### ओलंपिक पदक से चूके थे लक्ष्य

लक्ष्य सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा।

## साउथ अफ्रीका के स्टार खिलाड़ी को आईसीसी ने सुनाई सजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले दो मुकाबलों को पाकिस्तान की टीम ने अपने नाम कर लिया है। वहीं इस सीरीज में 2-0 से पीछे चल रही साउथ अफ्रीका की टीम को एक और तगड़ा झटका लगा है। दरअसल साउथ अफ्रीका के एक खिलाड़ी को आईसीसी की तरफ से फटकार लगाई गई है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि हेनरिक क्लासेन हैं।



हेनरिक क्लासेन पर गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज़ के दूसरे वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है।

क्लासेन पर लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



## चेसः ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने अमेरिका से लगाई गुहार, विश्व रैपिड चैंपियनशिप के लिए वीजा देने की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्व नंबर चार अर्जुन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) से भी उन्हें वीजा जारी कराने के लिए मदद की गुहार लगाई है। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के लिए अमेरिका ने अब तक वीजा जारी नहीं किया है और उन्होंने इसके लिए अमेरिका से गुहार लगाई है। यह चैंपियनशिप 26 से 31 दिसंबर तक न्यूयॉर्क में होने जा रही है। चैंपियनशिप में एक सप्ताह से भी कम समय बाकी होने के कारण अर्जुन ने अमेरिकी दूतावास गुहार लगाई है कि उन्हें जल्द से जल्द वीजा जारी किया जाए, जिससे वह इस चैंपियनशिप में खेल सकें। विश्व नंबर चार अर्जुन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) से भी उन्हें वीजा जारी कराने के लिए मदद की गुहार लगाई है।

# रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा खुद से किया 12 साल पुराना वादा, इसलिए ले लिया संन्यास!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 18 दिसंबर 2024 का दिन भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए जितनी राहत लेकर आया, उससे बड़ा दर्द दे गया. एक तरफ टीम इंडिया ने ब्रिसबेन टेस्ट में हार टालते हुए ड्रॉ हासिल किया. इसने टीम के साथ ही फैंस को सुकून तो दिया लेकिन इसके बाद तुरंत ही रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास का ऐलान कर पूरे देश को चौंका दिया.

भारत के महानतम स्पिनर्स और ऑलराउंडर्स में से एक अश्विन ने सीरीज के बीच में ही ये हैरान करने वाला फैसला लिया. इसके बाद से हर कोई यही जानना चाहता है कि आखिर अश्विन ने ऐसा क्यों किया? शायद इसकी असली वजह उनका खुद से किया वो वादा था, जिसे वो बरकरार रखने में सफल नहीं हो पाए.

अश्विन के संन्यास के ऐलान के बाद से ही कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं और कई रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं. एक तरफ अश्विन के पिता ने कहा कि उनके बेटे का बार-बार अपमान हो रहा था, वहीं एक रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया कि अश्विन ने कोच और कप्तान से पहले ही बोल दिया था कि अगर प्लेइंग इलेवन में उनके लिए जगह नहीं बनती तो वो बैठे रहना नहीं चाहेंगे. कप्तान रोहित शर्मा ने तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये कह दिया कि वो पर्थ टेस्ट के बाद ही संन्यास लेना चाहते थे लेकिन उन्होंने अश्विन को एडिलेड टेस्ट के लिए मनाया था. अब सच्चाई क्या है, ये तो अश्विन ही बेहतर जानते हैं और शायद यही सच अब उनकी जुबान से भी बाहर आ गया. अश्विन ने 12 साल पहले खुद से एक वादा किया था, जो इस साल टूट गया और शायद यही उनके संन्यास की वजह रही. ये वादा था भारत में फिर कोई सीरीज नहीं हारना. बीसीसीआई की ओर से अश्विन के लिए पोस्ट किए गए एक खास वीडियो में खुद अश्विन ने ये बात कही.

इस वीडियो की शुरुआत में ही अश्विन ने बताया कि 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ घर में ही एक मुश्किल सीरीज में टीम इंडिया को हार मिली थी. अश्विन ने कहा, ÷वो मेरे करियर की शुरुआत थी और मैं खुद से कह रहा था कि अब हम फिर कभी घर में नहीं हारेंगे. मैंने खुद से ये वादा किया था.

### अश्विन की आंखों के सामने टूटा ये वादा

वीडियो में इसके आगे तो अश्विन ने इस बारे में कुछ नहीं कहा लेकिन पिछले महीने ही जो हुआ, वो सच पूरी दुनिया जानती है. अश्विन खुद से किया वो वादा पूरा नहीं कर पाए. कुछ ही हफ्तों पहले टीम इंडिया को अपनी जमीन पर न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में हार मिली थी. ये सिर्फ हार नहीं थी, बल्कि 0-3 से सूपड़ा साफ होने जैसी फजीहत मिली थी. इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की सीरीज के बाद भारत की घर में ये पहली टेस्ट सीरीज हार थी और अश्विन इसका हिस्सा थे, जहां वो एकदम बेअसर साबित हुए थे. शायद इसी हार का दर्द उनके दिल में गहराई तक बैठ गया था और फिर उन्होंने ये फैसला लिया. टीम इंडिया के लिए 106 टेस्ट मैच खेलकर अपने इंटरनेशनल करियर को विराम देने वाले दिग्गज ऑफ स्पिनर अश्विन को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सिर्फ एक मैच में मौका मिला था. एडिलेड में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में अश्विन मैदान पर उतरे थे लेकिन इसके बाद ब्रिसबेन में उनकी जगह रवींद्र जडेजा को चुना गया था, जबकि सीरीज के पहले मैच में वॉशिंगटन सुंदर को तरजीह मिली थी.

## न्यूज बाइट्स

### अगलगी में पुआल राख

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड के बलिगांव गांव में परमानन्द प्रसाद के खलिहान में शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गयी। जिससे खलिहान में रखा पुआल जलकर राख हो गया। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने काफी मेहनत किया। इस बीच रफीगंज में दमकल विभाग को सूचना मिली। जानकारी मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### सामाजिक संस्था ने असहाय व गरीब के बीच बांटा कंबल

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड के फतेगंज गांव में बढ़ती ठंड को देखते हुए दिल्ली से संचालित संस्था कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच के तत्वावधान में शनिवार को कम्बल वितरण किया गया। संयोजक अनिल कुमार के देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार ने की। कार्यक्रम में डॉ. आरयू कुमार, डॉ. जेके शर्मा, डॉ. विजय नारायण, पैक्स अध्यक्ष आशुतोष कुमार उर्फ साधु, रामबाबू गुप्ता, नंदू कुमार, विजय कुशवाहा, श्रीकांत कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।कार्यक्रम में लगभग 250 असहाय लोगो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। उपस्थित अतिथियों ने लोगो के बीच कहा कि इस कड़ाके की ठंढ में असहाय लोगो के बीच कम्बल वितरण किया जाना बहुत हीं सराहनीय कदम है। जितने गरीब असहाय लोग कम्बल ओढ़ेंगे, उतनी दुआएं लोग देंगे। अतिथियो ने कहा कि इस संस्था को हमलोग प्रत्येक वर्ष ऐसे शुभ कार्य के लिए सभी तरह से पूरा सहयोग देंगे। कम्बल वितरण में फतेगंज, बहादुर बिगहा, टाल, कंचननगर, सिहाड़ी, बन्धु बिगहा सहित दर्जनों गांवों के असहाय, गरीब लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव कुमार, ऋषि कुमार, प्रिंस कुमार, नीतीश कुमार सहित अन्य लोगो का योगदान सराहनीय रहा। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर इस संस्था को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### मैथेमैटिक्स ओलंपियाड में सफल स्टूडेंट को स्कूल ने किया सम्मानित

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह के उपहारा थाना के माध्यमिक विद्यालय डड़वां के नौवीं कक्षा के छात्र कैप्टन कुमार को रामानुजम मैथेमैटिक्स ओलंपियाड में सफलता हासिल करने पर एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजमोहन राम ने की। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह सामुदायिक प्रशिक्षक अनिरुद्ध विश्वकर्मा उर्फ दिलीप कुमार शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कैप्टन कुमार ने सीमित संसाधनों में सरकारी विद्यालय में पढ़कर बेहतर प्रदर्शन किया है। यह विद्यालय और गांव के लिए गौरव की बात है। उन्होने शिक्षको से बच्चों में छिपी प्रतिभा की पहचान कर उसे निखारने की अपील की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक दिसंबर को बिहार सरकार द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण परीक्षा में उनके विद्यालय के छात्र शामिल हुए थे।

बाइक सवार दो लोगों की हालत गंभीर, मौके से वाहन चालक फरार

# वाहन की चपेट में आने से एक की मौत बाइक सवार दो लोगों की हालत गंभीर



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिले के नाराईची गांव के समीप हुए दर्दनाक हादसे में अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक युवक की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों युवक मजदूरी कर अपने घर लौट रहे थे। घटना के बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को देव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालांकि, प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायलों की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के जम्होर बाजार निवासी उदय कुमार मेहता के 25 वर्षीय पुत्र ज्योति प्रकाश वर्मा, विपुल कुमार और एक अन्य व्यक्ति के रूप में हुई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में ज्योति प्रकाश वर्मा ने दम तोड़ दिया। विपुल कुमार और एक अन्य घायल की स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना की पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों मजदूरी कर लौट रहे थे और सामने से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। मृतक के परिजन सदमे में हैं और स्थानीय लोग अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जांच शुरू कर दी है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने क्षेत्र में यातायात सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले चालक इन हादसों के मुख्य कारण बनते जा रहे हैं। प्रशासन से यह मांग की जा रही है कि इस मार्ग पर वाहनों की गति सीमा को नियंत्रित करने और नियमित जांच अभियान चलाने के लिए कदम उठाए जाएं।

## ठेले वाले ने पैसे मांगे, तो घर में घुसकर गला काटा, भाई को भी किया जख्मी



निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)

जिला के कुटुंबा थाना क्षेत्र के सिमरी कला गांव में शुक्रवार शाम को दो पक्षों के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी। इस घटना में राकेश कुमार राम एवं राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के दौरान (हसुआ) धारदार हथियार से एक पक्ष की ओर से हमला करने के दौरान राहुल कुमार का गला कट गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कुटुंबा रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां से डॉक्टरों ने राहुल और राकेश को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान राहुल कुमार ने बताया कि उनका चचेरा भाई विनोद राम और उनके अन्य परिजन रात में जब बिजली नही थी, तब एक साथ आए और धारदार हथियार से मेरे गला के ऊपर वार कर दिया। चिखने-चिलाने की आवाज सुनने पर राकेश कुमार आया। आरोपियों ने उसे भी मारकर घायल कर दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के बाद डॉक्टरों की ओर से बेहतर इलाज के लिए राहुल कुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। राहुल कुमार की हालत

### दोनों घायल समोसा-चाट का लगाते हैं ठेला

घायल राहुल के दादा सुरेश दास ने फोन के माध्यम से शनिवार की सुबह 9 बजे के आसपास जानकारी देते हुए बताया कि मेरा पोता राहुल कुमार और मेरा बेटा राकेश कुमार बिहार झारखंड के बोर्ड (टंडवा रोड) के समीप बन रहे ओवर ब्रिज के पास समोस चाट का ठेला लगाते हैं। आरोपी मुकेश और रमेश समोसा खाकर खाते में लिख लेना, कह कर चला जाता था। शुक्रवार की रात पैसा मांगने पर घर घुसकर कर लाठी डंडे एवं हसुआ से वार कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुटुंबा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़ित परिवार की ओर से कोई आवेदन शनिवार की दोपहर करीब 12 बजकर 30 तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि दूसरे पक्ष के लोग फरार हैं। हालांकि, गांव के कुछ लोगों ने घटना को लेकर प्रेम प्रसंग की भी आशंका जताई है।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कंचनपुर पहुंचे जिलाधिकारी, हुआ ग्रामीणों का पंजीकरण

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



जिले के देव प्रखंड के एरौरा पंचायत के कंचनपुर गांव में 'प्रशासन गांव की ओर अभियान' के तहत एक भव्य और महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाना और ग्रामीणों को इन योजनाओं से सीधे लाभान्वित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसमें जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में 'प्रशासन गांव की ओर अभियान' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण भारत के विकास की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार दृढ़ संकल्पित है कि हर वर्ग और हर व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई। इसके लिए अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। सामाजिक पेंशन योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना और निशक्तता पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। वहीं, बैंकिंग सेवाओं के तहत खाता खोलने और वित्तीय सहायता की सुविधाएं दी गईं। मनरेगा जॉब कार्ड धारकों के पंजीकरण से लेकर राशन कार्ड से जुड़े मामलों का समाधान भी मौके पर ही किया गया।

स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं दी गईं। शिविर में दवाओं का वितरण, खून जांच, नेत्र परीक्षण और आयुष्मान भारत कार्ड के लिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही बाल संरक्षण इकाई और शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे ग्रामीण बच्चों और महिलाओं को सीधा लाभ मिला। कार्यक्रम की खासियत यह रही कि यहां जन समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। भूमि विवाद से लेकर आवास योजनाओं तक, हर प्रकार की समस्या के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे, जहां अधिकारियों ने समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए तत्काल निर्देश दिए।

ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कलाकारों ने रोचक और प्रभावशाली तरीके से सरकारी योजनाओं के लाभ और उनके सही उपयोग को प्रस्तुत किया। यह नाटक ग्रामीणों के बीच एक विशेष आकर्षण का केंद्र बना और योजनाओं की जानकारी को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में सफल रहा।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का उपयोग करें।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति ने इसे और भी प्रभावशाली बनाया। साथ ही, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भागीदारी ने इस पहल की सफलता को रेखांकित किया।

'प्रशासन गांव की ओर अभियान' के माध्यम से कंचनपुर गांव में न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई गई, बल्कि ग्रामीणों को यह भरोसा भी दिलाया गया कि सरकार उनकी भलाई के लिए निरंतर काम कर रही है। यह कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया।

## अनुग्रह मध्य विद्यालय में मना विश्व ध्यान दिवस



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में शनिवार को प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्देश पर पहली बार विश्व ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। आज समाज में हिंसा, नफरत, ईर्ष्या एवं झगड़ों के कारण लोग गहरे मानसिक अवसाद में जी रहे हैं। इसलिए पूरी दुनिया को भारत की आध्यात्मिक शक्ति एवं ध्यान की ताकत का एहसास हुआ है।

इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी परिवार के प्रमुख दिनेश प्रसाद, करण कुमार एवं आशा कुमारी ने विद्यालय के चेतना सत्र में ध्यान करवाया एवं सरल ध्यान की विधियों को बताया। कहा कि ध्यान से बच्चों की प्रखरता एवं विद्वता बढ़ती है एवं सीखने की गति भी बेहतर होती है।बच्चों ने कई ध्यान की विधियों को कर प्रसन्नता प्रकट किए। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी ध्यान किए एवं ध्यान की महत्ता को समझा।

## डीएम ने परिवार वाद पत्रों की सुनवाई में दिखाई सख्ती, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज परिवार वाद पत्रों की सुनवाई की। यह सुनवाई प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। कुल 23 परिवार वाद पत्रों की सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार के मामले सामने आए, जिनमें दुर्घटना अनुदान, भूमि मापी, अनुग्रह अनुदान, भूमि विवाद, अतिक्रमण, धोखाधड़ी और ऋण माफी जैसे विषय शामिल थे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले को ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। विशेष रूप से, शोभा देवी, ग्राम बेलाव, थाना कलेर, जिला अरवल की दुर्घटना अनुदान से जुड़ी अपील पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को शीघ्र अनुदान राशि जारी करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार, उर्मिला देवी और अन्य ग्राम भलुआड़ी कला, थाना अंबा, अंचल कुटुंबा, जिला औरंगाबाद द्वारा भूमि मापी से संबंधित अपील पर भूमि सुधार विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए। महाराज भुईंया, ग्राम रामराज बिगहा, पोस्ट निमाआजन, प्रखंड मदनपुर द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि के भुगतान में हो रही देरी के मामले में जिलाधिकारी ने वित्त विभाग को तत्काल प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद और अतिक्रमण से जुड़े मामलों में जिलाधिकारी ने कहा कि यह मुद्दे ग्रामीण इलाकों में तनाव का मुख्य कारण बनते हैं और इनके समाधान में देरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भूमि सुधार और राजस्व विभाग के अधिकारियों को इस प्रकार के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के बाद जिलाधिकारी ने कहा, 'हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को न्याय मिले और उनकी समस्याओं का समाधान बिना किसी देरी के किया जाए। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम जनता को उनके अधिकार दिलाने का एक सशक्त माध्यम है, और इसे प्रभावी ढंग से लागू करना हमारी प्राथमिकता है। इस सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जनशिकायतों का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर शिकायत का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और समाधान की प्रक्रिया को गति प्रदान करें। जिला प्रशासन की इस पहल ने जनता में यह विश्वास जगाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सुनवाई के बाद उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी की कार्यशैली की सराहना की और आशा व्यक्त की कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। इस प्रकार, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई यह सुनवाई प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और जनता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण बनी।

### धोखाधड़ी और ऋण माफी जैसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई

सुनवाई के दौरान धोखाधड़ी और ऋण माफी से जुड़े कुछ संवेदनशील मामले भी सामने आए। जिलाधिकारी ने इन मामलों को तत्काल प्रभाव से निपटाने के लिए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के साथ धोखाधड़ी जैसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## ट्रेन से गिरे मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन के पूर्वी छोर पर घायल अवस्था में एक व्यक्ति को आरपीएफ एएसआई नितेश कुमार सिंह, सिपाही ओम प्रकाश कुमार सहित अन्य लोगों ने इलाज के लिए भर्ती करवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के नराईच गांव निवासी राजेंद्र मांझी के 40 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र भुइयां के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी सोन नगर के एएसआई लालमोहन कुमार, सिपाही बबीता देवी सहित अन्य लोग आए और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मृतक के पिता राजेंद्र मांझी ने बताया कि मेरा बेटा सूरत में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वहीं से लौट रहा था आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से गिरने के कारण इसकी मौत हो गई है।

## महावीर प्रसाद द्विवेदी के पुण्यतिथि पर साहित्यिक संवाद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार आधुनिक हिंदी साहित्य के भीष्म पितामह महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के 86वीं पुण्यतिथि पर साहित्यिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक सह उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी के संयुक्त आह्वान पर संवाद की जिम्मेवारी उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा निर्वहन की गई। उन्होंने कहा कि आधुनिक हिंदी भाषा साहित्य के उद्भव एवं विकास में महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रमुख भूमिका रही है। उनके नाम से द्विवेदी युग की शुरुआत की गई जिसमें नवोदित साहित्यकारों को एक मंच दिया गया और उस मंच के माध्यम से हिंदी भाषा को राष्ट्रीय दर्जा दिलाने के लिए क्रमिक वार्ता एवं संघर्ष को मूर्ति स्वरूप प्रदान किया गया। द्विवेदी जी साहित्यिक विधाओं के प्रणेता थे।निबंध, कहानी, उपन्यास, काव्य, रिपोर्ताज, पत्रकारिता समालोचना जितने भी क्षेत्र हैं सभी क्षेत्रों में उन्होंने विशिष्ट कार्य किए थे।वे हिंदी साहित्य के भीष्म पितामह के रूप में जाने जाते हैं। सरस्वती पत्रिका निकालकर उन्होंने कालजई कार्य किया था जिस साहित्यकार की रचना सरस्वती पत्रिका में छप जाती थी उसे प्रामाणिक साहित्यकार माना जाता था।

## अदरी बचाओ आंदोलन के प्रति मिल रहा अपार समर्थन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

अदरी बचाओ आंदोलन यात्रा आज मौलानगर, तेंदुआ, पिरौटा, रामपुर, सिमरिया, बड़वा आदि ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण की। इस दौरान ग्रामीणों ने शपथ लिया कि हम सभी अदरी पुत्र अपनी नदी को जब तक निर्मल रूप से प्रवाहित ना करवा ले तब तक हम सब का संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलन के संयोजक अनिल सिंह ने यात्रा भ्रमण करने के दौरान कई विभिन्न विषय से अवगत कराया। अदरी नदी एक झरना से निकल रही है। डुमरी, बालूगंज देव में नाला का पानी अदरी नदी में मिल रहा है और इसी प्रकार औरंगाबाद शहर का भी पूरा नाला का पानी नदी में गिराया जा रहा हैं। अदरी नदी के किनारे 120 गांव और औरंगाबाद शहर बसा है। बोरिंग करवाने पर कहीं–कहीं 1200 फीट पर पानी मिल रहा है। प्रखर वक्ता कुमार सौरभ ने इस आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि यह आंदोलन अब समाज का आंदोलन बन गया है। निश्चित रूप में सभी लोग जल संकट समस्या से ग्रसित हैं इसलिए इस आंदोलन के प्रति सभी लोगों का अपार समर्थन देखने को मिला। इसके प्रति हम सबको जागरूक होने की जरूरत है।

## पंचायत समिति की बैठक : जनसमस्याओं और विकास योजनाओं पर चर्चा

निज सं. | रफीगंज (औ.)

प्रखंड कार्यालय के बहुद्देशीय भवन में शनिवार को पंचायत समिति की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख स्नेहा सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का संचालन प्रशिक्षु बीडीओ ब्रजेश कुमार ने किया। बैठक में मनरेगा, कृषि, बाल विकास परियोजना, शिक्षा, स्वास्थ्य और पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कई जनसमस्याओं को उठाया गया और विकास योजनाओं पर सुझाव दिए गए। बैठक में सिहुली पंचायत के मुखिया यूसुफ अली खान ने आवास सहायक राहुल कुमार को अकर्मण्यता के कारण पंचायत से हटाने की मांग की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाले पोषाहार में हो रहे गबन का मुद्दा उठाया। इस पर सीडीपीओ स्नेहा सिन्हा ने जांच का भरोसा दिया। मुखिया तरन्नुम सेहर ने पंचायत सरकार भवन में सुरक्षा प्रहरी की अनुपस्थिति के कारण हो रहे नुकसान पर चिंता जताई। गम्हरिया वार्ड नंबर 5 में दो आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की शिकायत करते हुए उन्होंने कहा कि इसके कारण वार्ड नंबर 6 के लाभुक योजनाओं से वंचित हो रहे हैं।

### नए स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों की मांग

पौथु पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ने मिश्र बिगहा में प्राथमिक विद्यालय खोलने का प्रस्ताव रखा। इसी तरह, मुखिया विजय सिंह ने कुंवर बिगहा महादलित टोला में प्राथमिक विद्यालय खोलने की मांग की। दुगुल पंचायत के मुखिया नरेंद्र मिश्रा ने अपने पंचायत के वार्ड 5, 7 और 9 में आंगनबाड़ी केंद्रों की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बैंकों में केवाईसी प्रक्रिया को लेकर सवाल

बैठक में ग्रामीणों की शिकायतों पर चर्चा करते हुए यह मुद्दा भी सामने आया कि केवाईसी प्रक्रिया के दौरान ग्रामीणों को परेशान किया जाता है। सदस्यों ने मांग की कि केवाईसी फॉर्म जमा करने पर उन्हें प्राप्ति रसीद दी जाए ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता आए।

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
कामगारों के सुखी खुशहाल जीवन का वादा, समाजिक हित के साथ आर्थिक सबल बनाने को श्रम संसाधन विभाग का इरादा।

बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजनाः
बिहार राज्य के 18 से 65 वर्ष आयु वर्ग वाले प्रवासी मजदूर जो राज्य से बाहर अन्य प्रांतो या विदेशों में जीविकोपार्जन के उदेश्य से प्रवास कर रहे हैं। उन्हें दुर्घटना के फलस्वरुप स्थायी एवं अस्थायी अपंगता की स्थिति में अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। साथ ही दुर्घटना मृत्यु होने पर उनके वैध आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

अनुदान :
दुर्घटना मृत्यु की स्थिति में :- रु0 200000/- (दो लाख) मृतक के आश्रित को।
स्थायी पूर्ण अपंगता की स्थिति में :- रु0 100000/- (एक लाख)
स्थायी आंशिक अपंगता की स्थिति में :- रु0 50000/- (पचास हजार)
सभी अनुदान राशि का हस्तांतरण लाभार्थी के बैंक खाते में किया जाता है।

दुर्घटना का स्वरुपः
रेल एवं सड़क दुर्घटना, विद्युत स्पर्श घात, सर्पदंश, अग्निजलन, पेड़ या भवन का गिरना, जंगली जानवरों का आक्रमण, आंतकवादी या आपराधिक आक्रमण आदि। स्वयं से लगाया गया चोट एवं आत्महत्या, नशे के कारण लगा चोट और मृत्यु एवं आपराधिक गतिविधियों में हुये क्षति और मृत्यु इस योजना के अंतर्गत नहीं शामिल किया जायेगा।

प्रक्रियाः
अनुदान लेने हेतु आवेदक स्वयं अथवा उनके आश्रित बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत RTPS Counter अथवा Online Portal के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक मे श्रम अधीक्षक के माध्यम से जिलाधिकारी द्वारा आवेदन स्वीकृत किया जाता है। सभी जिले के श्रम अधीक्षक योजना के प्रभारी पदाधिकारी होते हैं।
आवेदन का निपटारा 44 दिनों में किया जाता है।

श्रम संसाधन विभाग,
राज्य के सभी कामगारों के हितार्थ निरंतर क्रियाशील।

/BiharLabourResourcesDept /@LRD_Bihar #BiharGovtInitiative
PR. No. 015014 (Labour)D. 2024-25